आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 26°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

यूपी में विश्व की जानी-मानी यूनिवर्सिटी के कैंपस खोले जा सकेंगे

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 19 दिसंबर, 2024 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 68 | www.janexpresslive.com/epaper



केजरीवाल का बुजुर्गों को तोहफा... 12

# अंबेडकर पर संसद में हंगामा

## राज्यसभा में जय भीम और माफी मांगो के नारे, बीजेपी बोली, 10 सेकेंड की क्लिप दिखाकर विवाद, धनखड़ बोले, मैंने भी 2 बार देखा, गलत नहीं

- कांग्रेस ने वर्षों तक अंबेडकर और एससी-एसटी समुदाय को अपमानित किया: नरेन्द्र मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अमित शाह की संसद में अंबेडकर पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने कहा कि शाह ने अंबेडकर का अपमान किया। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि अगर संविधान ग्रंथ है तो अंबेडकर भगवान हैं। कांग्रेस ने शाह के इस्तीफे की मांग की है। इन बयानों के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को जवाब दिया। मोदी ने एक्स पर 6 पोस्ट किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अब अंबेडकर पर नाटक कर रही है। पंडित नेहरू ने चुनाव में अंबेडकर के खिलाफ प्रचार किया था। उन्हें भारत रत्न देने से कांग्रेस ने इनकार किया। एससी-एसटी पर सबसे ज्यादा नरसंहार कांग्रेस के शासन काल में हुए हैं।



### अमित शाह के बयान के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर के साथ हमेशा अन्याय किया। कांग्रेस की वजह से अंबेडकर को कैबिनेट से इस्तीफा देना पड़ा। इस पर कांग्रेस नेताओं ने शाह के बयान को अपमानजनक बताते हुए माफी की मांग की। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने संसद के गेट पर प्रदर्शन किया।

### 'कांग्रेस ने अंबेडकर की विरासत मिटाने की गंदी चाल चली'

मोदी ने कहा, अगर कांग्रेस और उसके सड़े हुए इकोसिस्टम को लगता है कि वे झूठ बोलकर उनके ही कुकर्मों को छिपा सकते हैं तो वे गलतफहमी में हैं। भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि कैसे एक वंश के नेतृत्व वाली एक पार्टी ने डॉ. अंबेडकर की विरासत को मिटाने और एससी/एसटी समुदायों को अपमानित करने के लिए गंदी चाल चली है। शाह ने अंबेडकर का अपमान करने और एससी/एसटी समुदायों की अनदेखी करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया। यही कारण है कि कांग्रेस अब नाटक कर रही है, लेकिन लोग सच्चाई जानते हैं। कांग्रेस चाहे जितनी कोशिश कर ले, लेकिन वे इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि एससी/एसटी समुदायों के खिलाफ सबसे भयानक नरसंहार उनके शासन में हुए हैं।

### 'कांग्रेस ने गृह मंत्री के भाषण में कट पेस्ट किया'

भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा, गृह मंत्री अमित शाह का कल का भाषण ऐतिहासिक था। कांग्रेस ने इसे कट-पेस्ट किया और गलत सूचना फैलाई। कांग्रेस ने बाबासाहेब को दो बार हराया। बाबासाहेब ने उनके गलत आचरण के कारण इस्तीफा दे दिया था। बाबासाहेब का विरोध करने वाले आज वोट की राजनीति के लिए उनका नाम लेकर गलत सूचना फैला रहे हैं।

### 'वन नेशन वन इलेक्शन बिल देश में तानाशाही लाएगा'

आप सांसद संजय सिंह ने कहा, वन नेशन वन इलेक्शन बिल देश में तानाशाही लाएगा। तोड़फोड़ से सरकारें बनेंगी। अगर नेताओं को चुनाव में जाना है तो उनके मन में डर है – वे महंगाई कम करते हैं और जनहित में फैसले लेते हैं। लेकिन जब 5 साल में चुनाव में जाने का डर नहीं रहेगा तो वे मनमानी करेंगे।

### 'वोट बैंक के लिए बाबा साहेब का नाम लेना निंदनीय

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- बाबा साहेब अंबेडकर के जीवित रहते कांग्रेस ने उनका कितना अपमान किया। कांग्रेस ने कितने सालों तक उन्हें भारत रत्न नहीं दिया था। 1952 में कांग्रेस ने षडयंत्र के तहत बाबा साहेब को चुनाव में हरवाया। भीमराव अंबेडकर जैसे आदमी को हराकर इन्होंने देश के साथ खिलवाड़ किया है। आज ये उनका नाम लेकर छल कपट कर रहे हैं। मैं एक बौद्ध हूं, मैं बाबा साहेब के रास्ते पर चलता हूं। मोदी जी ने एक बौद्ध को कानून मंत्री बनावाया था। ये लोग ढोंग कर रहे हैं, बाबा साहेब का नाम वोट बैंक के लिए लेना निंदनीय है।



### अंबेडकर पर विवाद की वजह शाह का बयान

दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है। अम्बेडकर, अम्बेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

### कांग्रेस के 5 बयान, शाह की टिप्पणी को अंबेडकर का अपमान बताया

1 **मल्लिकार्जुन खड़गे**: भाजपा और आरएसएस तिरंगे के खिलाफ थे। उनके पुरखों ने अशोक चक्र का विरोध किया। खड़गे ने कहा कि संघ परिवार के लोग पहले दिन से भारत के संविधान के बजाय मनुस्मृति को लागू करना चाहते थे। आंबेडकर ने ये नहीं होने दिया।

2 **जयराम रमेश**: शाह को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। नफरत इतनी है कि उन्हें अंबेडकर के नाम से भी चिढ़ होती है। ये वही लोग हैं जिनके पूर्वज बाबा साहब के पुतले जलाते थे। डॉ. अंबेडकर भगवान के बराबर हैं और उनके द्वारा बनाया गया संविधान दुनियाभर के करोड़ों लोगों के लिए पवित्र ग्रंथ है।

3 **केसी वेणुगोपाल**: डॉ. अंबेडकर के प्रति भाजपा की घृणा हमेशा से जगजाहिर थी। गृह मंत्री के बयानों से यह और भी पुख्ता हो गया है कि वे डॉ. अंबेडकर से कितनी नफरत करते हैं। मनुस्मृति के उपासकों के मन में अंबेडकर के प्रति हमेशा घृणा रहेगी, जिन्होंने जातिवादी आरएसएस को खारिज कर दिया था।

4 **गौरव गोगई**: मुझे लगता है कि केंद्रीय गृह मंत्री ने अंबेडकर के बारे में बहुत अपमानजनक तरीके से बात की है। यह दर्शाता है कि शाह डॉ. अंबेडकर का सम्मान नहीं करते हैं।

5 **इमरान मसूद**: कल अमित शाह ने आपत्तिजनक बयान दिया। मैं हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि किसी की भक्ति को ठेस न पहुंचाएं। अंबेडकर ने देश के दबे-कुचले और वंचित वर्ग को अधिकार दिलाए। उन्होंने संविधान के रूप में हमें सुरक्षा कवच दिया।

### भाजपा बोली, कांग्रेस के पेट में दर्द क्यों

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- कांग्रेस ने कभी डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का सम्मान नहीं किया, उन्हें हमेशा नीचा दिखाने की कोशिश की। कल सदन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अंबेडकर और दलित समाज के प्रति जब अपनी बात रखी तो कांग्रेस के पेट में दर्द होना शुरू गया। शिवराज सिंह ने कहा- कांग्रेस की सच्चाई अब देश जान रहा है तो कांग्रेस भयभीत हो रही है। चिंतित है कि उनकी बची-खुची जमीन भी छिनने जा रही है। कांग्रेस जवाब दे, राहुल जी, सोनिया जी और खड़गे जी जवाब दें, उन्होंने कब बाबा साहब और उनकी भावनाओं का सम्मान किया?

### क्या अब अंबेडकर का नाम लेना भी अपराध हो गया: खड़गे

राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, जब अमित शाह अंबेडकर के बारे में बात कर रहे थे, तो उन्होंने कहा आप लोग 100 बार अंबेडकर का नाम लेते हैं, अगर आपने इतनी बार भगवान का नाम लिया होता, तो आप 7 बार स्वर्ग गए होते। इसका मतलब है कि बाबा साहेब अंबेडकर का नाम लेना अपराध है और उनका इरादा बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान का विरोध करना था। मैं उनके इस्तीफे की मांग करता हूं।

# अयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए दी गई जमीन वापस ली जाए

**सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को आवंटित की गई जमीन पर कोई निर्माण होता न देख एक भाजपा नेता रजनीश सिंह ने मुख्यमंत्री से मस्जिद के लिए आवंटित की गई जमीन वापस लेने की मांग की है**

- तर्क दिया, मुस्लिम समुदाय द्वारा मस्जिद निर्माण के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है
- आरोप लगाया कि उनका इरादा वहां मस्जिद बनाने का कभी नहीं था, बल्कि मस्जिद के बहाने कलह को कायम रखना था

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

अयोध्या में राम मंदिर के एवज में मस्जिद निर्माण के लिए अयोध्या में सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को आवंटित की गई जमीन पर कोई निर्माण होता न देख एक भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से मस्जिद के लिए आवंटित की गई जमीन वापस लेने की मांग की है। भाजपा नेता रजनीश सिंह ने 10 दिसंबर को मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद से, ÷मुस्लिम समुदाय द्वारा मस्जिद निर्माण के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका इरादा वहां मस्जिद बनाने का कभी नहीं था, बल्कि मस्जिद के बहाने कलह को कायम रखना था। सिंह ने आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में अयोध्या में सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को आवंटित भूमि का उपयोग मस्जिद के जिम्मेदार व्यक्तियों द्वारा अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय का इरादा कभी भी मस्जिद का निर्माण करने का नहीं था, बल्कि मस्जिद की आड़ में अशांति और अव्यवस्था को जीवित रखना था। हालांकि, आपके नेतृत्व के कारण यह संभव नहीं हो पाया है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कि नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद की कोई आवश्यकता नहीं है, मुख्यमंत्री से अपील की कि वे अयोध्या मस्जिद ट्रस्ट के अधिकारियों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में भूमि का उपयोग करने के लिए सख्त निर्देश जारी करें। सिंह ने कहा कि यदि ऐसा करने में असमर्थता हो तो भूमि का दुरुपयोग रोकने के लिए उसे सरकार को वापस करने के निर्देश जारी किए जाएं। सिंह ने कहा, मुस्लिम समुदाय केवल इस मस्जिद के माध्यम से बाबर की विरासत को संरक्षित करना चाहता है और बाबरी मस्जिद के नाम पर हिंदू भावनाओं से छेड़छाड़ करना चाहता है।

### मस्जिद के लिए पाँच एकड़ का वैकल्पिक भूखंड दिया गया था

9 नवंबर, 2019 को, एक सदी से भी ज़्यादा पुराने एक विवादित मुद्दे को सुलझाते हुए, तत्कालीन सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पाँच जजों की बेंच ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ़ कर दिया , जहाँ 16वीं सदी की बाबरी मस्जिद हुआ करती थी। इसने यह भी फैसला सुनाया कि पवित्र शहर में मस्जिद के लिए पाँच एकड़ का वैकल्पिक भूखंड दिया गया था। बाद में सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने जिले के धन्नीपुर क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर एक नई मस्जिद बनाने के लिए इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन का गठन किया था।

### 2022 में ताजमहल पर दायर की थी याचिका

2022 में सिंह ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दावा किया कि ताजमहल मकबरा भगवान शिव को समर्पित एक प्राचीन मंदिर है और इसे तेजो महालय के नाम से जाना जाता है।

# लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत, प्रदर्शन के दौरान पुलिस से भिड़ंत में गंभीर चोटें आईं




**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान एक दुखद घटना घटी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता संभल हिंसा, बहराइच हिंसा समेत अन्य मुद्दों को लेकर विधानसभा घेराव की कोशिश कर रहे थे, तभी एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग और नुकीली कीलों के साथ भारी सुरक्षा इंतजाम किए थे। इसी दौरान, एक कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पांडे, जो गोरखपुर से लखनऊ प्रदर्शन में शामिल होने आए थे, गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं में भारी गुस्सा

प्रभात पांडे की मौत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश फैल गया है। शव को सिविल अस्पताल में रखे जाने के बाद कार्यकर्ताओं की भीड़ वहां जुटने लगी है, और कांग्रेस नेताओं ने पुलिस और सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। कांग्रेस का आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई के कारण ही कार्यकर्ता की जान गई, और पार्टी ने मृतक कार्यकर्ता के लिए न्याय की मांग की है।

### अजय राय समेत कई कांग्रेसी नेताओं की गिरफ्तारी, पुलिस ने किया कड़ा विरोध

इससे पहले, यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने विरोध को नियंत्रित करने के लिए कई बसें खड़ी कर दी थीं और ऊंची बैरिकेडिंग की व्यवस्था की थी, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी दफ्तर से बाहर नहीं आ सके। जैसे ही कांग्रेसी कार्यकर्ता बाहर निकले, पुलिस ने उन्हें भी हिरासत में ले लिया। इस घटना के बाद कांग्रेस पार्टी ने अपनी निराशा और आक्रोश व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है।

# घूसखोरी पर घमासान: इमोशनल कार्ड खेल रहे शिक्षा मंत्री



कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, (फाइल फोटो )

**जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित**

**राज्य मुख्यालय।** प्राविधिक शिक्षा विभाग में घोटाले के आरोपों से घिरे योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल इमोश्नल कार्ड खेल रहे हैं। मंत्रीजी ने सोशल मीडिया पर घूसखोरी के आरोपों के जवाब में, इसे अपनी राजनीतिक हत्या करने की साजिश करार देते हुए साफ शब्दों में कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर तुरंत इस्तीफा देने को तैयार हैं।

### गरमाई राजनीति , मंत्रीजी बोले सांस को आंच क्या

अपना दल सोनेलाल के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल की घूसखोरी कांड को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। इस दौरान मंत्रीजी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि कि सांच को आंच क्या! मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अगर जरूरी समझें तो आरोपों की सीबीआई जांच करा लें। बतौर मंत्री मेरे कार्यकाल में लिए गए एक-एक निर्णय की सीबीआई से जांच से भी परहेज नहीं है।

### साजिशों के जाल बुनते रहिए, मैं डरने वालों में नहीं हूं

मंत्रीजी ने धरना दे रहीं पल्लवी पटेल पर किसी बाहरी व्यक्ति के इशारों पर खेलने का आरोप लगाते हुए कहा कि साजिशों के जाल बुनते रहिए, मैं डरने वालों में नहीं हूं। उन्होंने कहा कि जो उस समय देर रात राज्य के सबसे सुरक्षित परिसर विधानसभा में मौजूद दो लोग कौन थे, जहां सदन की कार्यवाही खत्म होने के बाद परिंदा भी पर नहीं मार सकता? किस पुलिस अधिकारी ने सारे नियमों को ताक पर रख कर इन्हें विधानसभा परिसर में आने की अनुमति दी?

### विभाग के छोटे अधिकारी चरित्र हनन में जुटे

मंत्रीजी यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपनी ही सरकार पर सवाल उठा दिए। कहा कि 1700 करोड़ के बजट वाले राज्य के सूचना विभाग का काम प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अगुवाई वाली सरकारों की नीतियों, कार्यक्रमों की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचाने की है। हालांकि विभाग के छोटे अधिकारी इसका उपयोग कर अपनी ही सरकार के मंत्रियों के मान मर्दन और चरित्र हनन में जुटे हैं। क्या इनका काम मंत्रियों पर झूठे आरोपों को रोकने के बजाय शह देना और अधूरे तथ्यों को उपलब्ध कराकर भ्रम पैदा कर खिलाफ में खबरें छपवाना है?

### मुकाबला करना मेरी फितरत में है

एक्स पर ताजा पोस्ट में एक बार फिर मंत्री आशीष पटेल ने घूसखोरी के आरोपों पर बड़ा बयान दिया। कहा कि, मैं माननीय विधायक योगेश वर्मा नहीं हूं, जो थप्पड़ खाने और अपमानित होने के बावजूद किसी मजबूरी में चुप रह गए। मैं सरदार पटेल का वंशज हूं। डरना नहीं मुकाबला करना मेरी फितरत में है। कोई कंकड़ फेंकेगा तो जवाब पत्थर से मिलेगा।

### एक पद के लिए 25 लाख रुपए घूस लेने का आरोप

अपना दल (कमेरावादी) की विधायक पल्लवी पटेल ने प्राविधिक शिक्षा विभाग में घोटाले का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा भर्ती 2017 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से उत्तर प्रदेश चयन सेवा आयोग के तहत होती है लेकिन अभ्यर्थियों की हक को मारकर पदोन्नति के आधार पर पद भर दिए गए। प्रत्येक व्यक्ति से 25-25 लाख रुपये की उगाही की गई। विभाग ने पदोन्नति से 250 प्रवक्ताओं की भर्ती की।

### क्या बीजेपी के साथ बगावत करेंगे आशीष पटेल

मंत्रीजी पर लगे आरोपों के बीच राजनीतिक गलियारें में यह चर्चा भी चल रही है कि आशीष पटेल बीजेपी से बगावत कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो कहीं न कहीं यह बीजेपी के लिए किसी झटके से कम नहीं होगा। क्यों कि उनकी छवि एक महत्वपूर्ण नेता के रूप में रही है। हालांकि यह महज कयास हैं। आगे क्या होता है, यह समय के गर्त में हैं। खैर जो भी लेकिन यह तो तय है कि घूंसखोरी का यह मामला दूर तक जाएगा...।

# मां गंगा की तीन धारा को एक धारा में प्रवाहित कर भगीरथ बना योगी सरकार का सिंचाई विभाग

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

- संगम नोज पर श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में स्नान की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ एक धारा में प्रवाहित हो रहीं मां गंगा
- शास्त्री ब्रिज से लेकर संगम नोज तक विभिन्न कारणों से अपने मूल स्वरूप से भटक गई थीं मां गंगा
- सीएम योगी के निर्देश पर तकनीक और विशेषज्ञों की मदद से लौटा मां गंगा का वास्तविक स्वरूप, पहले भी एक ही धारा में बहती थीं मां गंगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिव्य और भव्य महाकुम्भ को आयोजित कराने के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने अपनी कड़ी मेहनत से जो सफलता प्राप्त की है, वह सचमुच में भगीरथ प्रयास की याद दिलाती है। अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए घोर तपस्या करके भगीरथ मां गंगा को धरती पर लेकर आए थे। वहीं वर्तमान में विभिन्न कारणों से अपने प्राकृतिक स्वरूप से तीन धाराओं में बँटी मां गंगा को एक धारा में प्रवाहित करके सिंचाई विभाग ने %भगीरथ% की भूमिका निभायी है। प्रयागराज में शास्त्री ब्रिज से लेकर संगम नोज तक मां गंगा तीन धाराओं में विभाजित हो गई थीं, जिससे न केवल पवित्रता प्रभावित हो रही थी, बल्कि महाकुम्भ के आयोजन में भी कठिनाइयां आ रही थीं। ऐसे में दोबारा एक धारा में प्रवाहित कर मां गंगा को वास्तविक स्वरूप प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ को दिव्य-भव्य आयोजित कराने एवं श्रद्धालुओं को संगम पर सुगम स्नान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिये थे। ऐसे में महाकुम्भ में आने वाले करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए संगम नोज पर तीन धाराओं में बह रहीं मां गंगा को एक धारा में प्रवाहित करने की रणनीति तैयार की गयी। इससे मां गंगा के तट पर ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को एक साथ स्नान की सुविधा मिलने के साथ पहली बार तीन अलग-अलग जगह स्नान की जगह एक ही स्थान पर स्नान की सुविधा मिलेगी। मेले की सुचारू व्यवस्था के लिए गंगा नदी के प्रवाह को एकरूप करना बहुत आवश्यक था। शास्त्री ब्रिज से लेकर संगम नोज तक मां गंगा तीन धाराओं में बटी हुई थी, जिससे मेला क्षेत्र सीमित और अव्यवस्थित होता जा रहा था। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस चुनौती से निपटने के लिए मां गंगा की बायीं और दायीं धाराओं को एक प्रवाह में लाने की योजना बनाई गई।



### आईआईटी गुवाहाटी की विशेषज्ञ टीम की मदद से मूल स्वरूप में लौटीं मां गंगा

योजना को साकार करने के लिए आईआईटी गुवाहाटी के विशेषज्ञ टीम की मदद ली गई। सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर संगम क्षेत्र के मां गंगा प्रवाह के विस्तार के लिए तीन विशाल ड्रेजिंग मशीनों को लगाया गया है। शुरुआत में मां गंगा का तेज प्रवाह और ऊंचा जल स्तर इस कार्य में सबसे बड़ी बाधा साबित हो रहा था। इससे ड्रेजिंग मशीनों को तेज धारा में स्थिर रखना और नदी की दोनों धाराओं को बीच की धारा में मिलाना कठिन हो रहा था। इस पर शास्त्री ब्रिज के पास तीनों ड्रेजरों को अलग-अलग बिंदुओं पर लगाया गया। इसके साथ ही मेला क्षेत्र को विस्तार देने के लिए बालू की आवश्यकता थी। काम के दौरान मां गंगा की प्रबल धारा के कारण भारी-भरकम ड्रेजिंग मशीनें बार-बार अस्थिर हो रही थीं। डिस्चार्ज पाइप मुड़ जाते और मशीनों को नियंत्रित करना कठिन हो जाता। टीम ने इन चुनौतियों का सामना करने के लिए बड़े एंकरों और पॉंटून ब्रिज का सहारा लिया। मोटे रस्सों का उपयोग कर ड्रेजरों को नदी के किनारों से स्थिर रखा गया।

### करीब 22 हेक्टेयर अतिरिक्त जगह मिली, एक साथ स्नान कर सकेंगे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

वहीं ड्रेजिंग कार्य तीन शिफ्टों में युद्धस्तर पर किया गया। जब तेज प्रवाह के कारण एक ड्रेजर का स्पड (समर्थन पिन) क्षतिग्रस्त हो गया और दूसरा किनारे की ओर धकेल दिया गया, तब भी टीम ने धैर्य नहीं खोया। उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन और टीम के दृढ़ संकल्प से कार्य लगातार प्रगति करता रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सलाह पर चौथे ड्रेजर को तैनात किया गया, जिससे कार्य की गति और गुणवत्ता में सुधार हुआ। अंततः अथक परिश्रम और समर्पण से गंगा की तीन धाराओं को एक प्रवाह में समाहित कर दिया गया। संगम क्षेत्र का सर्कुलेशन एरिया अब पहले से कहीं अधिक विस्तृत और सुव्यवस्थित है। वर्तमान में मां गंगा के एक धारा में प्रवाहित होने से मेला क्षेत्र को करीब 22 हेक्टेयर अतिरिक्त जगह मिली है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ एक जगह पर स्नान कर सकेंगे। इस जगह को समतल करने के लिए पांच लाख मीट्रिक टन बालू की व्यवस्था की गयी।

# बोले सपा प्रदेश अध्यक्ष, संविधान बचाना है तो संघर्ष करना होगा

■ प्रदेश अध्यक्ष ने पीडीए संवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि किया सम्बोधित

**जन एक्सप्रेस । उरई**

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम पाल ने आज पीडीए संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि संविधान बचाना है तो संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि सपा के लोग घर घर जाकर बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने की बात कहे। कहा कि अगर संविधान और लोकतंत्र को बचाना है तो पीडीए को मजबूत बनाना होगा। क्युकी पीडीए ने योगी की नींद में दखल पैदा किया है। पीडीए के लोग हर मुश्किल और यातनाओं को झेल कर अपने वोट से मुंह तोड़ जवाब बीजेपी सरकार को 2027 में देंगे। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार जाति जनगणना भी नहीं कराना चाहती है। जबकि सपा जाति जनगणना को लेकर लड़ाई लड़ रही है। जहां समाजवाद और सामाजिक न्याय की बात आएगी। वहां पर पीडीए फॉर्मूला काम करेगा। जब हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मंदिर गए तो मंदिर को पानी और गौ मूत्र से धुलाया गया था। सपा संविधान को बढ़ाने वाली पार्टी भाजपा सरकार पर न केवल सीधा हमला बोला बल्कि समाजवादी पार्टी को संविधान बढ़ाने वाली पार्टी बताया। कहा कि जैसे ही बुंदेलखंड के लोगो ने लोकसभा चुनाव मे बुंदेलखंड की तीन सीटे जिताकर मान बढ़ाया है। ऐसे ही आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी मे जुटकर प्रदेश मे पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएं। उन्होंने मौजूद महिलाओ और कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि 2027 मे सपा कि सरकार बनी तो प्रदेश मे रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दो हजार रूपये महीना दिया जाएगा। जिससे सभी लोग अपने बच्चों को अच्छी पढ़ाई करा सके। इसके अलावा उन्होंने महिलाओ को समाजवादी पेंशन व छात्राओं को कन्या विद्या धन बीस हजार देने की बात कहीं। इसके बाद उन्होंने शहर के समाजसेवी दीपेश अग्रवाल, चेतन अहिरवार को सपा की सदस्यता दिलाई। इससे पहले बुंदेलखंड प्रभारी समरथ पाल, पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष महेश कश्यप ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। वही आये हुए लोगो का सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने आभार जताया। इस दौरान पूर्व मंत्री श्रीराम पाल, पूर्व मंत्री हरीओम उपाध्याय, पूर्व मंत्री दयाशंकर बर्मा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चंद्रवती बर्मा, कसान सिंह राजपूत, बीरपाल दादी, आंनद यादव, कृष्ण गोपाल यादव, सुरेंद्र बजारिया, प्रदीप दीक्षित, राघवेंद्र सिंह, रामेंद्र त्रिपाठी, गौरीश द्विवेदी, अजहर बेग, इदरीश हमीरपुर, महेश द्विवेदी, मुन्ना अंसारी, प्रताप यादव, जुबेर खान, जीवन बाल्मिक, रश्मि पाल, कुसुम सक्सेना, गुड्डी पटेल आदि सपाई मौजूद रहे।



## दो छात्राओं के गायब होने से मचा हड़कंप, सकुशल घर लौटी छात्राएं

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर के एक शिक्षण संस्थान से दो छात्राओं के गायब होने के मामले को लेकर विद्यालय के बाहर काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा, लेकिन कई घण्टो के बाद दोनों छात्राओं के सकुशल वापिस लौटने से पुलिस, विद्यालय तथा परिजनों ने राहत की सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के एक बालिका इंटर कालेज की कागजीपुरा तथा उदनपुरा निवासिनी छात्रा कक्षा 10 में पढ़ती थी, जो बुधवार को दोनों छात्राएं विद्यालय के लिए घर से निकली थी। बताते हैं कि विद्यालय से दोनों छात्राएं अचानक गायब हो गई। छात्राओं के गायब होने की खबर से अभिभावकों में हड़कम्प मच गया। देखते ही देखते विद्यालय गेट के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक तथा टरननगंज चौकी इंचार्ज रणधीर सिंह मौके पर पहुँचे तथा घटना की जानकारी ली। बताते हैं कि कई घँटों के बाद दोनों छात्राएं अपने-अपने घरों में वापिस लौट आई। दोनों छात्राओं के सकुशल लौटने पर पुलिस, विद्यालय स्टाफ तथा परिजनों ने राहत की सांस ली है।

# किसान दिवस में डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिसमें डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसान दिवस में किसानों ने जिलाधिकारी को समय से नहरों का संचालन कराने, सिंचाई के लिए विद्युत की निरंतर सप्लाई करने, अन्ना गौवंशों को संरक्षित कराने, बन्दर एवं नीलगाय के नियंत्रण के लिए प्रबन्ध करने, यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराने, अधिगृहित भूमि का मुआवजा दिलाने सहित अन्य समस्याएं बताई। इस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय किसानों की समस्या का समाधान कर अवगत कराने के निर्देश दिए। किसान दिवस में केवीके गनीवां के वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार के द्वारा मौसम, फसल में खरपतवार के निस्तारण एवं फसल सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए विगत किसान दिवस में उठायी गयी समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप कृषि निदेशक राजकुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत एसएम कश्यप, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एम एल धर्माने, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, एआर कॉपरेटिव राजकुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा, तुलसीराम, राजकुमार, देवेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, राज किशोर, जसवंत सिंह, नीलकण्ठ द्विवेदी, उदयनारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने शीत लहर को लेकर अलाव की परखी व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस । उरई**

शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए डीएम राजेश कुमार पाण्डेय देर रात शहर के जिला अस्पताल, शहीद भगत चौराहा, रेलवे स्टेशन उरई व कोंच नगर पहुंचे। जहां उन्होंने मारकंडेश्वर तिराहा पर नगर पालिका द्वारा जलाए जा रहे अलाव की व्यवस्था हकीकत जानी, जो सुचारू रूप से प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे। इसके बाद उन्होंने कोंच रेलवे स्टेशन जाकर रात्रि के समय आने वाली ट्रेन के यात्रियों से बात की। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के बाहर जल रहे अलाव की भी व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने सीएचसी में पहुंचकर मरीजों से वार्ता कर हाल जाना। साथ ही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में गंदगी मिलने पर त्वरित साफ सफाई कराई गई तथा सफाई व्यवस्था को दुरस्त रखने के निर्देश दिए। मरीजों के तीमारदारों से बात करते हुए उन्हें कंबल का भी वितरण किया। कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश है कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में न सोने पाए। इसके लिए एसडीएम सम्बंधित अधिकारियों द्वारा निरंतर सर्दी को देखते हुए, निरीक्षण करते रहें। उन्होंने कहा कि रैन बसेरा व आश्रय शेल्टर होम में खुले आसमान में सोने वाले व्यक्तियों के लिए व्यवस्था की गई। सभी जगह रेन बसेरे बनवाए गए है, साथ ही अलाव भी नगर पालिका और प्रशासन की तरफ से जलवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, कोंच एसडीएम ज्योति सिंह, तहसीलदार जितेंद्र कुमार पटेल, ईओ नगर पालिका उरई राम अचल कुरील, पवन कुमार मौर्य कोंच, सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## डीएम ने लिया ईको पार्क के विकास कार्यो का जायजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को लगभग 11 करोड़ की लागत से जनपद के गणेश बाग में निर्माणाधीन पार्क श्रीराम वाटिका इको पार्क के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निर्माणाधीन श्रीराम वाटिका इको पार्क में चिल्ड्रन पार्क, लाईटिंग, जॉगिंग, बाउंड्री वॉल से आच्छदित एवं प्राकृतिक सौंदर्य आदि सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने कार्य दाई संस्था को निर्देशित किया कि कार्यों में मैनपॉवर बढ़ाकर प्रगति कराएं। कहा कि शासन की मंशानुरूप कार्य गुणवत्ता पूर्ण होने चाहिए। इसमें किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए, अन्यथा सम्बन्धित कार्यदाई संस्था के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर साइड इंचार्ज मनीष मोदी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षक समस्याओं के निराकरण को लेकर बीएसए से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ.प्र. जनपद इकाई जालौन (प्रा.सं.) का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु बीएसए चंद्र प्रकाश से मिला व 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। जिसमें शिक्षकों के वेतन बहाली के प्रार्थना पत्र कार्यालय में लंबित पड़े हैं, उनको बहाल करने, जिन शिक्षक/शिक्षिकाओं की अस्थाई/स्थाई वेतनवृद्धि व प्रतिकूल प्रविष्टि के प्रकरण आपके कार्यालय या उच्च स्तर पर लंबित हैं, उनको शीघ्र निस्तारित कराने, मानव सम्पदा पोर्टल पर शिक्षकों के अवकाश आदि विवरणों में संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रारूप सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से आपके कार्यालय में भेजे गए हैं, जो कि महीनों से लंबित पड़े हैं। प्रार्थना पत्रों को संज्ञान में लेकर शीघ्र संशोधन कराने, एडेड विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की एसीपी की जो पत्रावलियां कार्यालय में लंबित हैं, आगामी बैठक में सभी की एसीपी स्वीकृत करने, शिक्षामित्रों/अनुदेशकों/रसोइयों के मानदेय का भुगतान समय से कराने की मांग की गई। बीएसए द्वारा समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव, राकेश कुमार, राजदेवर, उपेन्द्र शर्मा, पवन सोनी, आशीष कुमार, प्रियंका सोनी, संतोष जाटव, मनोज कुमार, संतोष पाण्डेय, राजपाल, गिरीश नन्दन आदि मौजूद रहे।



## लापता युवक का झाड़ियों में शव मिलने से फैली सनसनी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** नदीगांव थाना क्षेत्र की झाड़ियां में आठ दिन से लापता युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने दो लोगों पर घर से लिवा ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने पूरे मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोंच नगर के मोहल्ला आराजी लाईन निवासी वकील 37 वर्ष खाना बनाने का काम करता था। जो बीते करीब आठ दिन पहले अपने साथियों के साथ कहीं खाना बनाने गया था। समय रहते घर न पहुंचने पर परिजनों को उसकी चिन्ता हुई और उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद कुछ पता न चलने पर परिवार के लोगों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। वुधवार को गिदवासा के समीप जंगल में चरवाहों ने झाड़ियों में युवक का शव पड़ा देखा और तत्काल सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त होने के बाद खबर उसके परिजनों को दी। लापता पुत्र की मौत होने की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों का आरोप है कि मोहल्ले के ही अख्तर व ताहिर उसे घर से खाना बनाने के लिए लिवा ले गए थे। फिलहाल थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# अवैध लकड़ी रोकने के लिए वन विभाग ने चलाया छापामार अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

वन क्षेत्र से लकड़ी की अवैध कटान करके बाजार में बेचने आने वालों को पकड़ने के लिए बुधवार को वन विभाग की टीम ने छापामार अभियान चलाया। जिसमें लगभग 16 कुंतल लकड़ी बरामद की गई। प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रेलगाड़ी के जरिए जंगल की लकड़ी अवैध तरीके से ले जाने की शिकायतें मिली थी। इसके चलते कई रेलवे स्टेशनों में छापे मारे गए। सात रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारियों सचल दल प्रभारी एवं अन्य कर्मचारियों की टीम ने टिकरिया, मारकण्डी व बहिलपुरवा रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों की जांच की जिसमें टिकरिया रेलवे स्टेशन पर मानिकपुर-सतना पैसेंजर ट्रेन में अवैध तरीके से ले जाने के लिए लगभग चार कुंतल लकड़ियां बरामद की गई। इसी प्रकार बहिलपुरवा रेलवे स्टेशन में प्रयागराज-झांसी पैसेंजर के ठहराव के समय जांच की गई। यहां अवैध रूप से ले जाई जा रही लगभग 12 कुंतल लकड़ियां बरामद की गई। बरामद लकड़ियों का जब्त करने के बाद विधिक कार्यवाही की गई है। हालांकि इनमें कोई आरोपी नहीं पकड़ा गया। जांच के दौरान सम्बन्धित स्टेशन प्रबंधकों को जंगल से लकड़ी लाकर अवैध रूप से ले जाने वालों को रोकने में सहयोग की अपेक्षा की गई।



## सफाई कर्मी ने मां से झगड़ने के बाद गटका जहर, उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर में नशे में धुत सफाई कर्मचारी ने मां से झगड़ने के बाद जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शहर के मुहल्ला गांधी नगर निवासी 22 वर्षीय अनिल बाल्मीकि मां रामवती व भाई जीतू के साथ राठ रोड स्थित स्वयंवर गेस्ट हाउस के पास रहता था। वह नगर पालिका में ठेकेदारी पर सफाई का कार्य करता था और उसकी ड्यूटी गोपालगंज सब्जी मंडी में लगती थी। बताया गया कि मंगलवार की शाम को उसके भाई व मां से किसी बात को लेकर झगड़ा गया था। इसके बाद वह शराब पीकर घर पहुंचा और फिर से झगड़ा शुरू कर दिया। इतना ही नहीं बल्कि उसने घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन भी कर लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी, तो भाई जीतू उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गया। जहां पर उपचार के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुत्र की मौत के बाद से मृतक की मां व भाई सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चित्रकूट के महाविद्यालयों को जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय से मिले सम्बद्धता- तिवारी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** विधान परिषद सदस्य डॉ बाबूलाल तिवारी ने चित्रकूट धाम मंडल बांदा के समस्त महाविद्यालयों को जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किए जाने का मुद्दा उठाया है। साथ ही इस विषय पर विधान परिषद सदन में चर्चा एवं वक्तव्य कराए जाने की मांग की है। एमएलसी डॉ बाबूलाल तिवारी ने बताया कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय को सरकार ने पिछले साल ही राज्य विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करते हुए सामान्य विद्यार्थियों को प्रवेश लेने की अनुमति प्रदान कर दी है। यह कार्य चित्रकूट मंडल के छात्रों के लिए वरदान साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि चित्रकूट धाम मंडल बांदा में संचालित समस्त महाविद्यालयों एवं उनमें पढ़ने वाले छात्रों को आज भी 350 किमी. दूर स्थित स्थित बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी पर आश्रित रहना पड़ता है। ऐसे में चित्रकूट धाम मंडल बांदा के समस्त महाविद्यालयों को जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय से सम्बद्ध करने पर हजारों विद्यार्थियों को श्रम, समय और धन की बचत होने के साथ उच्च शिक्षा भी सुलभ हो जाएगी। एमएलसी डॉ बाबूलाल तिवारी ने इस सम्बन्ध में विधान परिषद के प्रमुख सचिव का नियम 110 के अंतर्गत लोक महत्व के इस अविलम्बनीय व सुनिश्चित विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। साथ ही चित्रकूट धाम मंडल बांदा के समस्त महाविद्यालयों को जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्रदान करते हुए सदन में चर्चा एवं वक्तव्य कराए जाने की मांग की है।

## सेवा दल प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** कौंग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रमोद पांडेय ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ रामायण मेला भवन में लगने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। कौंग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कौंग्रेस सेवादल का प्रदेश स्तरीय शिविर 19 दिसम्बर गुरुवार को चित्रकूट में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कौंग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी अविनाश पांडेय तथा प्रदेश कौंग्रेस अध्यक्ष अजय राय का आगमन होगा। बताया कि कार्यक्रम में 20 दिसम्बर को सांसद उज्जवल रमन सिंह व विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा 22 दिसम्बर को अखिल भारतीय कौंग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई व अखिल भारतीय कौंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी शामिल होंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में 350 कार्यकर्ता प्रशिक्षण लेंगे। शिविर में शारीरिक व बौद्धिक प्रशिक्षण के साथ विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और विदेश नीति पर विस्तृत चर्चा में विषय विशेषज्ञ प्रो विनोद चंद्रा, प्रो आर पी द्विवेदी, प्रो सन्निवेश मिश्रा व प्रकाश मिश्रा प्रशिक्षण देंगे। शिविर में ध्वज वंदन के साथ राष्ट्र निर्माण, नेतृत्व निर्माण, जनसेवा, संगठन निर्माण, चुनाव प्रबंधन, आपदा प्रबंधन के साथ 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तय की जाएगी। इस मौके पर कौंग्रेस के बांदा जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार दुबे, चित्रकूट जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, सेवादल जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, पश्चिमी जोन अध्यक्ष अनिल देव त्यागी, बुंदेलखंड जोन अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दीक्षित, ध्वज प्रभारी कनिष्का रफेल आदि मौजूद रहे।

## परीक्षक शिक्षकों के विवरण में 23 तक करें संशोधन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के सचिव द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। इसमें परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों तथा प्रयोगात्मक परीक्षा व मूल्यांकन कार्य के लिये परीक्षकों की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए समस्त प्रधानाचार्य विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के अपलोड कराये गये विवरणों (शिक्षकों के नाम, जन्मतिथि, नियुक्ति तिथि, पंजीकरण संख्या, अध्यापन का विषय, अर्हता, अध्यापन विषय का विषय कोड, विषय के नाम) की एक बार पुनः गहनता से जाँच कर लें। जिससे कोई भी शिक्षक किसी गलत विषय में परीक्षक नियुक्त न हो सके और न ही कोई अनर्ह शिक्षक परीक्षक नियुक्त हो सकें। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाय कि किसी भी दशा में एक शिक्षक का विवरण एक से अधिक विद्यालयों से अग्रसारित न होने पाएं। कहा कि पोर्टल पर अपलोड करायी गई त्रुटिपूर्ण व भ्रामक सूचनाओं के आधार पर यदि कोई अनर्ह व अयोग्य शिक्षक परीक्षक नियुक्त हो जाता है, तो इसके लिये सम्बन्धित प्रधानाचार्य उत्तरदायी मानें जायेगें।

# एग्रीस्टेक योजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को ग्राम पंचायत सिद्धपुर के विकासखंड कर्वी में एग्रीस्टेक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार करने सम्बन्धी कैम्प का निरीक्षण किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारी को कैम्प के माध्यम से सभी भूमिधर कृषकों का शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के निर्देश दिए। बुधवार को 20 ग्राम पंचायतों में कैम्प का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री की आईडी तैयार कराने के लिये किसानों को आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं खतौनी लेकर आना होगा। रजिस्ट्री के लिए पहले कृषि विभाग के तकनीकी सहायक ई-केवाईसी करेंगे एवं ई-केवाईसी होने के बाद लेखपाल के द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से खसरें एवं खतौनी का सत्यापन करके डाटा सम्मिट किया जायेगा। इसके बाद किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की आईडी तैयार हो जायेगी। कहा कि कृषक कैम्प के अलावा अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र जाकर भी आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं खतौनी के द्वारा फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकते है। कहा कि फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने से किसानों के खसरे को एक साथ आधार से लिंक किया जायेगा। जिससे किसानों को केसीसी बनवाने एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पाद के विपणन में सुगमता, पीएम किसान योजना में निरंतर किश्तों की प्राप्ति सहित कृषि के साथ अन्य विभाग जैसे उद्यान, मत्स्य, खाद्य एवं विपणन आदि के द्वारा अपने योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए सुगमता होगी। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी किसानों से अपील की कि एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री आईडी अवश्य बनवाए। जिससे केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कहा कि यह कैम्प प्रतिदिन चलेगा। इस मौके पर उप कृषि निदेशक राज कुमार, जिला कृषि अधिकारी आर पी शुक्ला, सहित तहसीलदार, तकनीकी सहायक, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# कार्य क्षेत्र में महिलाओं को सुरक्षित रखता है यौन उत्पीड़न अधिनियम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार बुधवार को न्यायालय परिसर में पोस (पीओएसएच) एक्ट से संबंधित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत प्रकोष्ठ की अध्यक्ष विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा ने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए वर्ष 2013 में इस अधिनियम को लागू किया गया था। इसे 'यौन उत्पीड़न अधिनियम' या 'पोस एक्ट' के नाम से भी जाना जाता है। इस कानून का मकसद महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाना और उन्हें सुरक्षित कार्य वातावरण देना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि इस अधिनियम के तहत, प्रत्येक संगठन को अपने महिला कर्मचारियों के लिए यौन उत्पीड़न से जुड़ी नीतियां, रोकथाम की प्रणालियां, और सेवा नियम तय करने होते हैं। इसके अलावा संस्था की हर शाखा में एक आंतरिक समिति का गठन करना जरूरी होता है। इस अधिनियम के तहत, अगर कोई महिला अपने या किसी और के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का सामना करती है, तो वह शिकायत कर सकती है। यह अधिनियम, पूरे भारत में किसी भी तरह के सार्वजनिक या निजी प्रतिष्ठान पर लागू होता है। इसमें संगठित और असंगठित क्षेत्र सहित गैर-सरकारी संगठन भी शामिल हैं। घर में काम करने वाली नौकरानी भी इस अधिनियम के तहत सुरक्षित है।




कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत प्रकोष्ठ की सदस्य सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी सोनम गुप्ता ने बताया कि भारत में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, विधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसका उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न से उनका बचाव और रोकथाम है। यह ध्यान देने वाली बात है कि पोस अधिनियम पीड़ित महिला को किसी अन्य महिला के खिलाफ लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने की अनुमति नहीं देता है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत गरिमा के अधिकार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अधिनियम कार्यरत है। इस मौके सिविल जज जूनियर डीविजन सैफाली यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी आदि मौजूद रहीं।




**बीएस 3 पेट्रोल, बीएस 4 डीजल कारों पर...**

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल कारों पर शहर की सीमा में प्रतिबंध लगने के बाद वाहनों की जांच तेज कर दी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) स्टेज 4 के तहत... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...


# यूपी में विश्व की जानी-मानी यूनिवर्सिटी के कैंपस खोले जा सकेंगे

## कुछ महीने पहले ही कैंपस के लिए ऑक्सफोर्ड व मॉस्को यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने सरकार से संपर्क साधा था, तब इसे लेकर बात नहीं बन सकी थी

- अब इससे जुड़े एक्ट में संशोधन किया गया है और इसके अध्यादेश को विधानसभा से मंजूर भी कर दिया गया है
- उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस बारे में जानकारी दी है कि दोनों विश्वविद्यालयों से अब संपर्क किया जाएगा



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अब प्रदेश के युवा यूपी में रहकर ही विश्व प्रसिद्ध यूनिवर्सिटी के छात्र बन सकेंगे। उन्हें अब नामचीन शिक्षण संस्थानों की शिक्षा के लिए विदेश नहीं जाना होगा। नई व्यवस्था के तहत प्रदेश में विश्व की जानी-मानी यूनिवर्सिटी के कैंपस खोले जा सकेंगे। इसके लिए रास्ता पूरी तरह से साफ हो चुका है। कुछ महीने पहले ही कैंपस के लिए ऑक्सफोर्ड व मॉस्को यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने सरकार से संपर्क साधा था लेकिन तब इसे लेकर बात नहीं बन सकी थी। अब इससे जुड़े एक्ट में संशोधन किया गया है और इसके अध्यादेश को विधानसभा से मंजूर भी कर दिया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस बारे में जानकारी दी है कि दोनों विश्वविद्यालयों से अब संपर्क किया जाएगा और यूपी में अपने कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित भी किया जाएगा। इस कदम से कई ऐसे छात्रों को लाभ हो सकेगा जो अपनी पढ़ाई इन दो यूनिवर्सिटी में वहीं के कैंपस में जाकर करना चाहते हैं। एक निजी विश्वविद्यालय के संचालक के मुताबिक उच्च शिक्षा विभाग के 19 राज्य विश्वविद्यालय यूपी में स्थिति हैं। वहीं एक मुक्त विश्वविद्यालय और 30 निजी विश्वविद्यालय चलाए जा रहे हैं। दूसरी ओर 60 फीसदी युवा आबादी वाले यूपी के नौजवानों को फिलहाल अपने प्रोफेशनल कोर्स के लिए दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है या फिर घर से दूर विदेश जाना पड़ता है। ऐसे में बड़े उच्च शिक्षण संस्थान के कैंपस यूपी में आने से ऐसे छात्रों को काफी मदद मिल सकेगी।

### दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड शिक्षण संस्थान भी उत्तर प्रदेश में विवि स्थापित कर पाएंगे

इंग्लैंड के ऑक्सफोर्ड शहर में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भारत से काफी छात्र अपनी पढ़ाई के लिए जाते हैं। मंगलवार को विधानसभा में योगी सरकार द्वारा यूपी निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अधिनियम पारित करवा लिया गया जिसके बाद दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड शिक्षण संस्थान भी उत्तर प्रदेश में विवि स्थापित कर पाएंगे। फिलहाल सिर्फ यूपी में पंजीकृत संस्थान ही प्रदेश में विश्वविद्यालय स्थापित करने की अनुमति पा सकते थे।

### दूसरे प्रदेशों में रजिस्टर्ड शिक्षण संस्थानों को यूजीसी से अनुमति लेनी पड़ेगी

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के मुताबिक एक्ट में संशोधन के बाद यूपी शिक्षा का हब बनेगा, मौजूदा समय में महाराष्ट्र और कर्नाटक का बोलबाला है जहां विदेशी शिक्षण संस्थानों के कैंपस हैं लेकिन अब यूपी में भी कैंपस स्थापित होंगे। उच्च शिक्षा मंत्री ने जानकारी दी है कि यूपी में विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए दूसरे प्रदेशों में रजिस्टर्ड शिक्षण संस्थानों को यूजीसी से अनुमति लेनी पड़ेगी। यूजीसी के मानक पर अगर संस्थान खरा उतरेता है तभी अनुमति पा सकेगा।

# यूपी विधानसभा की कार्यवाही स्थगित

## सपा नेता धरने पर बैठे, बिजली के निजीकरण के मुद्दे पर हुए सवाल-जवाब



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी विधानमंडल सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही सपा नेताओं के हंगामे के बाद स्थगित हो गई। वहीं, सपा नेता अतुल प्रधान विधान भवन स्थित चौधरी चरण सिंह प्रतिमा के पास धरने पर बैठ गए। इसके पहले, सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई और विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर बिजली के निजीकरण के मुद्दे को लेकर सवाल उठाए। सपा नेता ने कहा कि हमारी सरकार में बिजली व्यवस्था में सुधार हुआ था। इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम किया गया था। आज ये स्थिति है कि निजीकरण किया जा रहा है। इससे बिजली महंगी हो जाएगी। ऊर्जा विभाग पर सपा विधायक रागिनी सोनकर ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि समाजवादियों ने 17 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन किया। भाजपा की सरकार ने उसे डबल तक नहीं किया। आप ट्रांसफर बदलते है अगले पल वह खराब हो जाते हैं। समाजवादी पार्टी की देन है कि प्रदेश में बिजली है और आप उसके सहारे काम कर पा रहे है। बिजली विभाग को भाजपा बेंच रही है। इस पर ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने जवाब दिया और कहा कि योगी सरकार में करोड़ों लोगों को बिजली कनेक्शन दिए गए हैं और अब बिजली आना सिर्फ कुछ जिलों तक ही सीमित नहीं रह गया है। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधान परिषद में जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में खाद्य आयोग के गठन के लिए विज्ञापन इसी माह जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष व सदस्यों के रिक्त पद भरे जाएंगे।

### कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा ने छुए सपा नेता शिवपाल यादव के पैर

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सभी दलों के नेता एक दूसरे से मिले। इस दौरान विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव के पैर छुए।

# सैनिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी, परीक्षा 29 को

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

कैप्टन मनोज कुमार पांडेय सैनिक स्कूल लखनऊ सरोजनीनगर और गोरखपुर में प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी हो गई है। सत्र 2025-26 में कक्षा 6 व 9 में प्रवेश के लिए ये परीक्षा 29 दिसंबर को आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी बच्चों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए। आवेदक अपने एडमिट कार्ड विद्यालय की बेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदक एडमिट कार्ड डाउनलोड करते समय अपने आवेदन पत्र एवं एडमिट कार्ड का विवरण जरूरी तौर पर चेक कर लें एवं किसी तरह की समस्या होने पर विद्यालय के हेल्पलाइन नम्बर पर फोन कर सकते है अथवा ईमेल आईडी पर मेल कर सकते हैं।



### परीक्षा के बाद इस तरह होगा चयन

प्रवेश के लिए, उम्मीदवारों को एक प्रश्न पत्र वाली लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, गणित और बौद्धिक क्षमता। परीक्षा ओएमआर आधारित होगी। रिक्त सीटों की संख्या के सापेक्ष तीन गुना उम्मीदवारों को मेरिट के आधार पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। मेडिकल जांच और साक्षात्कार के बाद मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। 10 सीटों को भुगतान सीटों के हिस्से के रूप में घोषित किया गया है। भुगतान सीट की स्कूल फीस सामान्य सीट फीस से दोगुनी है। इसलिए भुगतान सीटें उम्मीदवारों को मेरिट के क्रम में केवल 100 की मेरिट रैंक तक ही दी जाएंगी।

### इन जनपदों में आयोजित होगी परीक्षा

परीक्षा आगरा, अयोध्या, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी और लखनऊ।

# एक्सप्रेस खबरें...

### राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाही दर्ज

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को गवाही दर्ज की गई। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में अगली सुनवाई के लिए छह जनवरी की तिथि नियत की है। कोतवाली नगर के घरहा खुर्द गांव निवासी मो. अनवर ने वर्ष 2013 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद कोर्ट में दायर किया था। उनका आरोप है कि 24 अक्तूबर 2013 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में चुनावी सभा में कहा था कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के दंगा पीड़ित युवक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संपर्क साध रहे हैं। राहुल गांधी के इस बयान से परिवादी मो. अनवर की भावनाएं आहत हुई थी। बुधवार को शहर के दरियापुर निवासी विशाल बरनवाल की गवाही दर्ज की गई। मामले में अगली सुनवाई छह जनवरी को होगी।

### यूपी में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार, बजट की बंदरबांट हो रही है

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने लखनऊ में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। हर जगह बजट की बंदरबांट हो रही है। प्रदेश की सड़कों के गड्ढे बीते आठ साल में नहीं भरे गए हैं। वो योगी सरकार के मंत्री आशीष पटेल के ऊपर विभाग में अनियमितताओं को लेकर लग रहे आरोपों पर जबाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की बात नहीं सुन रही है। भ्रष्टाचार हर तरफ है। विकास का कोई काम नहीं हो रहा है। कई क्षेत्रों में बिजली सिर्फ छह से आठ घंटे तक ही आ रही है। अभी उपचुनाव में जीत के लिए सरकार ने जमकर बेईमानी की है। उन्होंने कहा कि भाजपा तानाशाही लाना चाहती है। हम समाजवादी हमेशा से ही इसके खिलाफ रहे हैं।

### विधानसभा के नवनिर्वाचित 09 सदस्यों हेतु 45 करोड़ स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में विधान सभा के नवनिर्वाचित 09 सदस्यों हेतु अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास कार्यों हेतु जीएसटी सहित पाँच करोड़ प्रति सदस्य की दर से जीएसटी सहित पैंतालीस करोड़ की धनराशि प्रथम किश्त एवं द्वितीय किश्त की समेकित धनराशि के रूप में निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अलीगढ़ मैनपुरी, कानपुर नगर, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर,व मीरजापुर के मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के मार्गदर्शी सिद्धांतों में उल्लिखित व्यवस्था,प्रावधानों तथा इस निमित्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार ही किया जाय।उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिए गए हैं सम्बन्धित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वीकृत की गयी धनराशि की जानकारी तथा शासनादेश की प्रति अपने-अपने जनपद से सम्बन्धित विधान सभा सदस्यों को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करायी जाय।

### पर्यटन मंत्री ने किया भातखंडे संगीत उत्सव का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि भातखंडे विश्वविद्यालय अपने विकास यात्रा के दौरान देश के निर्माण में सराहनीय भूमिका अदा की है। विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्रायें अपनी लगन और निष्ठा से जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़े और प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। यहां से निकलने वाले छात्र वैज्ञानिक बने, संगीतकार बने, जिस क्षेत्र में जाये, सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित करें। जयवीर सिंह आज त्रिदिवसीय भातखंडे संगीत उत्सव- 2024 का शुभारम्भ के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें, कला प्रेमियों, कत्थक, नृत्य, गायन, संगीत वादन आदि विधाओं से जुड़े छात्र-छात्राओं की उपस्थिति थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जो सपना हमारे देश के नेताओं ने देखा था, उसको साकार करने की जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं पर है। 2047 तक भारत को विश्व गुरू बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि छात्र-छात्रायें पूरी ईमानदारी से देशसेवा का संकल्प लें। जिस विधा में उनकी रूचि हो, उस विधा को ऊचांईयों पर लेकर जायें। यह विश्वविद्यालय देश की ही नहीं बल्कि विश्व का सर्वोच्च विश्वविद्यालय होगा। इस विद्यालय के बच्चे अपनी कला एवं निष्ठा से समाज एवं राष्ट्र के निर्माण का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में इस संस्थान को डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता था। अब विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करके स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा के विभिन्न विषयों पर शोध कार्य भी संचालित किये जा रहे हैं। संस्कृति विभाग के संस्थाओं तथा अकादमी को विश्वविद्यालय द्वारा संबंद्ध कर दिया गया है।

# यूपी विधानसभा में अतुल प्रधान और ब्रजेश पाठक में हुई जमकर बहस



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को संसदीय मर्यादाएं ताक पर रख दी गईं। समाजवादी पार्टी के विधायकों और डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के बीच तीखी नोक झोंक हुई। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सपा के सवाल के जवाब में जब ब्रजेश पाठक बोल रहे थे, तब उनकी सपा के विधायक अतुल प्रधान के साथ जमकर बहस हो गई।बात बढ़ गई तो अतुल प्रधान को ब्रजेश पाठक ने कह दिया कि क्या शाम की दवा पी ली है,जिसके बाद गली-गली में शोर हैस्वास्थ्य मंत्री चोर हैं, का नारा लगाया गया।अतुल प्रधान लगातार चिल्ला रहे थे, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अतुल प्रधान को पूरे सत्र के लिए सदन से निष्कासित कर दिया गया। अतुल प्रधान जब नहीं उठे तो मार्शल ने बलपूर्वक उनको सदन से बाहर कर दिया। इसके बाद सदन स्थगित कर दिया गया।सदन जब दोबारा शुरू हुआ तो सपा विधायक वेल में चले गए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सप के विधायकों से अपनी सीट पर जाने के लिए कहा, मगर समाजवादी पार्टी के विधायक इस बात पर अड़े रहे कि ब्रजेश पाठक माफी मांगे। उसके बाद में पाठक ने कहा कि शाम की दवाई से मतलब उनका वह नहीं था जो यह लोग समझ रहे हैं,शाम की दवाई से मतलब केवल दवाई था।सतीश महाना ने तो एक समय यह भी कह दिया कि इस पूरी कार्यवाही में जो भी असंसदीय हुआ है उसके लिए मैं खुद क्षमा चाहता हूं।इसके बावजूद सपा के विधायक नहीं माने।सदन चलता रहा और वेल में समाजवादी पार्टी के विधायक हंगामा करते रहे। सदन में ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि उनके विधायक हमारे मंत्रियों के लिए लगातार गलत आरोप लगाते रहते हैं। ऐसे में विरोध करना मेरा अधिकार है। मैंने कुछ भी ऐसा असंसदीय नहीं कहा, जो विपक्ष समझ रहा है।दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने ब्रजेश पाठक पर आरोप लगाया कि वे जब-जब सदन में बोलते हैं, उनकी भाषा बहुत खराब होती है।हर सदन में यह चीज देखी जाती है।इस पूरे मसले पर कोई भी हल नहीं निकाला और नारेबाजी होती रही।संसदीय कार्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर सिंह ने इस मामले में विपक्ष से माफी मांगी मगर विपक्ष उनकी माफी से राजी नहीं हुआ।

### अतुल प्रधान को सदन से किया बाहर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आज बुधवार को बड़ा हंगामा हुआ।विधानसभा के स्पीकर और समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान के बीच तीखी बहस हो गई।मामला इतना बढ़ गया कि स्पीकर ने अतुल प्रधान को पूरे सत्र के लिए निष्कासित कर दिया और उन्हें सदन से बाहर निकालने का आदेश दे दिया। इस घटना के बाद सदन में भारी हंगामा हुआ और स्थिति को काबू में करने के लिए मार्शल को बुलाया गया।यह मामला स्वास्थ्य के मुद्दे पर चल रही बहस के दौरान शुरू हुआ।जब सदन में चर्चा हो रही थी, तो अचानक समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान व राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण के बीच नोकझोंक तेज हो गई। स्थिति इतनी बिगड़ी कि स्पीकर को दखल देना पड़ा। इस पर समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि योगी सरकार के मंत्री ने हमारे विधायक पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है। शिवपाल ने इसके खिलाफ विरोध जताया और कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से गलत है।घटना के बाद सदन दोपहर ढाई बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस वाकये के बाद यूपी विधानसभा में और बाहर दोनों जगह हंगामा हुआ। अब देखना यह है कि इस विवाद के बाद विधानसभा के आगामी सत्रों में क्या माहौल बनता है।

# यूपी के विधायकों को जल्द मिलेगी टोल टैक्स से मुक्ति

- डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने विधानपरिषद में किया ऐलान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के विधायकों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय टोल टैक्स के झंझट से मुक्ति मिलने जा रही है। उन्हें टोल से छूट के लिए न तो पहचान बतानी होगी और न ही उन्हें अपना आईकार्ड, पहचान पत्र या कोई पास दिखाना नहीं पड़ेगा। उनकी गाड़ियों पर अब मुफ्त फास्ट टैग लगाया जाएगा, जिसके बाद वो नेशनल हाईवे पर फर्राटा भरते हुए निकल सकेंगे।यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने यूपी विधान परिषद में सरकार की ओर विधायकों को ये आश्वासन दिया है।उन्होंने कहा प्रदेश में जितने विधायक है उनकी गाड़ियों पर जल्द ही फ्री फास्ट टैग लगाया जाएगा, जिससे वो टोल टैक्स पर बिना पास दिखाए ही सफर कर सकेंगे। इस संबंध में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को पत्र लिखेंगे और यूपी के विधायकों को ये सुविधा दिलाएंगे। यूपी विधान परिषद में निर्दलीय सदस्य आकाश अग्रवाल ने सरकार से ये सवाल पूछा था, जिसका जवाब देते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ये स्थिति ठीक नहीं है कि विधायकों को टोल प्लाजा पर सत्यापन के लिए इंतजार करना पड़े।इसलिए जल्द ही विधायकों के लिए फ्री फास्ट टैग की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।आकाश अग्रवाल ने कहा था कि दो दिसंबर को जब वो लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे से होते हुए जा रहे थे तो रास्ते में फतेहाबाद टोल प्लाजा पर उन्हें रोक लिया गया। टोल संचालक ने पांच मिनट तक उन्हें रोककर जांच की और उनके साथ अभद्रता भी की, जिसके बाद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को निर्देश दिए कि वो इस मामले को संज्ञान में लेते हुए इसकी जांच कराएं और इस पर क्या कार्रवाई हुई उसकी जानकारी भी सदन को दें।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का मकसद अल्पसंख्यको के अधिकारों की रक्षा करना है: दानिश आज़ाद अंसारी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने आज अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मौके पर कहा की यह एक महत्वपूर्ण दिवस है जब हम अपने देश में रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत एक बहु-सांस्कृतिक और बहु-धार्मिक देश है, जहां विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के लोग सद्भाव से रहते हैं। संविधान सभी नागरिकों को समानता, समान अवसर और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है। पूर्व सरकार में अल्पसंख्यक समुदायों को हमेशा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेलने का काम किया गया। उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सेवा और अन्य बुनियादी सुविधाओं तक से दूर रखा। आज केंद्र और प्रदेश की सरकार अल्पसंख्यको को समान शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है।

# मनरेगा से गांवों में कराए जाएं चारागाह विकास के कार्य

- चारागाह विकास कार्य मनरेगा में हैं अनुमन्य, पशुधन हेतु चारा उपलब्ध कराने पर विभाग का जोर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल नेतृत्व में ग्राम्य विकास विभाग निरंतर ग्रामीण विकास एवं ग्रामीणों की आजीविका संवर्धन हेतु कार्य कर रहा है। मनरेगा योजनांतर्गत सामुदायिक एवं व्यक्तिगत कार्यों के माध्यम से ग्रामीण विकास एवं ग्रामीणों की आय में वृद्धि करने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर पशुधन



उत्पादकता बढ़ाने के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए मनरेगा से चारागाह विकास कार्य करने के निर्देश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को दिये गये हैं।ग्राम्य विकास विभाग की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चारागाह का विकास कार्य कराने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। शासन स्तर से समस्त जनपदों को निर्देशित किया गया है कि पशुधन हेतु चारे की पर्याप्त उपलब्धता हेतु अधिक से अधिक चारागाह का विकास कराने के निर्देश दिये गये हैं। जिलों को जारी पत्र द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि चारे की उपलब्धता बढ़ाने के लिए किसी योग्य भूमि, चारागाह की भूमि,सामुदायिक भूमि व विक्रति एवं बंजर भूमि पर चारागाह का विकास कर पशुधन हेतु चारा उपलब्ध कराया जा सकता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चारागाह विकास कार्य मनरेगा में अनुमन्य है, जिसके अनुसार ग्राम पंचायतों में चारागाह का विकास कार्य किया जा सकता है। प्रदेश में पशुधन उत्पादकता बढ़ाने पर विभाग का विशेष जोर है, पशुधन के लिए चारे की पर्याप्त उपलब्धता भी बेहद आवश्यक है। ग्राम पंचायतों में चारे की उपलब्धता बढ़ाने के लिए गांव की किसी योग्य भूमि, चारागाह की भूमि,सामुदायिक भूमि, विक्रति एवं बंजर भूमि पर चारागाह का विकास कर पशुधन हेतु चारा उपलब्ध कराया जा सकता है। इस संबंध में विभाग की ओर से पहले भी जनपदों को दिशा-निर्देश जारी किये जा चुके हैं।

# लघु सिंचाई योजनाओं, जल निकायों, मध्यम व वृहद सिंचाई योजनाओं की संगणना अति महत्वपूर्ण: प्रभाष कुमार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लघु सिंचाई योजनाओं, जल निकायों एवं मध्यम व वृहद सिंचाई योजनाओं आदि की संगणना प्रदेश के लिए अति महत्वपूर्ण है। यूपी सहित उत्तराखण्ड, दिल्ली, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ से आये प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्ष 2022-23 को आधार मानकर की जाने वाली संगणना पूर्ण शुद्धता के साथ की जानी आवश्यक है, जिससे कि विभिन्न संबंधित विभागों द्वारा इसका उपयोग नवीन परियोजनाओं में किया जा सके एवं प्रदेश की कृषि उत्पादकता में वृद्धि हो सके। त्रिदिवसीय कार्यशाला के शुभारम्भ के अवसर पर विशेष सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लघु सिंचाई प्रभाष कुमार ने व्यक्त किये। लघु सिंचाई योजनाओं की 7 वीं संगणना एवं जल निकायों की द्वितीय संगणना लघु सिंचाई विभाग द्वारा की जानी है, जबकि वृहद व मध्यम सिंचाई योजनाओं तथा स्प्रिंग संगणना का कार्य सिंचाई विभाग द्वारा सम्पन्न कराया जाना है।अपर महानिदेशक जल संसाधन मंत्रालय भारत सरकार अजय बक्शी द्वारा प्रस्तावित संगणना की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये बताया कि संगणना कार्य मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से किया जायेगा एवं कार्य 06 माह के अन्दर पूर्ण किया जायेगा।उप महानिदेशक जल संसाधन मंत्रालय भारत सरकार प्रियंका कुलश्रेष्ठ ने संगणना की महत्ता पर विचार व्यक्त करते हुये पूर्व में की गयी संगणना के अनुभव पर विशेष ध्यान दिये जाने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि संगणना कार्य को समय से पूर्ण किया जाना हमारी विशेष प्राथमिकता है। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियन्ता एसपी सिंह ने बताया कि मध्यम और वृहद सिंचाई योजनाओं की संगणना सिंचाई विभाग द्वारा की जानी है। यह आवश्यक है कि संगणना के समय कार्मिकों द्वारा संगणना के साथ-साथ जल के दुरूपयोग को रोकने एवं जल संरक्षण को बढ़ाने हेतु जन जागरूकता भी पैदा की जाय।मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग एवं संगणना आयुक्त रमाकान्त तिवारी ने पूर्व में की गयी संगणनाओं पर प्रकाश डालते हुये लघु सिंचाई योजनाओं की 7 वीं संगणना के गुणवत्तापरक होने एवं समय से संगणना कार्य किये जाने पर बल दिया गया, जिससे कि सिंचन क्षेत्र में उन आंकड़ों का उपयोग करते हुये प्रदेश के किसानों को और भी अधिक लाभ प्रदान किया जा सके। त्रिदिवसीय कार्यशाला में आये आगन्तुकों का स्वागत उप निदेशक, सांख्यिकीय सेल, सुवेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। मंच का संचालन एसपी श्रीवास्तव, सांख्यिकीय तकनीकी सहायक एवं धन्यवाद ज्ञापन सीके चौधरी, निदेशक, लघु सिंचाई एवं जल प्रयोग, प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लघु सिंचाई विभाग, सिंचाई विभाग, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, भारत सरकार सहित अन्य प्रदेशों के अधिकारी व प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# सीएचसी में खुली स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल

**सीएमओ ने अधीक्षक और कई स्वास्थ्य कर्मियों को लगाई फटकार, स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहः सीएमओ**

जन एक्सप्रेस । अमेठी



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर का औचक निरीक्षण किया।जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं में गंभीर लापरवाही का खुलासा हुआ। अन्य दिनों की तरह बुधवार को भी कई चिकित्सक और स्टाफ अनुपस्थित पाए गए।जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।निरीक्षण के दौरान डॉक्टर डॉ.पूनम सिंह,डॉ.प्रियंका स्टाफ नर्स शिव बालक यादव,प्रीति गौतम, संतोष कुमारी,संजू मिश्रा,डेंटल सर्जन डॉ.प्रवीर कुमार डॉ.रजनी कुमारी, नजीर फातिमा,ममता उपाध्याय, सहायक शोध अधिकारी निशा पासी ड्यूटी से नदारत पाए गए। आउटसोर्सिंग कर्मचारी अनीता महीने से अनुपस्थित चल रहे हैं।यह लापरवाही सीएचसी जैसे स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर चिंता का विषय है। कर्मचारियों की अनुपस्थिति ने क्षेत्रीय जनता को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित कर दिया है। जिससे सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं पर भी प्रश्नचिन्ह उठते हैं। सीएमओ ने इस गंभीर लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया।और अनुपस्थित कर्मियों को त्वरित स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा स्वास्थ्य सेवाएं जनता का अधिकार हैं।और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सीएमओ ने चेतावनी दी कि दोषी कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

स्थानीय लोगों को कहना है कि इससे पहले जब तक डॉ.प्रदीप तिवारी सीएचसी जगदीशपुर के अधीक्षक थे,स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन बेहतर तरीके से चल रहा था।उनके कार्यकाल के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में जिम्मेदाराना कार्यशैली और स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाती थी।लेकिन हाल ही में जब से उनको अधीक्षक पद से हटा दिया गया है,तब से सीएचसी जगदीशपुर में लापरवाही की घटनाएं बढ़ गई हैं।सीएमओ के निरीक्षण में यह साफ तौर पर दिखा कि कर्मचारियों की अनुपस्थिति और अनियमितता का प्रमुख कारण प्रबंधन की ढिलाई है।

# विधानसभा घेराव के मद्देनजर कांग्रेस के अधिकांश नेता हुए हाउस अरेस्ट

जन एक्सप्रेस । गौरीगंज अमेठी



कांग्रेस द्वारा पूर्व घोषित विरोध प्रदर्शन के तहत विधान सभा घेराव में शामिल होने के लिए लखनऊ पहुंचने के पहले जिले के अधिकांश नेता हाउस अरेस्ट कर लिए गए हैं।जिला प्रशासन द्वारा नेताओं को उनके घरों,परिसरों, प्रतिष्ठानों और कार्यालय पर नजर बंद कर दिया गया है।बुधवार को लखनऊ विधान सभा घेराव करने जाते समय महिला कांग्रेस की जिला महासचिव गीता सिंह एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट किया गया।गीता सिंह ने कहाकि सरकार हमें लाठी के बल पर झुकाने की कोशिश कर रही है।मोदी सरकार और योगी सरकार पूरी तरीके से डर चुकी है। पुलिस की तानाशाही और गुंडागर्दी नहीं चलेगी।कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता इस तानाशाही सरकार को जड़ से उखाड़ने का काम करेगा। योगी जब-जब डरते हैं,पुलिस को आगे कर देते हैं।जिला महासचिव कांग्रेस गीता सिंह के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं और जामों, जगदीशपुर ब्लाक के पार्टी पदाधिकारियों को भी लखनऊ जाने से रोकने लिया।इस पर प्रतिक्रिया करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोग कांग्रेस के सिपाही हैं।ऐसे हथकंडों से डरने वाले नहीं है।

# जिलाधिकारी ने किसान दिवस में सुनी किसानों की समस्याओं एवं सुझाव




जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना।तथा मौके पर ही निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।किसान दिवस के दौरान संबंधितअधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराई गई।किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में बताया गया।इस दौरान जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने-अपने विचार साझा किए।एवं बताया कि कैसे उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती की और अच्छा मुनाफा कमाया।किसान दिवस में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया की किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को दिया जाए।उन्होंने किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि शासन द्वारा कृषि,मत्स्य,उद्यान, पशुपालन आदि विभागों में कई जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। जिनका लाभ आप लोग लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल,उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी,जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार,अधिशासी अभियंता सिंचाई,नलकूप सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार के खिलाफ विस का घेराव करने पहुंचे रायबरेली के कांग्रेस जन

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर रायबरेली के कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे राजधानी लखनऊ बढ़ती हुई महंगाई बेरोजगारी किसने की समस्याओं को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास किया प्रशासन का दबाव होने के बावजूद भारी संख्या बल के साथ रायबरेली से सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता पहुंचे बहुत से बड़े नेताओं को प्रशासन ने हाउस अरेस्ट भी किया सूत्रों के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर एनएसयूआई के युवा अध्यक्ष आयुष द्विवेदी को किया 18 दिसंबर लखनऊचलो%जनता मांगे जवाब,कबदोगे हिसाब%भाजपा के कुशासन के खिलाफ विधानसभा का घेराव अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी केआह्वान पर पूरे प्रदेश से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता आज राजधानी लखनऊ में पहुंचकर विधानसभा का घेराव करने पहुंचे अपार जन समूह के साथ रायबरेली से कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता भारी संख्या में लखनऊ पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# सतनामी समुदाय की प्रवर्तक गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न

**समतामूलक समाज की स्थापना में गुरु घासीदास की सात शिक्षा समीचीन एवं प्रासंगिक : कुल**

जन एक्सप्रेस । अमेठी




बुधवार को अनिकेत सेवा संस्थान मुसाफिरखाना अमेठी द्वारा बाबू जगजीवन राम नेशनल फाउंडेशन के सहयोग से तारापुर में समारोह पूर्वक गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। सतनामी समुदाय के प्रवर्तक एवं तर्कवाद के पोषक गुरु घासीदास आजीवन सत्य के पालन हेतु दृढ़ संकल्पित रहे।गुरु घासीदास जातियों में भेदभाव व समाज में भाईचारे के अभाव को देख कर बहुत दुखी थे। वे लगातार प्रयास करते रहे कि समाज को इससे मुक्ति दिलाई जाए। ये बातें गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर तारापुर गांव स्थित शंकर दीनदयाल इंटरमीडिएट कालेज के प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान तारापुर बिमलेश बहादुर सिंह एडवोकेट ने कहीं।उन्होंने उपस्थित विद्यालय के छात्र-छात्राओं व क्षेत्रवासियों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गुरु घासीदास के जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता की मजबूती पर बल दिया।विशिष्ट अतिथि के तौर पर मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुल भूषण शुक्ल ने गुरु घासीदास की सात शिक्षा पर बिस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि अगर इनका अनुसरण किया जाए,तो आज भी रामराज्य की स्थापना संभव है।समतामूलक समाज की स्थापना,सामाजिक शुचिता व समभाव के लिए गुरु घासीदास के सिद्धांत बेहद प्रासंगिक एवं समीचीन हैं।उन्होंने सतनामी दर्शन व तर्कवाद पर भी बिस्तार से प्रकाश डाला।समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक रामशंकर यादव एवं संचालन शिक्षक सुनील यादव ने किया।आयोजक संस्था अनिकेत सेवा संस्थान टिकरा बैजनाथ, मुसाफिरखाना अमेठी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने आए हुए सभी अतिथियों,विद्यालय परिवार व क्षेत्रवासियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।मुख्य अतिथि द्वारा क्विज कंपटीशन एवं चित्रकला व निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागी प्रतिभागी छात्र,छात्राओं को शील्ड,मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।समारोह में मां भगवती जागरण ग्रुप सिंगर पंकज परदेशिया की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सोनम यादव, अनीस कोरी,कैलाश तिवारी बीडीसी,मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक बी पी तिवारी,राजकुमार उपाध्याय शिवशंकर यादव,डॉ ज्योत्सना शुक्ला,ऐश्वर्य शुक्ल,अंजू यादव,पूनम पाल समेत विद्यालय की छात्र छात्राएं,अभिभावक एवं क्षेत्रीय नागरिकगण मौजूद रहे।

# पुलिस के बल पर आवाज दबा रही है योगी सरकार : वीके शुक्ला

**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष वीके शुक्ला, पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, पूर्व पालिकाध्यक्ष मो. इलियास सहित दर्जनों पदाधिकारी गिरिफ्तार**

**कांग्रेस पार्टी द्वारा विधान सभा घेराव के आवाहन पर नेताओं को किया गया हाउस अरेस्ट**

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



उ0प्र0 की बिगड़ती व्यवस्था, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, छात्रों की समस्याओं बढ़ती बेरोजगारी, मँहगाई आदि को लेकर कांग्रेस पार्टी ने 18 दिसम्बर 2024 को विधान सभा घेराव का कार्यक्रम घोषित किया था। कांग्रेस के प्रदर्शन को विफल करने के लिए उ0प्र0 की योगी सरकार ने पूरे प्रदेश में जिलेवार कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को लखनऊ पहुंचने से रोकने के लिए उन्हें हाउस अरेस्ट किया और बाहर निकलने वालों की गिरिफ्तारी की। गिरिफ्तार नेता कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वीके शुक्ला ने कहा कि उ.प्र. की योगी सरकार पुलिस के बल पर जनता की आवाज दबाने का काम कर रही है निर्दोषों को जेल भेज रही है अपराधियों को संरक्षण दे रही हैं नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने कहा कि भाजपा सरकार समाज में नफरत फैला रहीहैमंदिर-मस्जिद के झगड़े लगाकर समाज को तोड़ने का काम किया जा रहा है। योगी सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद कांग्रेसी शेर विधान सभा के पास तक पहुंचने में सफल हो गये। श्री सोनकर ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं महिला कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा की गयी अमानवीय कार्यवाही की निन्दा की रायबरेली जनपद में पूर्व विधायक अशोक सिंह, वरिष्ठ नेता राजकुमार दीक्षित, सुशील पासी, जेपी त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हाफिज रियाज, सूर्य कुमार बाजपेयी, जफरूल हसन, अखिलेश अवस्थी, विनय द्विवेदी, अरूण श्रीवास्तव, सुल्तान खान, पिन्टू सोनकर, पंकज शर्मा, अंशू सोनकर, शिवा सोनकर, हरिश्चन्द्र मिश्रा, रामनरेश यादव, संजय सोनकर, राहुल मिश्रा, संतोष सोनकर, विनीत पासवान, राहुल सोनकर, लक्ष्मीशंकर चौधरी, आमीन पठान, अरशद खान, विजय लोधी, रामू चौरसिया, पुष्पा यादव, राजू बीज, अमर चौधरी, राजेश चौधरी, प्रदीप सोनकर, अशोक चौधरी, हंसराज चौधरी, विजय सिंह प्रधान, गुड्डू पासी, शैलेन्द्र कुमार पाल, अमित मौर्या, राजकुमार मौर्या, आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा गिरिफ्तार किया गया, जिन्हें बाद में रिहा कर दिया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की बैठक की गई। बैठक में पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने को लेकर कुल 65 नवीन व 25 पुराने प्रकरणों कुल 90 प्रकरणों पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त प्रकरणों को सहायता राशि दिए जाने हेतु नियमानुसार स्वीकृत/अस्वीकृत किए जाने हेतु पत्रावली बनाकर प्रस्तुत करें जिससे स्वीकृत किए जाने वाले प्रकरणों पर पीड़ितों को आर्थिक सहायता शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके उन्होंने कहा कि इस तरह के केसों को पूरी गंभीरता के साथ ले जिससे पीड़िता को न्याय और अपराधी को सजा दिलाई जा सके जिलाधिकारी द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों में बेहतर कार्य करने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवीन चंद्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्माजिला अभियोजन अधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# डीएम ने एनएचएआई के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर लिया जायजा

**डीएम ने महाकुंभ से पहले निर्माण कार्यों को पूरा करने के दिये निर्देश**

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक, डॉ यशवीर सिंह के साथ एनएचएआई के निर्माणाधीन कार्यों का मुंशीगंज, दरियापुर, कुचरिया, जगतपुर बाईपास आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि समस्त निर्माणाधीन कार्यों को महाकुंभ से पहले पूर्ण करा लिया जाए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हों तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण के दौरान सुरक्षा के सभी मानकों का पालन कराया जाए जिससे किसी प्रकार की कोई दुर्घटना होने की सम्भावना न रहें जिसके लिए परियोजना निदेशक, एनएचएआई द्वारा आश्वासन दिया गया कि महाकुंभ के आयोजन से पूर्व समस्त कार्यो को पूर्ण करा लिया जायेगा

इस मौकेपरए0डी0एम0न्यायिक विशाल यादव परियोजना निदेशक एनएचएआई नवरतन दीप सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# महिलाओं का सशक्तिकरण’ विषय पर विशेष विधिक साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के द्वारा विधान से समाधान के अन्तर्गत महिलाओं के हितार्थ संरक्षण कानून सम्बन्धी विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील-महराजगंज के तहसील सभागार में किया गया इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य द्वारा महिलाओं के विधिक अधिकार विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समान अधिकार कानून पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि समाज में महिलाओं को भी वही अधिकार है जो पुरुषों को है। सचिव द्वारा मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों के सम्बन्ध में चर्चा की गयी कहा गया कि मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्य के बीच एकरूपता बनी रहनी चाहिए। इसके साथ ही आपसी विवाद को सुलह-समझौता से निस्तारण किये जाने पर चर्चा की गयी इस अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्य, विभिन्न योजनाओं नालसा द्वारा महिलाओं के न्याय के सम्बन्ध में, एन0आर0आई0 के मामलों में बरती जाने वाली सावधानियों व तेजाब पीड़ित, लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा केस हिस्ट्री व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। रिसोर्स पर्सन विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता शैलजा सिंह के द्वारा महिलाओं के सन्दर्भ में होने वाली दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ क्रूरता व लौगिंक अपराधों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। अपराध होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी से सम्पर्क करने अपराधों की सजा के संदर्भ में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। समान रुप से द्वितीय रिसोर्स पर्सन वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता सुनीता सिंह के द्वारा महिलाओं के संदर्भ में अपहरण, एसिड अटैक, बालात्कार, दहेज हत्या व मानव तस्करी के कानून के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गयी व उक्त अपराधों में होने वाली सजा को विस्तार पूर्वक समझाया गया। विद्वान अधिवक्ता द्वारा अवगत कराया गया कि महिलाओं का सशक्तिकरण इस जागरूकता कार्यक्रम के जरिये होना आवश्यक है इस कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह के द्वारा महिलाओं की समस्या के सम्बन्ध में राष्ट्रीय महिला आयोग के विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी तथा महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी एवं मानसिक विकास के प्रति सदैव सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया। यह भी बताया गया कि महिला हेल्पलाइन 181 व 1090 जिसका लाभ प्रतिकूल परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा उठाया जा सकता है इस कार्यक्रम में पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल के द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं के हितार्थ जनकल्याणकारी योजनाओं, नालसा हेल्पलाइन नं0 15100 व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के फोन नं0 के सम्बन्ध में उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी गयी इस कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी महराजगंज सचिव यादव, तहसीलदार महराजगंज ध्रुव नरायण यादव गैर सरकारी संगठन की सामाजिक कार्यकर्ता आशा बहुएंआँगनवाड़ीकार्यकर्तापत्रकार बन्धु, अन्य सम्मानित महिलाएं व पराविधिक स्वयं सेवक ज्योति वर्मा, सरिता देवी, दीक्षा, स्वप्निल वर्मा, जालिपा प्रसाद, रामकुमार व बृजपाल के द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यालय का संचालन पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल के द्वारा किया गया।



**विधवा ने प्रताड़ना से तंग आकर लगाया घर...**

लखीमपुर खीरी। इन दिनों लव जिहाद का मामला मीडिया की सुर्खियां में बना हुआ है जिसमे बेवा इतना तंग आ चुकी है सिस्टम और विशेष समुदाय के लोगों से घर बेचने को मजबूर बताते चलें थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के बसहामाफी गांव में एक विधवा महिला ने वर्ग.... पढ़ें पेज 07 पर...

# उर्सला अस्पताल में फायरिंग के बाद मचा हड़कंप, स्टाफ डरकर भागा






**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के जाने-माने सरकारी अस्पताल उर्सला अस्पताल में मंगलवार की रात उसे वक्त अफरा- तफरी मच गई। जब वहां पर काम कर रहे कर्मचारियों को धमाके की आवाज सुनाई पड़ी। धमाके की आवाज सुनकर अस्पताल प्रशासन जब वहां पहुंचा तो देगा कि आईसीयू के एग्जिट गेट पर गोली का निशान है। एक गोली नर्सिंग स्टेशन के पास पड़ी हुई मिली है। आनन-फानन में पूरा स्टॉफ आईसीयू के बाहर आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच में जुट गई।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए उर्सला अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर एचडी अग्रवाल ने बताया कि रात करीब 1-15 बजे आईसीयू में बहुत तेज का धमाका हुआ। धमाका होते ही आईसीयू में काम करने वाले स्टाफ में अफरा- तफरी मच गई। देखते ही देखते वहां पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। जांच पड़ताल शुरू हुई तो देखा गया कि आईसीयू के एग्जिट गेट पर दीवार में छेद है। स्टाफ को मौके से एक बुलेट भी मिली है। इसके बाद घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। सूत्रों ने अनुसार अस्पताल के पीछे शादी समारोह का कार्यक्रम था। जहां हर्ष फायरिंग हुई थी। वहीं से बुलेट आई होगी। यह तो गलीमत है कि वहां पर कोई खड़ा नहीं था वरना जान चली जाती।


### अस्पताल परिसर में अनाधिकृत तरीके से रह रहे लोग

उर्सला अस्पताल परिसर में कई ऐसे मकान बने हुए हैं जिनमें अनधिकृत रूप से स्टाफ के कुछ लोग रह रहे हैं। रिटायरमेंट होने के बाद भी बहुत से कर्मचारियों ने कब्जा कर रखा है। यह लोग आए दिन अस्पताल में किसी न किसी रूप से स्टाफ को परेशान करते हैं। इन लोगों पर प्रशासन की भी निगाह नहीं पड़ती है। आखिर गोली कहां से चली और किसने चलाई यह अभी तक रहस्य बना हुआ है। कोतवाली एसीपी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# पत्रकार को ठग ने बनाया अपना शिकार, अकाउंट से किए 58 हजार पार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**बिठूर।** बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक हैरतअंगेज घटना सामने आई है। पत्रकार जो समाज को ठगो से सचेत रहने की सलाह देते रहते हैं ठग ने पत्रकार को ही अपना शिकार बनाते हुए उसके अकाउंट से 58 हजार 2 सौ रुपए पार कर दिए। पत्रकार को अपने साथ हुई ठगी का उस वक्त पता चला जब पत्रकार दोबारा पैसा निकालने के लिए अपने एटीएम का इस्तेमाल करने के लिए एटीएम पहुंचे। तो देखा कि जो एटीएम उसके पास है वह उसका नहीं है किसी और का एटीएम है। जिसके बाद बीते दिन बुधवार को वह अपने साथ हुई ठगी की सूचना देने बिठूर थाने पहुंचे। और अज्ञात ठग के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। घटना क्रम के मुताबिक अनिल ठाकुर जो कि पेशे से पत्रकार हैं। वह हुलासपुर गबड़हा थाना



चौबेपुर के रहने वाले है। बीती 11 तारीख को वह किसी काम से बिठूर गए हुए थे। पैसे की आवश्यकता पड़ने पर क्रॉसिंग के पास बने एसबीआई एटीएम से पैसा निकालने के लिए पहुंचे। जहां पर उन्होंने ?2000 रुपए निकाले। पैसा निकालते वक्त एक व्यक्ति जो पहले से वहां पर मौजूद था उसने पत्रकार को पैसा निकालते हुए देख लिया। बातों बातों में ठग ने उनका एटीएम बदल दिया। और वह वहां से चला गया। पैसा निकालने के बाद पत्रकार भी अपने काम से चले गया। 2 से 3 दिन बाद जब पत्रकार को जब दोबारा पैसे की आवश्यकता हुई तो एटीएम कार्ड लेकर पैसा निकालने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि जो एटीएम उनके पास है वह उनका नहीं किसी और का एटीएम है। जिसके बाद वह बैंक पहुंचा और बैंक मैनेजर से अपने अकाउंट का स्टेटस चेक कराया तब उन्हें पता चला कि उनके अकाउंट से 58 हजार 2 सौ रुपए निकाल लिए गए हैं। इसके बाद उन्होंने बैंक मैनेजर से कहकर अपना अकाउंट बंद करवा दिया। बुधवार को वह बिठूर थाने पहुंचे और अज्ञात ठग के खिलाफ बिठूर थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जल्दी ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# जवाहर लाल इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कल्याणपुर के जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप संयुक्त शिक्षा निदेशक ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करते हुए मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रतिभागी छात्र छात्राओं से उसके विषय में जानकारी हासिल की और उन्हें अपने सुझाव भी दिए। वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर कूड़े से बिजली बनाना और धुआं रहित वातावरण की प्रदर्शनी रही जबकि



दूसरे स्थान पर अम्लीय वर्षा से मुक्ति और तीसरे स्थान पर साइंस सिटी रही।कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को संयुक्त शिक्षा निदेशक ,उप शिक्षा निदेशक और जिला विद्यालय निरीक्षक ने पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर हौसला आफजाई की।इस मौके पर कालेज प्रबन्धक अनुज सिंह राजावत अध्यक्ष प्रदीप तिवारी और प्रधानाचार्य समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जीआरपी पुलिस ने ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच गिर 5 वर्षीय मासूम बच्ची की बचाई जान

- कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचने पर मंजू देवी की पांच वर्षीय बेटी अंशु ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच में गिर गई

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिहार के जमुई जिले की रहने वाली मंजू देवी अपने परिवार के साथ गाड़ी संख्या 05380 कासगंज पैसेंजर ट्रेन से फर्रुखाबाद से कानपुर सेंट्रल की यात्रा कर रही थीं। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचने पर मंजू देवी की पांच वर्षीय बेटी अंशु ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच में गिर गई। यह हादसा देखकर प्लेटफॉर्म 9 पर तैनात हेड कांस्टेबल अमित कुमार ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला।



इसके बाद वे बच्ची को तुरंत प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्थित मदुराज अस्पताल बूथ ले गए, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।गिरने की वजह से बच्ची के सिर में गंभीर चोट आई थी। अस्पताल के चिकित्सकों ने समय पर उपचार कर। जीआरपी पुलिस की हेड कांस्टेबल की सूझबूझ से बच्ची की जान बचाई जा सकी। कुछ दिनों पहले इसी तरह चलती ट्रेन से महिला के फिसल कर गिरते वक्त जीआरपी पुलिस के जाबांज सिपाहियों ने महिला की जान बचाई थीं जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, वीडियो वायरल होने के बाद डीजीपी ने दोनों सिपाहियों को सम्मानित भी किया था।

# दो सर्राफा कारोबारी पर बीआईएस टीम की छापेमारी

- सर्राफा कारोबारी के यहां 5 घंटे तक टीम ने की छानबीन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के दो जाने-माने सर्राफा कारोबारी के यहां बुधवार के दिन लखनऊ से आई बीआईएस टीम ने बिरहाना रोड में छापेमारी की। बिरहाना रोड स्थित धोबी मोहाल मैं रवि एंड सन और चौक सर्राफा स्थित कमलेश सिंह एंड संस के प्रतिष्ठान पर टीम द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी से पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। हालांकि 5 घंटे तक चली छापेमारी के बाद टीम लखनऊ के लिए रवाना हो गई। सूत्रों के मुताबिक भारतीय मानक ब्यूरो टीम को कारोबारी के यहां से सोने के आभूषणों में नकली हॉलमार्क लगाने की शिकायत मिली थी। इसके बाद लखनऊ से आई टीमों ने छापेमारी



की। टीम बीआईएस अधिनियम और हॉल मार्किंग नियमों का उल्लंघन करने के बावत जांच की है। बीआईएस टीम ने सर्राफा कारोबारी पर छापेमारी के दौरान खरीदारी और दिए जाने वाले बिल की भी जांच की। छापेमारी के दौरान पुलिस फोर्स भी मौजूद रही। जिस वक्त प्रतिष्ठानों में छापेमारी चल रही थी उसे दौरान किसी भी कर्मचारी को संस्थान से बाहर नहीं जाने दिया गया। वहीं ग्राहकों को भी बाहर कर दिया गया। बीआईएस टीम द्वारा सर्राफा कारोबारियों पर की गई छापेमारी के बाद कानपुर सर्राफा व्यापारी सदके में है।

# 'द स्पोर्ट्स हब' में 20 और 21 दिसंबर को होगा चैंपियनशिप का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर फुटसल एसोसिएशन के तत्वावधान में 'द स्पोर्ट्स हब' (टीएसएच), आर्य नगर में 20 और 21 दिसंबर को शांति देवी शुक्ला मेमोरियल अंडर-14 इंटर स्कूल फुटसल चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को टीएसएच में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान इस प्रतियोगिता की जानकारी दी गई। आयोजन समिति के अनुसार, यह टूर्नामेंट फुटसल खेल को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस टूर्नामेंट में शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों की 16 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें एलन हाउस, आर्मी पब्लिक स्कूल, सीलिंग हाउस, यूनाइटेड पब्लिक स्कूल और अन्य प्रमुख स्कूल शामिल हैं। सभी टीमों को दो दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता नॉकआउट प्रारूप में होगी, जिसमें हर मैच में खिलाड़ियों का हुनर और टीमवर्क देखने को मिलेगा।कानपुर फुटसल एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डॉ. विकास विक्टर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य फुटसल जैसे रोमांचक और तेजी से बढ़ते खेल को शहर में लोकप्रिय बनाना है। हम चाहते हैं कि युवा खिलाड़ी फुटसल को सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि अपने भविष्य के करियर विकल्प के रूप में भी देखें। यह आयोजन खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का अनुभव देगा और उनके कौशल को निखारने में मदद करेगा।

प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार

इस टूर्नामेंट में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ-साथ अन्य आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा, व्यक्तिगत श्रेणियों में बेस्ट प्लेयर, बेस्ट गोलकीपर और हाईएस्ट स्कोरर को भी सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिए जाएंगे ताकि वे अपने अनुभव




को यादगार बना सकें। आयोजन समिति की उपस्थिति पत्रकार वार्ता में कानपुर फुटसल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रणीत अग्रवाल, जॉइंट सेक्रेटरी वैभव गोद, जय किशन और कन्वीनर अमिताभ गुप्ता उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने बताया कि टूर्नामेंट के आयोजन में पूरी पारदर्शिता और उच्च मानकों का पालन किया जाएगा। शहर में फुटसल को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह है। आयोजकों का कहना है कि इस प्रतियोगिता के जरिए युवाओं में फुटसल के प्रति रुचि बढ़ेगी और शहर के खेल प्रेमियों को रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक फुटसल मुकाबले देखने को मिलेंगे। आयोजन समिति ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस टूर्नामेंट में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। शांति देवी शुक्ला मेमोरियल अंडर-14 फुटसल चैंपियनशिप 2024 न केवल खेल का एक आयोजन है, बल्कि यह नई पीढ़ी को खेल के प्रति प्रेरित करने का एक प्रयास भी है।

# बदबूदार पानी पीकर ग्रामीण हो रहे बीमार, स्थानीय प्रशासन ग्रामीणों की फरियाद को कर रहा दरकिनार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**शिवराजपुर।** नगर पंचायत शिवराजपुर के वार्ड 8 जवाहर नगर में बन रही पानी की टंकी के पास एक हैंड पाइप लगा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि उस हैंड पाइप से बदबूदार पानी निकलता है। इस पानी को पीने से कई लोग बीमार भी हो चुके हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी स्थानीय प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

आपको बताते चलें नगर पंचायत शिवराजपुर के वार्ड 8 जवाहर नगर में रहने वाले ग्रामीण बदबूदार पानी पीने के लिए मजबूर है। जिन लोगों के घर में खुद का समरसेबल है। उन्हें तो ठीक पानी पीने को मिल रहा है लेकिन जो ग्रामीण हैंड पाइप पर आश्रित है उन्हें बदबूदार पानी पीने को



मिल रहा है। गांव के ही रहने वाले अनिल, बबलू, सुरेश, महेश, राजेश कुमार ने बताया कि गांव में प्रवेश करते ही जहां पर नई पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वही शौचालय के पास एक हैंड पाइप लगा हुआ है जिससे बदबूदार पानी आता है। इस पानी को पीने के बाद कई लोग बीमार भी पढ़ चुके हैं। हैंड पाइप को दुरुस्त कराए जाने को लेकर कई बार नगर पंचायत में शिकायत भी की गई। लेकिन नगर पंचायत अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। हालत यह है कि यहां से निकलते वक्त यदि कोई प्यासा हो तो उसे बदबूदार पानी पी कर ही काम चलाना पड़ रहा है। ज्ञातव्य हो कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत जहां ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पानी की अच्छी सुविधा हो इस बात को ध्यान में रखते हुए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उस पर नगर पंचायत कर्मचारियों की लापरवाही तो देखते ही बनती है। जब कि हैंड पाइप ठीक कराए जाने को लेकर प्रत्येक वर्ष लंबा चौड़ा बजट पास किया जाता है। इस बजट में कुछ हैंड पाइप ठीक कराए जाते हैं और कुछ हैंड पाइपों का फर्जी बिल ही पास करा लिया जाता है। तो ऐसे में आखिर अब तक वार्ड 8 में रहने वाले ग्रामीणों की समस्या का समाधान अब तक क्यों नहीं हुआ यह सोचनीय विषय है। अब देखने वाली बात यह होगी कि नगर पंचायत के कर्मचारी और अधिकारी अभी भी जागते हैं या फिर कुंभकर्णी नींद सोते रहते हैं।

# 5 साल की बच्ची नाले में गिरी मौत




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

ग्वालटोली थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी इलाके में 5 साल की बच्ची खेलते समय नाले में गिर गई। गालीमत यह रही कि कुछ लोगों ने बच्ची को नाले में गिरते हुए देख लिया। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। कुछ लोगों ने बच्चों को निकालने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को नाले से निकलवाया लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्वालटोली के खलासी लाइन में सीसामऊ नाले के किनारे पिंटू सिंह का परिवार रहता है। उन्होंने बताया कि 2021 में उनके बड़े भाई दिव्यांग लाल बहादुर की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। करीब एक साल पहले उनकी भाभी मिनी अपने बच्चों को छोड़कर चली गई। इसके बाद वह अपने भाई राजू और राजकुमार के साथ भाई के चार बेटों और चार बेटियों का पालन पोषण कर रहा है। मंगलवार को 5 वर्षीय भतीजी रागिनी 7 वर्षीय मानसिक बीमारी से ग्रसित भतीजे देव और 2 वर्षी भतीजी आरुषि के साथ घर के सामने स्थित सीसामऊ नाले पर खेल रही थी। तभी एक जगह फर्ज टूटी होने के कारण रागिनी नल में गिर पड़ी। काफी देर तक रागिनी नहीं दिखाई तो उसकी तलाश शुरू की। भतीजे देवा ने रागिनी के नाले में गिरने की जानकारी दी। तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस के साथ बच्ची की तलाश शुरू कर दी। करीब 2 घंटे बाद घटनास्थल से 500 मी की दूरी पर नाले में प्लॉट की जाली में बच्ची का शव फंसा हुआ मिला। ग्वालटोली थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बच्ची को बाहर निकलवा लिया। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# लोक सभा में सांसद चंद्र शेखर ने अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की कानून मंत्री से की मांग

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति की बैठक कानपुर कचहरी स्थिति संघर्ष समिति कार्यालय में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम पर हुई ।

बैठक में बोलते हुए कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद दीक्षित ने बताया कि अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवारों की सुरक्षा जीवन रक्षा और संपत्ति रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर हमारी अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम की मांग को नगीना से आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्र शेखर एडवोकेट ने लोक सभा में



उठाते हुए मजबूती से सभापति के माध्यम से कानून मंत्री से देश में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग की। पहली बार लोक सभा में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम की मांग उठने से हम अधिवक्ताओं को प्रसन्नता के साथ यह विश्वास है कि हमारे अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को लागू होने में यह एक मजबूत कदम साबित होगा। अन्त में सर्व सम्मति से तय होने के आधार पर अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को लोकसभा में उठाने वाले चंद्रशेखर एडवोकेट सांसद नगीना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद पत्र जरिए मेल प्रेषित किया गया। प्रमुख रूप से विजय रावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन अरविंद दीक्षित राजेंद्र द्विवेदी संजीव कपूर शिवम गंगवार दानिश कुरैशी इशू सोनकर नवनीत पाण्डे मो0 इम्तियाज सरताज जफर रिजवान अहमद इंद्रेश मिश्रा के के यादव आदि रहे।

### तीसरी मंजिल से गिरकर सफाई कर्मी की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** तीसरी मंजिल से गिरकर सफाई कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। निजी अस्पताल के डॉक्टर ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों ने छोटे-छोटे बच्चों का हवाला देते हुए मुआवजे की मांग करते हुए जमकर हंगामा काटा। पुलिस और क्षेत्रीय पार्षद के द्वारा समझे जाने के बाद आक्रोशित परिजन शांत हुए। चकेरी थाना क्षेत्र के गांधी ग्राम में रहने वाले अमित वाल्मीकि उम्र 32 वर्ष प्राइवेट सफाई कर्मचारी के रूप में काम करता था। मृतक के साले किशन ने बताया कि वह ठेकेदार गोपाल मिश्रा के लिए सीवर लाइन साफ करने का काम करता था। इस एवज में उसे ?6000 रुपए प्रतिमा मिलते थे। ठेकेदार ने सफीपुर प्रथम में बुधवार सुबह मीरा शुक्ला के घर के पास सीवर लाइन साफ करने के लिए भेजा था। इस बीच उन्हें सफीपुर प्रथम में परचून दुकानदार जीतू चौरसिया ने अपने घर की तीसरी मंजिल पर सीवर लाइन जाम होने पर सफाई करने की बात कही। दोनों के बीच?700 देने की बात तय हुई। फिर वह जीतू के मकान में तीसरी मंजिल पर जाम पड़ी सीवर लाइन साफ करने के लिए चढ़ने लगा। तभी दीवार पर लगा प्लास्टिक का पाइप पकड़ने पर वह टूट गया। और अमित करीब 30 फीट नीचे गिर गया??। सर पर गंभीर छोटे लगने से मौके पर ही दम तोड़ दिया। जीतू ने मोहल्ले के लोगों के साथ गंभीर रूप से घायल अमित को काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाकर पत्नी पूनम और चार बच्चे अमृत अरमान अभी और अभिमन्यु मौके पर पहुंच गए। शव देखते ही सभी बिलख- बिलखकर रोने लगे। पत्नी और परिवार के लोगों ने बच्चों का हवाला देते हुए मुआवजे की मांग रखते हुए हंगामा काटना शुरु कर दिया।

# विधानसभा घिराव प्रदर्शन के लिए शहर कांग्रेस कमेटी की टीम रवाना



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर के नेतृत्व में एक टीम प्रातः जाजमऊ गंगा पुल से लखनऊ में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर होने वाले विधानसभा घेराव प्रदर्शन के लिए निकल गई अलग-अलग टीम गुप्त रूप से निकल निकल गई झंडों को बाद में गाड़ी के अंदर छुपा कर रख लिए गए तथा गाड़ी के ऊपर दूसरे दल का झंडा लगाकर लखनऊ निकल गए प्रातः सभी लोग पूर्व जिला अध्यक्ष महेश दीक्षित के निवास पर पर गुप्त रूप से इकट्ठा होकर एक-एक गाड़ी करके लगभग 20 कारों के काफिले के साथ दूरी बनाकर लखनऊ को कूच कर गए हैं जिसका नेतृत्व प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी दिलीप शुक्ला मनीष बाजपेई आर्य नगर विधानसभा प्रभारी लालता प्रसाद उर्फ लल्लन अवस्थी संजय दीक्षित आसिफ इकबाल शहर कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व्यापारी नेता महेश मेघानी आरिफ पहलवान राज लक्ष्मी कैलाश पाल आदि लगभग 60 साथियों के साथ लखनऊ को प्रस्थान कर गए थे दूसरी टोली राजेश गौतम के नेतृत्व में गंगा बैराज की तरफ से लखनऊ को प्रस्थान की है वहीं दूसरी तरफ शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद अलम मंसूरी के निवास पर पुलिस बल तैनात किया गया पूर्व लोकसभा प्रत्याशी से आलोक मिश्रा के निवास पर पुलिस बल तैनात करके नहीं निकलने दिया गया।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### अपनों के निशाने पर आने के बाद क्या अब नीतियों में बदलाव लाएगी कांग्रेस?

**ऐसे में सरकार और चुनाव आयोग दबाव में आ सकते हैं। लेकिन ऐसा करने के लिए ईवीएम पर संदेह करने वाले दलों में साहस होना चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा साहस कोई दल दिखाता नजर नहीं आ रहा। इसकी वजह यह है कि कोई भी दल संसदीय राजनीति के उस रसूख को छोड़ने का साहस नहीं रखता, जो उसे सांसद या विधायक बनने के बाद हासिल होता है। इन दलों और उनके नेताओं को पता है कि संसद और विधानमंडल से बाहर रहने के बाद उनकी बातें गौर से सुनीं नहीं जातीं और उनके शब्दों को तवज्जो भी नहीं मिलता।**

*संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्गद् हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे-सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो। दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रियंका के इस बयान के ठीक बाद सामने आए उमर अब्दुल्ला के ये शब्द महज बयान नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक अर्थ हैं। उमर के इस बयान को ममता बनर्जी और रामगोपाल यादव की अभिव्यक्ति की अगली कड़ी के रूप में रखा जा सकता है। यहां एक बार फिर दोहरा देना उचित ही होगा कि इंडिया गठबंधन के अघोषित अगुआ को रूप में राहुल गांधी को नकार चुकी हैं और समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस की अगुआई को ही नकार चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए एक तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व में उनका भरोसा नहीं है। आज की राजनीति जिस बिंदु पर पहुंच चुकी है, उसमें अगुआ की हर गलत-सही बात का समर्थन करना ही अनुयायियों की पहली शर्त बन गई है। तार्किक आधार पर समर्थन और विरोध की सोच को हमारे समाज ने सिरे से नकार दिया है। यह नकार राजनीति में सबसे ज्यादा नजर आता है। अगुआ की बात को अनुयायी ने स्वीकार नहीं किया तो उसे सीधे-सीधे नाफरमानी या अनुशासनहीनता माना जाता है। दलीय व्यवस्था में ऐसे नकार की सजा निष्कासन और निलंबन तय है। चूंकि इंडिया गठबंधन औपचारिक कोई दल नहीं, बल्कि दलों का समूह है, लिहाजा यहां वैसी अनुशासनिक व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद मोटे तौर पर गठबंधनों के बीच एक समझ रही है कि गठबंधन और उसके अगुआ की सेहत पर असर ना पड़े, ऐसी बयानबाजी से दूर रहा जाए। लेकिन ममता बनर्जी, रामगोपाल यादव और उमर अब्दुल्ला के बयान के संदेश साफ हैं। संदेश यह है कि कांग्रेस की अगुआई में उन्हें नरेंद्र मोदी को चुनौती दे पाने की ताकत राहुल गांधी में नहीं दिखती। इन बयानों का एक संदेश यह भी है कि राहुल गांधी की अगुआई में इन दलों का कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर कोई भविष्य नहीं है। लेकिन उमर अब्दुल्ला इससे आगे का भी संकेत दे रहे हैं। ईवीएम के बहाने वे कांग्रेस को यह भी संदेश दे रहे हैं कि 'मीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थू' की वैचारिक सोच वाली राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। यह कैसे हो सकता है कि जिस ईवीएम के सहारे आप अमेठी और वायनाड जीतने के बाद आप जश्न में डूब सकते हैं, जिसके सहारे 55 से 99 सीटों पर पहुंच जाते हैं तो इसे अपनी भारी जीत बताते हैं, जिस ईवीएम के ही सहारे जब आप कर्नाटक, हिमाचल और झारखंड और यहां तक कि कश्मीर जीत जाते हैं तो इसे नरेंद्र मोदी की हार बताने लगते हैं, लेकिन अगर चुनावी रणनीति में मात खाने के बाद सत्ता की दौड़ में पीछे रह जाते हैं तो ईवीएम को दोषी ठहराने लगते हैं। यह दोहरापन नहीं चलने वाला। इसे जनता भी समझने लगी है। अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**केरल में पुलिस के लिए नियमित संवेदीकरण कार्यशालाओं के परिणामस्वरूप लिंग-आधारित शिकायतों का अधिक संतुलित संचालन हुआ है। संगठनों को समावेशी कार्यस्थल नीतियों को बाध्यकारी किया जा सकता है जो पितृत्व अवकाश, पुरुषों द्वारा सामना किए जाने वाले यौन उत्पीड़न और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसे मुद्दों को सम्बोधित करती हैं। स्वीडन की पैतृक अवकाश नीति पिता को समान अवकाश प्रदान करती है, जो घर पर साझा पालन-पोषण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देती है। लैंगिक न्याय के लिए संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए पुरुषों के अधिकारों को समान ईमानदारी से सम्बोधित करने की आवश्यकता है।**

# घरेलू विवाद से दहेज के झूठे मामलों में उलझते पुरुष


प्रियंका सौरभ

**राजेश शर्मा बनाम यूपी राज्य (2017) में, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 498ए के दुरुपयोग को नोट किया और झूठे आरोपों के खिलाफ सुरक्षा उपाय पेश किए। पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है।**

जब वैवाहिक कलह के कारण घरेलू विवाद उत्पन्न होते हैं, तो अक्सर पति के परिवार के सभी सदस्यों को फंसाने की कोशिश की जाती है। अदालतों को दहेज उत्पीड़न के मामलों में कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें सतर्क रहना होगा कि कहीं कानून का दुरुपयोग कर पति के रिश्तेदारों को फंसया तो नहीं जा रहा। अदालतों को निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए। पुरुषों के अधिकारों से तात्पर्य कानूनी और सामाजिक अधिकारों से है, जो ख़ासतौर पर पुरुषों के सामने आने वाली समस्याओं को सम्बोधित करते हैं। भारत में, जबकि महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देना जरूरी है, पुरुषों की चुनौतियों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है, जैसे धारा 498ए आईपीसी के तहत घरेलू हिंसा के मामलों में झूठे आरोप, मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी और सीमित पैतृक अधिकार। साझा पालन-पोषण कानूनों के इर्द-गिर्द हाल की बहसें लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता को उजागर करती हैं। भारत में पुरुषों के अधिकारों को अक्सर लैंगिक समानता पर व्यापक चर्चा में कम ध्यान दिया जाता है। घरेलू दुर्व्यवहार के शिकार के रूप में पुरुषों को कानूनी मान्यता नहीं मिलती है, जिससे सुरक्षा की मांग करना या दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जीवनसाथी द्वारा भावनात्मक, वित्तीय या शारीरिक शोषण के शिकार पुरुषों को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है और घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 जैसे मौजूदा ढाँचों के तहत कानूनी सहारा नहीं मिलता है। पुरुषों से भावनाओं को दबाने की सामाजिक अपेक्षाएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं, जिससे आत्महत्या की दर और अनुपचारित मनोवैज्ञानिक समस्याएँ बढ़ती हैं। 2022 के एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि आत्महत्या के 72.5त्न मामले पुरुषों के हैं, जो लिंग-संवेदनशील मानसिक स्वास्थ्य नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है। तलाक या अलगाव कानून मातृ हिरासत का पक्ष लेते हैं, पिता की भूमिका को हाशिए पर डालते हैं और बच्चे के पालन-पोषण में उन्हें समान अधिकारों से वंचित करते हैं।



**लैंगिक-तटस्थ कानून, मानसिक स्वास्थ्य सहायता में वृद्धि और सामाजिक रूढ़ियों को ख़त्म करने के लिए जागरूकता अभियान महत्त्वपूर्ण क़दम हैं। जैसा कि मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने कहा था, किसी भी जगह अन्याय हर जगह न्याय के लिए ख़तरा है।**

अभिभावक और वार्ड अधिनियम, 1890, मातृ हिरासत को प्राथमिकता देता है जब तक कि माँ को अयोग्य नहीं माना जाता है, जिससे माता-पिता की भागीदारी के लिए पिता के अवसर सीमित हो जाते हैं। धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) जैसे लिंग-विशिष्ट कानूनों का कभी-कभी दुरुपयोग किया जाता है, जिससे निर्दोष पुरुषों को प्रतिष्ठा, वित्तीय और भावनात्मक नुक़सान होता है। राजेश शर्मा बनाम यूपी राज्य (2017) में, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 498ए के दुरुपयोग को नोट किया और झूठे आरोपों के खिलाफ सुरक्षा उपाय पेश किए। पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है, संस्थागत दृष्टिकोण को प्रभावित करती है और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार या यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उचित उपचार को सीमित करती है। विशाखा दिशा-निर्देश केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर उत्पीड़न को कवर करते हैं, जिससे पुरुष पीड़ितों को भारतीय कानून के तहत समान सुरक्षा नहीं मिलती है। यौन शोषण के वयस्क पुरुष उत्तरजीवी कानूनी ढांचे में अपरिचित रहते हैं, जिससे उन्हें वैधानिक उपचार या संस्थागत सहायता से वंचित रखा जाता है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 375 बलात्कार को केवल एक महिला के दृष्टिकोण से परिभाषित करती है, जिससे यौन उत्पीड़न के पुरुष उत्तरजीवी बिना किसी सहारे के रह जाते हैं। घरेलू हिंसा अधिनियम और आईपीसी की धारा 498ए जैसे मौजूदा कानूनों को संशोधित करके उन्हें लिंग-तटस्थ बनाया जाए, जिससे घरेलू हिंसा और झूठे आरोपों के खिलाफ पुरुषों के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कनाडा और यूके जैसे देशों में घरेलू हिंसा कानून लिंग-तटस्थ हैं। साझा पालन-पोषण की अवधारणा ऑस्ट्रेलिया में अच्छी तरह से स्थापित है, जो हिरासत के निर्णयों में दोनों माता-पिता के लिए समान विचार को अनिवार्य बनाती है। जापान ने तनाव कम करने को लक्षित करते हुए कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें लिंग-विशिष्ट चिंताओं को शामिल करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। केरल में पुलिस के लिए नियमित संवेदीकरण कार्यशालाओं के परिणामस्वरूप लिंग-आधारित शिकायतों का अधिक संतुलित संचालन हुआ है। संगठनों को समावेशी कार्यस्थल नीतियों को बाध्यकारी किया जा सकता है जो पितृत्व अवकाश, पुरुषों द्वारा सामना किए जाने वाले यौन उत्पीड़न और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसे मुद्दों को सम्बोधित करती हैं। स्वीडन की पैतृक अवकाश नीति पिता को समान अवकाश प्रदान करती है, जो घर पर साझा पालन-पोषण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देती है। लैंगिक न्याय के लिए संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए पुरुषों के अधिकारों को समान ईमानदारी से सम्बोधित करने की आवश्यकता है। लैंगिक-तटस्थ कानून, मानसिक स्वास्थ्य सहायता में वृद्धि और सामाजिक रूढ़ियों को ख़त्म करने के लिए जागरूकता अभियान महत्त्वपूर्ण क़दम हैं। जैसा कि मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने कहा था, किसी भी जगह अन्याय हर जगह न्याय के लिए ख़तरा है।

## एक्सप्रेस कविता

*कलेजे का टुकड़ा होती हैं बेटियां घर का अहम हिस्सा होती हैं बेटियां, वेदों की ऋचाएं होती हैं बेटियां, आकाश की जगमगाती चांदनी होती हैं बेटियां। कैसी सुखद घड़ी थी, जब तू हमारी जिंदगी में आई थी, न जाने कितने चंदा जगमगयाए थे, चांदनीयों की रोशनी लहराई थी। घर के कोने कोने में छुपना छुपाना उसका, नन्हे मुख से खिलखिलाना उसका, अचानक गुस्से से रूठ जाना उसका, फिर प्यार से गले लग जा ना उसका। बेटियां तो घर की दीपक और बाती होती हैं हमारा घर भी तो बेटियां ही जगमगाती है, मेरी आत्मा तभी चैन पाती है बेटी जब भी गले लग जाती है। उंगली पकड़कर चलना सीखा था उसने, आज मैं लड़खड़ाइ तो हाथ थामा था उसने, मेरे आंसुओं को अपनी आंखों में छुपाया था उसने, आज देखो मेरी मां बनकर दुनिया दिखाया था उसने।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**नफरत को हजार मौके दो कि वो प्रेम में परिवर्तित हो जाए, लेकिन प्रेम को एक भी मौका मत दो, कि वो नफरत में बदल जाए**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्थी 10:03 तक |
| नक्षत्र: | आश्लेषा 25:59 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | गुरुवार |
| योगः | वैधृति, 18:33 |
| सूर्योदय: | 07:09 |
| सूर्यास्त: | 17:27 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 13:35-14:52 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:57-12:38 |

## जन एक्सप्रेस

**हो ऐसे तैयारी !**

*मिल रही नसीहत।*
*हो ऐसे तैयारी।।*
*रणनीति पर काम।*
*होगा रखना ज़ारी।।*
*गुरु मंत्र मिल रहा।*
*पल पल हो सुधार।।*
*कैसे भी बढ़ाना है।*
*अपना ये आधार।।*
*झोंकनी है ताकत।*
*आ गया वो वक्त।।*
*ना बनना है ढ़ीला।*
*हो जाना है सख्त।।*
*बढ़ते जाना आगे।*
*हो विरोधी पस्त।।*
*सीटें बढ़ने वाली।*
*हैं करते आश्वस्त।।*


- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# नाश्ते से लेकर डिनर तक बच्चों को खिलाएं हेल्दी चीजें, हमेशा रहेंगे सेहतमंद

**बच्चों** की सेहत और विकास के लिए सही पोषण बेहद जरूरी है। बढ़ती उम्र में बच्चों को संपूर्ण पोषण देने से उनका शारीरिक और मानसिक विकास तेजी से होता है। लेकिन आजकल के जमाने में बच्चों को हेल्दी खाना खिलाना बहुत मुश्किल काम होता है। कई बार पेरेंट्स की जल्दबाजी में भी बच्चों को हेल्दी ऑप्शन खाना समझकर खिलाते हैं, वो वाकई हेल्दी नहीं होता है। मनप्रीत कालरा का कहना है कि बच्चों को दिन की शुरुआत में होने वाले ब्रेकफास्ट, फिर लंच और डिनर में हेल्दी खिलाया जाए, तो यह उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

**हरी सब्जियां:** काटने और बनाने के चक्कर में पेरेंट्स अक्सर बच्चों को फ्रोजन सब्जियां खाने के लिए दे देते हैं। लेकिन फ्रोजन सब्जियों में कई प्रकार के आर्टिफिशियल कलर्स और केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। यह चीजें बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती हैं और उनकी ग्रोथ में रुकावट पैदा कर सकती हैं।

**पोहा, उपमा या वर्मा सिल्ली:** बच्चों को ब्रेकफास्ट में कॉर्न फ्लेक्स और पैकेज्ड फूड देने की बजाय घर पर बना पोहा, उपमा और वरामासिल्ली दे सकते हैं। पोहा, उपमा को पकाने के लिए



पर्याप्त मात्रा में सब्जियों का इस्तेमाल किया जाता है। सब्जियों में कई प्रकार के मिनरल्स, विटामिन और हेल्दी फैट पाया जाता है। यह पोषक तत्व बच्चों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

**हलवा और खीर:** खाने के बाद अगर आपका बच्चा मीठा खाता है, तो उसे पैकेट में चॉकलेट की बजाय, घर पर बना हुआ हलवा, खीर और पुडिंग दें। बाजार में मिलने वाले चॉकलेट में अतिरिक्त चीनी और प्रोसेसिंग का इस्तेमाल होता है, जो बच्चों की सेहत को नुकसान पहुंचाता है।

**रोटी:** सुबह के ब्रेकफास्ट या शाम के स्नैक्स के तौर पर बच्चों को ब्रेड वाले सैंडविच या ब्रेड जैम देने की बजाय रोटी देने की कोशिश करें। आप चाहें तो रोटी को विभिन्न प्रकार की सब्जियां और साग मिला सकते हैं।

**पैकेज्ड जूस की बजाय फ्रूट जूस:** बच्चों को बाजार में मिलने वाले पैकेज्ड जूस की बजाय घर पर बना हुआ फ्रूट जूस पिलाएं। ताजे फलों के रस में पर्याप्त मात्रा में विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो बच्चों की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।


**बच्चों के लिए 7 हेल्दी ब्रेकफास्ट ऑप्शन**

अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में गट और हार्मोन हेल्थ कोच ने बच्चों के लिए कौन से हेल्दी ब्रेकफास्ट ऑप्शन हो सकते हैं, इसकी जानकारी भी दी है। आइए आगे जानते हैं इसके बारे में

1. नट्स और ताजे फलों के साथ पोहा
2. नारियल की चटनी और सांभर के साथ इडली
3. पनीर और सब्जियों से भरा पराठा
4. सब्जियों और मेवों के साथ बाजरा उपमा
5. नारियल की चटनी और सांभर के साथ डोसा
6. एवोकैडो और टमाटर के साथ साबुत अनाज टोस्ट
7. बेसन चीला विद वेजिटेबल स्टफिंग

## एक्सप्रेस विशेष

# समरसता और अर्थव्यवस्था


डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**शुद्ध जल के लिये गंगोत्री से लेकर प्रयागराज तक गंदे नालों को गंगा में गिरने से रोका गया था। पिछला प्रयागराज कुंभ का भव्य दिव्य आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपलब्धियों में शामिल है। इसमें अनेक वैश्विक कीर्तिमान कायम हुए थे।**

**आस्था के जुड़ाव से पूरा माहौल ही बदल जाता है। इस अवसर के लिए प्रयागराज में सांस्कृतिक केन्द्र के कलाग्राम की स्थापना की गई थी। यहां चलो मन गंगा यमुना तीर कार्यक्रम ने लोगों को बहुत प्रभावित किया था। यूनेस्को ने कुम्भ को मानवता के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की संज्ञा दी थी। योगी सरकार ने पौराणिक नाम प्रयागराज पुन:स्थापित किया।**

**करीब** पांच सौ वर्षों के बाद योगी आदित्यनाथ सरकार ने इलाहाबाद को उसका पौराणिक नाम बहाल किया था। इस तरह 2019 का कुंभ प्रयागराज में हुआ था। इस बार प्रधानमंत्री ने यहां पहुंच कर कुंभ कलश का पूजन किया। पिछले कुंभ के शुभारंभ से पहले पांच सदियों में पहली बार एक कीर्तिमान बन गया था। इसके पहले इस अवधि के कुंभ इलाहाबाद में आयोजित होते रहे। इस बार भी कुंभ के शुभारंभ से पहले एक कीर्तिमान कायम हुआ है। योगी सरकार ने इस विशाल आयोजन की दृष्टिगत कुंभ नगर की स्थापना की है। इस ज़िले में प्रयागराज के सदर तहसील,करछना, फूलपुर,और सोरांव के करीब सत्तर गांव और मोहल्ले शामिल हैं। वस्तुत भारतीय संस्कृति 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का संदेश देती है। कुम्भ देश की विविधता एवं समृद्ध संस्कृति को सीखने, जानने और समझने का अवसर है। कुम्भ के अवसर पर यहाँ श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को विभिन्न प्रदेशों की अनेक कलायें देखने को मिलती हैं। कुम्भ का शुभारम्भ मकर संक्रांति से होता है। तैयारियों की झलक उसकी भव्यता का परिचायक है। भारत का सांस्कृतिक वैभव के यहां दर्शन होंगे। मेला क्षेत्र का एरिया पहले के मुकाबले बढ़ाया गया है। अ इस बार दुनिया के करीब चालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में आने का अनुमान है। योगी आदित्यनाथ महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। उनके विजन और मार्गदर्शन के मुताबिक मेला प्राधिकरण और अन्य सभी विभाग महाकुम्भ की तैयारियों में पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यरत हैं। भारतीय दर्शन में कुम्भ की दिव्य प्रतिष्ठा रही है। 2019 में ही योगी आदित्यनाथ ने भव्यता की भी बहुत बड़ी लकीर खींच दी थी। यह कार्य केवल शासन सत्ता के माध्यम से नहीं हो सकता था। इसके लिए आस्था का धरातल होना अपरिहार्य होता है। योगी आदित्यनाथ ने इसी भावना से कुम्भ तैयारियों का निर्देशन किया था। यही कारण है कि प्रारम्भ से समारोप तक जय जय होती रही। जो यहां आया वह व्यवस्था से प्रभावित होकर ही वापस लौटा था। पिछले प्रयागराज कुम्भ में कई विश्व स्तरीय कीर्तिमान स्थापित हुए थे। योगी ने उस अर्ध कुंभ की ऐसी व्यवस्था की थी। तभी यह अनुमान लगाया जा रहा था कि 2025 के पूर्ण कुंभ में भी उनके वैश्विक कीर्तिमान स्थापित होंगे। इस बार मेला क्षेत्र में बने केंद्रीय हॉस्पिटल और खोया पाया केंद्र स्थापित किया गया है। प्रयागराज शहर में भी कई स्थाई व अस्थाई निर्माण कार्य हो रहे हैं। मेला प्राधिकरण, नगर निगम,लोक निर्माण प्रयागराज विकास प्राधिकरण, राज्य सेतु निगम व अन्य कई विभागों के निर्माण कार्य प्रयागराज में चल रहे हैं। इनमें से कई कार्य पूरे हो चुके हैं और कई अंतिम दौर में है। बॉलीवुड के तमाम सितारे अपनी सुरीली आवाज में यहां श्रद्धालुओं को आध्यात्म और संस्कृति के रस से सराबोर करेंगे तो वहीं दूसरी ओर सांस्कृतिक संध्या में महाकुम्भ से जुड़ी गाथाओं और रामलीला व महाभारत की लीलाओं का भी मंचन होगा। आशुतोष राणा हमारे राम पर अपनी प्रस्तुति देंगे तो एक्ट्रेस और सांसद हेमामालिनी गंगा अवतरण पर कला का परिचय देंगी। महाभारत सीरियल फेम पुनीत इस्सर महाभारत की अपनी प्रस्तुति से लोगों को प्रचीन भारत के युग में ले जाएंगे। यह सभी कार्यक्रम गंगा पंडाल में आयोजित किए जाएंगे। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा इसका आयोजन किया जाएगा। भोजपुरी और बॉलीवुड एक्टर व गोरखपुर के सांसद रवि किशन शिव तांडव की प्रस्तुति देंगे। देश के प्रसिद्ध कवियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। देश के जाने-माने बैंड भी देंगे अपनी प्रस्तुतियां देंगे। प्रयागराज कुंभ सामाजिक सद्भावना का भी प्रतीक है। कुंभ की विरासत को सर्व सिद्धिप्रदः कुंभः के संदेश के साथ प्रचारित किया गया। वर्तमान सरकार अपनी विरासत को संरक्षित करने के लिए कृतसंकल्पित है। पिछले में भी योगी सरकार ने धार्मिक और आध्यात्मिक कलेवर के साथ कुम्भ के दौरान वैश्विक स्तर पर स्वच्छता,सुरक्षा व सुव्यवस्था का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया था। उसमें योगी आदित्यनाथ के निमंत्रण पर पहली बार प्रवासी भारतीय सम्मेलन के प्रतिनिधि कुम्भ स्नान हेतु पहुंचे थे। यहां आकर यह सभी भाव विभोर थे। ये सभी प्रतिनिधि काशी में हुए प्रवासी सम्मेलन हेतु आये थे। प्रयागराज कुम्भ का इनका कार्यक्रम बाद में बनाया गया। इस बार प्रयागराज कुम्भ में तैयारियों के साथ आस्था का भी समावेश हुआ था। यह योगी की निजी आस्था के कारण संभव हुआ। सरकारी मशीनरी ने भी इसी भावना से कार्य किया। पचास वर्षों में पहली बार तीर्थयात्रियों को इतना शुद्ध जल स्नान हेतु उपलब्ध हुआ था।

# इंसाफ ना मिला तो दे दूंगी जान

# पीड़िता ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

■ सऊदी अरब में दूसरी शादी कर तीन तलाक़ की धमकी दे जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले पति के विरुद्ध अगर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो दे दूंगी जान



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** महिला शक्ति महिलाओं के लिए तरह-तरह की योजनाएं बनाने वाली सरकार की सच्चाई धरातल पर कुछ और नजर आती है आज भी महिलाएं आंखों में आंसू लेकर न्याय के लिए दर-दर भटकती हैं पुलिस द्वारा उन्हें आश्वासन का लॉलीपॉप दे दिया जाता है और कार्रवाई के नाम पर सिर्फ मूर्ख बनाया जाता है कोतवाल साहस कहते हैं पति को पकड़ने सऊदी अरब थोड़ी जाएगे पुलिस अधीक्षक खीरी को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया अबुल हसन पुत्र हाफिज मोहम्मद जावेद अशरफ 10/40 तीसरी मंजिल गली नंबर 40 जाकिर नगर जामिया नगर दक्षिणी दिल्ली में रहने वाले ने विपक्षी ने प्रेमजाल में फांस कर सऊदी अरब से आकर 5.मई.2021 विवाह इस शर्त पर किया पीड़िता के परिजनों से कहा वह अपने साथ पीड़िता को दिल्ली में रखकर पढ़ा लिखाकर पीड़िता का कैरियर बनाएगा दोनों साथ सऊदी अरब रहेंगे मूर्ख बना बाद दो माह बाद पति सऊदी अरब चला गया पीड़िता गर्भवती हो गई जिसकी सूचना जब पति को दी तो पति बोला अभी बच्चा नहीं चाहिए पति के इच्छा के विरुद्ध पुत्र को जन्म दिया पति द्वारा मूर्ख बनाया गया पुत्र के जन्मप्रमाण के लिए फेंक आधार कार्ड दिया जो बाद में जांच में गलत साबित हुआ पति पीड़िता व पुत्र मिलने नहीं आया इसी तरह तीन वर्ष के बाद पीड़िता को पता चला पति दिल्ली में अपना मकान बेचने के इरादे से आया है पीड़िता दिल्ली गयी पति को पकड़ लिया और मायके लेकर आई परिजनों ने पुलिस में शिकायत की बात की भयभीत पति ने पीड़िता को अपने पास सऊदी अरब बुला लेगा पति चला गया।उसके बाद पीड़िता का पासपोर्ट वीजा बना और पीड़िता सऊदी अरब चली गई जहां पति अबुल हसन ने एक फ्लैट लेकर पीड़िता को रखा वहां पीड़िता को पता चला की अबुल हसन ने पीड़िता से शादी करने के एक साल बाद दूसरी शादी कर ली और उससे दो पुत्र हैं। पीड़िता के पैरों तले जमीन खिसक गई विरोध करने पर पति द्वारा पीड़िता को बंधक बना मोबाइल छीन कर यातनाए दी गई बच्चे को भूखा रखा गया मारने व बेचने का प्रयास किया गया पीड़िता ने सऊदी में दो माह किस तरह से बिताए सोच कर रूह कांप उठती पीड़िता के पिता भी सऊदी अरब में जाप करते है बढ़ी मुश्किल से पीड़िता ने पिता से सम्पर्क किया पिता ने पीड़िता की दयनीय स्थिति देखकर 16. नवम्बर.2024 को भारत आई तब से पीड़िता लगातार न्याय की गुहार लगा रही है संकटा देवी चौकी प्रभारी द्वारा दिशाहीन आख्या लगा रही कोतवाल एफआईआर दर्ज कर क्या पति को सऊदी अरब पकड़ने जाएंगे इस तरह से पीड़िता को दौड़ाया जा रहा है न्याय मिलना तो दूर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

## विधवा ने प्रताड़ना से तंग आकर लगाया घर बेचने का पोस्टर





जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। इन दिनों लव जिहाद का मामला मीडिया की सुर्खियां में बना हुआ है जिसमे बेवा इतना तंग आ चुकी है सिस्टम और विशेष समुदाय के लोगों से घर बेचने को मजबूर बताते चलें थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के बसहामाफी गांव में एक विधवा महिला ने वर्ग विशेष के समुदाय के लोगों से परेशान होकर अपने घर की बिक्री का पोस्टर लगा दिया है। महिला का आरोप है कि उसकी बड़ी बेटी के साथ हुए लव जिहाद मामले में उसे न्याय नहीं मिल रहा, और शोहदे उसकी छोटी बेटी को भी उठाने की धमकी दे रहे हैं। महिला ने बताया कि उसकी छोटी बेटी के साथ भी अश्लीलता की घटना हुई थी, जिसके बाद पाक्सो एक्ट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ। इसके बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और महिला को धमकाते रहते हैं।पीड़िता का कहना है कि उसका घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, क्योंकि आरोपी मुस्लिम समुदाय से हैं और उनका आपराधिक इतिहास भी है। पीड़िता ने थाने से लेकर एसपी ऑफिस तक चक्कर लगाए, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। आरोप है कि पुलिस भी मामले में कोई सख्त कदम नहीं उठा रही है,और दबंग लोग बाहर घूमकर पीड़िता को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान कर रहे हैं।घटना के बारे में बात करते हुए महिला ने कहा कि उसके गांव में मुस्लिम समुदाय का प्रभुत्व है,और पीड़िता के अरीब करीब सभी मुस्लिम है पीड़िता का परिवार एकमात्र हिंदू परिवार है।पति की मृत्यु के बाद से ही गांव के लोग उसे परेशान करने लगे थे।महिला का आरोप है कि पूर्व प्रधान घूरे का पोता इमरान और उसके साथी आए दिन उसकी बेटियों को परेशान करते थे।इमरान ने दो बार उसकी बड़ी बेटी को घर से उठाया था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी। 4 अक्टूबर 2024 को जब महिला कीदोनों बेटियां घर पर अकेली थीं, इमरान और इरशाद नामक युवक ने घर में घुसकर तांडव मचाया।आरोप है कि उन्होंने घर में रखे 35,000 रुपये और ज़ेवर लूटे और महिला की बड़ी बेटी को अगवा कर लिया,वहीं छोटी बेटी के साथ अश्लीलता की। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया,लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।महिला ने कहा कि पुलिस बार-बार उसे आश्वासन देती है, लेकिन उसकी बेटी का अब तक कोई पता नहीं चला। वह अब घर बेचने की योजना बना रही है क्योंकि उसे अपने और अपनी बेटियों के लिए न्याय की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है।

## ग्राम पंचायत सकेथू की विभिन्न समस्यों को लेकर जिलाधिकारी से मिले संतोष कुमार शर्मा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



बुधवार को मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सदर ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम पंचायत सकेथू के ग्राम पंचायत सदस्य ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार को अपने पैतृक ग्राम पंचायत सकेथू की विभिन्न समस्यों को लेकर जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात एवं वार्ता की।शर्मा ने जिला अधिकारी खीरी से वार्ता करते हुए कहा कि हमारी ग्राम पंचायत सकेथू के माजरा कोडरी जमालपुर के मध्य स्कूल फॉर्म छूटा है। और उसी जगह पर लगभग दो एकड़ जमीन ग्राम समाज की है। वहां पर एक इंटर कॉलेज बन सकता है। उसी स्कूल फॉर्म की जगह में ग्राम प्रधान रेनू देवी व प्रधान पति दिनेश राज कूड़ा घर बनवा रहे है।जब कि ग्राम पंचायत सकेथू में लगभग सौ एकड़ ताल एवं छोटी छोटी तलैया हैं। किसी भी मद की जमीन में कूड़ा घर बन सकता था। बिना भूमि प्रबंधन समिति की बैठक बुलाए हुए, मन मानी ढंग से कूड़ा घर की आंड में कुछ बाहुबलियों के पट्टे मोटी रकम लेकर पट्टे किए जा रहे, पट्टे की फाइल भी बनाई जा चुकी है। रेनू देवी ग्राम प्रधान के कार्यकाल में 6 एकड़ जमीन का पट्टा राजस्व ग्राम कोडरी जमालपुर में किया जा चुका। जिसमे भूमिहीन गरीबों के एक भी पट्टा नहीं बना है। कई ग्राम पंचायत सदस्यों के परिवार के पट्टे बिना परमिशन के किए गए है। सभी पट्टे अवैध है। श्री शर्मा ने जोर देकर कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपने को ग्राम पंचायत सकेथू में समाप्त किया जा रहा है। क्योंकि ग्राम सकेथू भीमराव अंबेडकर पार्क में अब तक मूर्ति नहीं लगाई गई है। और अंबेडकर पार्क की जगह में अवैध दबंगों का कब्जा करवा दिया गया है। ग्राम पंचायत सकेथू में मनरेगा मजदूरों के पुराने जॉब कार्ड या तो निरस्त कर दिए गए है। या उन्हें गलत कर दिए गए है। मनरेगा मजदूरों को मजदूरी पर नहीं लगाया जा रहा है। फर्जी मजदूरों के खाते पर पैसा भेज कर मनरेगा के पैसे को लूटने और लुटने का काम किया जा रहा है। कूड़ा घर के अवैध निर्माण की निंदा ग्राम पंचायत सदस्य वेद प्रकाश, ग्राम पंचायत सदस्य राधा देवी, ग्राम पंचायत सदस्य माया देवी आदि कई ग्राम पंचायत सदस्यों ने की है।श्री शर्मा ने जिला अधिकारी खीरी से मांग की आप स्वयं मौके पर ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत सकेथु के ग्राम कोडरी जमालपुर के मध्य स्कूल फॉर्म में जो कूड़े घर का निर्माण हो रहा है। उसे हटवाया जाए ताकि आने वाले समय में स्कूल फॉर्म की जगहें में इंटर कॉलेज आदि विद्यालय बन सकें। स्कूल फॉर्म की जगह में कूड़ा घर बन रहा है उसके पैसे की वसूली ग्राम प्रधान से की जाए। एवं माजरा शेरपुर, ग्राम सकेथु का निरीक्षण किया जाए।तथा ग्राम पंचायत सकेथु में ग्राम पंचायत सदस्यों को एजेंडा नहीं दिया जाता है। इस का भी निरीक्षण किया जाए।

### राजस्व टीम तथा पुलिस पर हमला करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच। थाना रामगांव क्षेत्रान्तर्गत रेहुआ मंसूर में भूमि पैमाइश के दौरान राजस्व टीम व पुलिस पर हमला करने के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चारों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि थानाध्यक्ष आलोक सिंह के नेतृत्व में एस आई अजयकान्त द्विवेदी

## जिलाधिकारी ने 12 जरूरतमंद लोगों को दिए आवासीय पट्टे एवं 108 जनता की शिकायतों को गंभीरता से निस्तारण के दिए निर्देश

■ जिलाधिकारी के अधिनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की शैली और फर्जी आख्या से जनता का भरोसा सरकार से टूट रहा है।

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर





जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जब से जनपद में कार्यभार ग्रहण किया है तब से जनपद में अनेक प्रकार के नवाचार करके गरीब/ जरूरतमंद लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं/ कार्यक्रमों से लाभान्वित कर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

इसी क्रम में आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनसुनवाई के दौरान राठ तहसील के जखेड़ी गांव के 12 भूमिहीन लोगों को 100- 100 वर्ग मीटर के कुल 1200 वर्ग मीटर के आवासीय पट्टे के अधिकार दिए तथा इसका प्रमाण पत्र लाभार्थियों को सौंपा ।आज जिन 12 लोगों को आवासीय पट्टा दिया गया है उनमें से प्रमोद रानी, गीता, अरविंद कुमार, धर्मपाल, पवन कुमार, मनीराम, बिहारी लाल, श्री चंद्र, पप्पू, हरि सिंह, मुन्ना, रामाधार शामिल है।

आवासीय पट्टा का प्रमाणपत्र सौंपने के पश्चात जिलाधिकारी ने इन लोगों को ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल भी दिए। तत्पश्चात उन्हें कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी द्वारा स्थापित कराई गई कॉफी मशीन से कॉफी भी पिलाई गई। जिस पर यह सभी लोग अत्यधिक प्रसन्न दिखे।

इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के गरीब/जरूरतमंद लोगों को नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार तहसीलवार भूमि पट्टे के अधिकार दिए जाएंगे ताकि गरीब / भूमिहीन लोगों को भूमि का अधिकार मिल सके। आज जिलाधिकारी महोदय की जनसुनवाई में लगभग 108 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से कुछ का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए, परन्तु जिलाधिकारी के अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी अपने पुराने रवैये से बिना धरातल की सच्चाई दिखाने जाने एवं पीड़ित से पक्ष सुने फर्जी आख्या लगा कर शासन प्रशासन को गुमराह करने वाली का कार्य करते है जिससे सरकारी के कार्यशैली से जनता का धीरे धीरे भरोसा हटता जा रहा है।

अब देखना है कि क्या जिलाधिकारी इस उदासीन रवैया को बदलने में सक्षम होंगे या ऐसे ही फर्जी आख्या लगा लगा कर प्रदेश में अपने स्थान प्राप्त करते शासन की आंखो में धूल झोंकने का कार्य चलता रहेगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### नशेड़ी ने स्टार्ट कर दी जीप, बड़ा हादसा होते होते बचा

जन एक्सप्रेस । बहराइच। पयागपुर। बुधवार अपरान्ह गोंडा बहराइच राजमार्ग पर तुलसी राम पुरवा पुल के पास खड़ी एक मैक्स जीप को एक नशेड़ी द्वारा अचानक स्टार्ट कर देने से अनियंत्रित मैक्स जीप खड्ड में गिर गई। दुर्घटना में रास्ते में खड़े कई लोग बाल बाल बच गए। ज्ञात हो कि बुधवार अपरान्ह करीब साढ़े तीन बजे तुलसी राम पुरवा पुल के पास मैक्स जीप संख्या यू पी 42 अ 4314 सवारियों के इंतजार में खड़ी थी। जीप का ड्राइवर गाड़ी की चाभी लगी छोड़कर किसी से पैसा लेने चला गया। अचानक नशे में धुत गोसाई पुरवा गांव निवासी दद्दन पुत्र राम पाल ने जीप स्टार्ट कर दी किंतु जीप पर उसका नियंत्रण नहीं रहने से सड़क पर तेज रफ्तार में चल पड़ी।देखते ही देखते आस पास की दुकानों और सड़क पर खड़े लोगों में भगदड़ मच गई।ये तो गनीमत रही कि जीप सड़क थोड़ी दूर बढ़ने के बाद लगभग 15 फुट गहरे गड्ढे में गिर गई जिससे बड़ा हादसा होते होते बच गया।

### गश्त के लिए निकले रामगांव थाने में तैनात उपनिरीक्षक की मौत

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले के रामगांव थाने में तैनात उप निरीक्षक सोमवार रात को गश्त के बाद जब थाने पहुंचे तो अचानक उनकी तबियात बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच ले जाया गया। जहां रात दो बजे उनकी मौत हो गई। यह जानकारी थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने दी है। शिव प्रकाश दूबे (56) पुत्र अम्बिका दुबे राम गांव थाने में तैनात थे। वह देवरिया जिले के थाना भटनी के ग्राम पिपरा बिट्ठल निवासी थे।? सोमवार रात को वह पैदल गश्त के लिए गए। इसके बाद रात 10 बजे थाने पहुंचे। तभी अचानक तबियत खराब हो गई। जिस पर उप निरीक्षक को मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान रात दो बजे उनकी मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवाया और पुलिस वाहन से शव को देवरिया भेजने की व्यवस्था की गई। थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बताया कि साइलेंट हार्ट अटैक के चलते शिव प्रकाश दूबे की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि शिव प्रकाश वर्ष 1986 में पुलिस विभाग में बतौर सिपाही के पद पर तैनात हुए थे। प्रमोशन पाकर महाराजगंज में वर्ष 2022 में उप निरीक्षक बने थे। बीते एक साल से राम गांव थाने में उनकी तैनाती थी। सीओ महसी डीके श्रीवास्तव ने बताया कि परिजन जिला मुख्यालय आ गए हैं। पंचायत नामा के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का असली कारण पता चल पाएगा। मृतक दारोगा के परिवार में मातम का माहौल है।

### नानपारा के सीओ तथा प्रभारी निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी

जन एक्सप्रेस । बहराइच। नानपारा थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीय अवयस्क बालिका की फोटो व उसकी पहचान नानपारा पुलिस द्वारा एक पैंम्फ्लेट छपवाकर बंटवाए जाने का संज्ञान लेकर सीडब्लूसी न्यायपीठ ने सीओ नानपारा, प्रभारी निरीक्षक व विवेचक थाना कोतवाली नानपारा को इस आशय की कारण बताओं नोटिस जारी की है कि इस मामले में जेजे एक्ट 2015 की धारा 74 का उल्लंघन करने के मामले में क्यों ना उनके विरुद्ध 6 माह के कारावास/?2 लाख जुर्माना की कार्यवाही की जाए। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता के पिता द्वारा बाल कल्याण समिति को दिए गए बयान हल्फी समर्थित अपने प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि पुलिस द्वारा उनकी पुत्री को तलाश कर बरामद तो नहीं किया गया। इसके विपरीत उनकी नाबालिग बेटी की फोटो व पहचान लिखाकर एक पेंम्फलेट छपवाकर क्षेत्र में बंटवाया गया है। इससे उनकी बहुत बदनामी हुई है। बाल कल्याण समिति द्वारा इसे जेजे एक्ट 2015 की धारा 74 का उल्लंघन मानते हुए क्षेत्राधिकार सर्किल नानपारा, प्रभारी निरीक्षक व विवेचक थाना कोतवाली नानपारा, जिनके द्वारा यह पैम्फलेट छपवाया गया था, उन्हें यह कारण बताओं नोटिस जारी कर उनका स्पष्टीकरण तलब किया गया है। यदि समय अंतर्गत संतोष जनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया तो उनके विरुद्ध विधिक प्रावधान के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

### सशस्त्र सीमा बल ने मनाया 61वां स्थापना दिवस



जन एक्सप्रेस । बहराइच

बाबागंज। सशस्त्र सीमा बल ने अपना 61वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया। समारोह की शुरुआत रेजिमेंटल गार्ड ऑफ ऑनर से हुई। जिसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं ने इस अवसर को और भी खास बना दिया।कार्यक्रम को यूनिट कमांडेंट कैलाश चंद रामोला ने बढ़ाई, जिन्होंने सभी कर्मियों के लिए प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने महानिदेशक डिस्क प्राप्तकर्ताओं को उनकी उत्कृष्ट सेवा और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह दिन एकता और एसएसबी के मूल्यों और मिशन के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चिह्नित किया गया। समारोह में राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा में एसएसबी कर्मियों की भावना और समर्पण को उजागर किया गया।

### नदी में डूबने से किशोर की मौत, परिजनों का रो रो बुरा हाल

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी। मंगलवार को गए अपने पिता के साथ गन्ने की छिलाई करने गांव सिंगहा खुर्द निवासी 17 वर्षीय किशोर की जौराहा नदी में डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को नदी में उतारकर बुधवार को शव बरामद कर लिया। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।गांव सिंगहा खुर्द निवासी अर्जुन लाल गुप्ता मंगलवार को अपने पुत्र हिमांशु को साथ लेकर कोल्हा फार्म गन्ने की छिलाई करने गए थे। अर्जुन लाल गुप्ता ने बताया कि जिस खेत में गन्ने की वह लोग छिलाई कर रहे थे, उससे करीब 100 मीटर की दूरी पर जौराहा नदी है। शाम चार बजे हिमांशु शौच करने की बात कहकर नदी के किनारे गया था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। उसकी काफी देर तक तलाश की गई, लेकिन जब वह नहीं मिला तो परिवार के लोग परेशान हो उठे।

### एक ही सप्ताह में तहसीलदार ने जारी कर दिए दो आय प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस । बहराइच। तहसील पयागपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुटेहना निवासी दिव्यांग नीबर प्रसाद पुत्र छेदीराम का एक सप्ताह में 2 आय प्रमाण-पत्र जारी होने सम्बन्धी शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसीलदार पयागपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही सम्बन्धित लेखपाल के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने के लिए उप जिलाधिकारी पयागपुर को निर्देशित किया है। आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा के स्तर से डीएम को शिकायत प्राप्त हुई कि तहसील पयागपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुटेहना निवासी दिव्यांग नीबर प्रसाद पुत्र छेदीराम के लिए 21 जुलाई को जारी आय प्रमाण-पत्र संख्या 505241007759 के द्वारा उनकी वार्षिक आय रुपये 54000 दिखाई गई है। वहीं 27 जुलाई को जारी आय प्रमाण-पत्र संख्या 505241008070 के द्वारा नीबर की वार्षिक आय रुपये 36000 दर्शायी गयी है। अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा की गई जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर डीएम द्वारा तहसीलदार पयागपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा सम्बन्धित लेखपाल के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई के लिए उप जिलाधिकारी पयागपुर को निर्देशित किया गया है।





## वादी ही निकला पत्नी की मौत का जिम्मेदार, कोर्ट ने सुनाई साढ़े छह साल के कारावास की सजा

■ 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया, आपरेशन कनविक्शन के तहत अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय की कोर्ट ने सुनाया फैसला

जन एक्सप्रेस । बहराइच

एक व्यक्ति ने पांच वर्ष पूर्व थाना मोतीपुर में मुकदमा दर्ज कराया कि एक व्यक्ति की ओर से गलत दवा देने के कारण उनकी पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की विवेचना की तो पता चला कि वादी ही अपनी पत्नी की मौत का जिम्मेदार है। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय पवन कुमार शर्मा ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने तथा पत्रावलियों का अनुशीलन करने के बाद मुकदमा के वादी तथा मृतका के पति को मौत का जिम्मेदार मानते हुए साढ़े छः वर्ष के कठोर कारावास तथा बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

वादी मुकदमा लल्लूराम पुत्र राम मनोहर निवासी पृथ्वीपुरा दा0 झाला थाना मोतीपुर द्वारा दी गयी लिखित सूचना में कहा गया कि 06 अगस्त 2019 को समय करीब 19.30 बजे जब वादी अपने घर आया तो वादी की पत्नी खाना बना रही थी, कुछ देर बाद आंगन में चारपाई पर लेट गई, उसकी आवाज साफ नही निकल रही थी। वादी द्वारा पूछने पर बताया कि उसने गांव के अमीन द्वारा दी एक दवा खाई है, वादी गांव के डाक्टर के पास गया तो उल्टी की दवा दी गयी, जिसको गर्म पानी के साथ पिलाया तथा साधन का इन्तजाम करने चला गया। साधन न मिलने पर वापस आया तो करीब 21.30 बजे रात को वादी की पत्नी मुगलेश की मृत्यु हो गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना मोतीपुर में 07 अगस्त 2019 को मु.अ.सं. 519/2019 धारा 306 भा.द.सं. बनाम अमीन पुत्र झब्बर के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना निरीक्षक मनोज कुमार राय द्वारा कर साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त वादी ही उक्त अभियोग में दोषी पाया गया। जिसके उपरान्त अभियुक्त (वादी) लल्लुराम विश्वकर्मा पुत्र राममनोहर के विरुद्ध आरोप-पत्र दिनांक 13 नवंबर 2019 को धारा 304 भा.द.सं. दाखिल कर 4.फरवरी 2020 को न्यायालय विरचित किया गया। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्ट द्वारा अधिकतम/त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है

जिसके क्रम में इस अभियोग में अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा द्वितीय द्वारा मॉनिटरिंग सेल, एडीजीसी प्रमोद कुमार सिंह, कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल विनय कुमार, प्रभारी थाना मोतीपुर, थाना पैरोकार कांस्टेबल सत्यम मिश्रा की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप को दोषी अभियुक्त- लल्लुराम विश्वकर्मा पुत्र राममनोहर निवासी पृथ्वीपुरा दा0 झाला थाना मोतीपुर जनपद बहराइच को 06 वर्ष 06 माह का सश्रम कारावास व 20,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड न अदा करनें पर 06 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया बूथों का दौरा, जरूरतमंदों को बांटे कंबल

जन एक्सप्रेस । बहराइच। कैसरगंज। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. श्रीमती सुनीता द्वारा प्राथमिक विद्यालय बैराकाजी भाग संख्या - 195 फार्म -7 विलोपन का स्थलीय सत्यापन किया। इसके साथ ही उन्होंने जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत दो लाभार्थियों जरीना व सुखदेई निवासी बैराकाजी को कम्बल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैराकाजी में कुल नौ लाभार्थियों को कम्बल का वितरण किया गया। जांच व कम्बल वितरण के दौरान तहसीलदार कैसरगंज अभयराज पाण्डेय, नायब तहसीलदार जरवल पीपी गिरि, नायब तहसीलदार फखरपुर बृजेश व लेखपाल पवन चौहान, ग्राम प्रधान श्री वहीद व

## 24 दिसंबर से शुरू होने वाली श्री राम कथा की तैयारी जोरों पर



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

24 दिसंबर से शुरू होने वाली श्री राम कथा की तैयारी जोरों पर है। बुधवार को कथा स्थल पर साफ सफाई की गई। साफ सफाई का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर ईरा श्रीवास्तव ने स्वयं किया। इस दौरान समिति के सदस्य गोपाल अग्रवाल, ज्ञान स्वरूप शुक्ला, पंडित निर्मल शास्त्री, हर्ष सेठ, बाबी गुप्ता, युवराज शेखर, इंद्रेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, विपुल सेठ व जगदीश गुप्ता आदि ने स्वयं साफ सफाई में हांथ बटाया। ज्ञात हो कि श्रीराम मित्र मंडली लखीमपुर के द्वारा शहर के विलोबी मेमोरियल मैदान में भव्य श्रीराम कथा का आयोजन 24 दिसंबर से 03 जनवरी 2025 तक सायं 3.00 बजे से 7.00 बजे तक किया जाएगा। ब्रम्हलीन संत पूज्य राजेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के विशेष कृपा पात्र कथा व्यास पं. शशि शेखर महाराज के मुखारबिंद से श्रीराम कथा सुन लोग अपने जीवन को धन्य बनाएंगे। मूलतः झांसी जनपद के निवासी 14 वर्षीय कथा व्यास पं. शशि शेखर जी महाराज ढाई वर्ष की उम्र से कथा का बखान कर लोगों के जीवन को धन्य बना रहे हैं। समित के संरक्षक ज्ञान स्वरूप शुक्ला ने बताया कि आयोजन की भव्य तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।प्रतिदिन भक्त जनों के लिए भंडारे प्रसाद की भी व्यवस्था समिति द्वारा की गई है।

# यूको बैंक में चलती थी कैशियर की मनमानी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

बेलघाट शाहपुर स्थित यूको बैंक की शाखा में नियम-कानून नहीं बल्कि हेड कैशियर मोहम्मद. कलीम की मनमानी चलती थी। अपने इसी मनमाने अंदाज से उसने इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया। मुकदमा दर्ज कराने वालों के अलावा भी कई ऐसे ग्राहक हैं, जिनके खाते में रुपये जमा नहीं हुए और वह फर्जी रसीद लेकर घूम रहे हैं।

## ग्राहकों ने बताई आपबीती

पीड़ित शाहपुर निवासी मुहम्मद अली का कहना है कि बैंक में 21 नवंबर को 20 हजार रुपये जमा किए, लेकिन 26 नवंबर तक उनके खाते में रुपये नहीं आए। जब उन्होंने शिकायत की, तो बैंक कर्मचारियों ने दूसरा फार्म भरकर रुपये जमा किए, लेकिन दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद दयानंद ने बैंक प्रबंधक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 26 सितंबर को उन्होंने 68 हजार रुपये जमा किए थे, लेकिन यह रुपये उनके खाते में नहीं पहुंचे। रसीद लेकर वह घूम रहे हैं। दयानंद ने बताया कि कलीम ने उनके साथ जालसाजी की। वहीं ग्राहक संतराज यादव ने पांच दिसंबर को शाखा प्रबंधक से शिकायत की कि 25 दिसंबर को उनके खाते से 50 हजार रुपये की निकासी हो गई, जो उन्होंने नहीं की थी। ऐसे ही गुड्डी देवी ने छह दिसंबर को थाने में शिकायत की कि 13 नवंबर को उन्होंने 85 हजार रुपये खाते में जमा किए थे, लेकिन कलीम ने रुपये जमा नहीं किए।




## दोषी बैंक कर्मचारी के विरुद्ध की जाएगी सख्त कानूनी कार्रवाई- एस एस पी



बैंक को कर्मचारी द्वारा किए ग्राहकों के खाते से धोखाधड़ी कर धन निकासी के संबंध में एस एस पी डाक्टर गौरव ग्रोवर ने कहा कि ग्राहकों के खातों से बिना अनुमति के रुपये निकालने व फर्जी रसीद देने की गहराई से जांच कराई जा रही है। एसपी दक्षिणी इस प्रकरण को खुद देख रहे हैं। जालसाजी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। हम पूरी तरह से सुनिश्चित करेंगे कि दोषियों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## उच्चाधिकारियों तक पहुंचा मामला तो शाखा से हटाया

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जालसाजी का यह खेल करने वाला हेड कैशियर मोहम्द.कलीम पिछले पांच साल से यूको बैंक की बेलघाट स्थित शाहपुर शाखा में तैनात था। कलीम द्वारा फर्जी हस्ताक्षर करऔर बिना अनुमति के ग्राहकों के खाते से रुपये निकालने का मामला सामने आने पर भी अधिकारियों ने पहले टाल-मटोल की, लेकिन पुलिस व बैंक के उच्चाधिकारियों तक मामला पहुंचने के बाद उसे हटा दिया गया।

## लोन विवरण में भी लग चुका है हेराफेरी का आरोप

शाहपुर स्थित यूको बैंक की शाखा के हेड कैशियर रहे मो.कलीम पर एक करोड़ रुपये के लोन वितरण में हेराफेरी करने का भी आरोप लग चुका है। वर्ष 2013 में हीरक योजना के तहत बैंक मैनेजर विकास श्रीवास्तव, कलीम और शमीम ने मिलकर नदी की जमीन दिखाकर फर्जी तरीके से एक करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया था। यह मामला बैंकिंग धोखाधड़ी के तौर पर बहुत चर्चित हुआ था, जिसमें आरोप था कि बैंक कर्मचारियों ने जानबूझकर गलत दस्तावेजों के आधार पर ऋण स्वीकृत किए थे, जबकि असलियत में वह जमीन बैंक से संबंधित नहीं थी। इस मामले में 2022 में बेलघाट थाने में कलीम, विकास श्रीवास्तव और शमीम के खिलाफकूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुदकमा दर्ज हुआ था। यह मामला न्यायालय में लंबित है।

## शाखा प्रबंधक ने एसपी को बताया, वापस होंगे रुपये

शिकायतों के बाद एसपी दक्षिणी ने यूको बैंक की शाहपुर शाखा के प्रबंधक से मुलाकात की और मामले की गंभीरता के बारे में जानकारी ली। शाखा प्रबंधक ने बताया कि कलीम के खिलाफकार्रवाई की जाएगी और ग्राहकों के रुपये लौटाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक की विजिलेंस टीम मामले की जांच कर रही है और रिपोर्ट के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गोरखपुर में एचआईवी संक्रमण छुपाने से टूटी शादी

- दहेज लौटाने के दौरान हुई मारपीट, पुलिस कर रही तहरीर मिलने का इंतजार

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में शादी के बाद हुए एचआईवी संक्रमण के खुलासे ने पति-पत्नी के रिश्ते को खत्म कर दिया। कुशीनगर की एक युवती की शादी के कुछ महीनों बाद उसकी तबीयत बिगड़ने पर जांच हुई, जिसमें एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हुई। पति ने बीमारी छुपाने के आरोप में रिश्ता तोड़ दिया। जब दहेज लौटाने के बात हुई तब यह मामला हिंसक मोड़ ले लिया, जिसमें मारपीट भी हुई।

## एचआईवी संक्रमण का कैसे हुआ खुलासा?

दरअसल, शादी के बाद युवती की तबीयत लगातार बिगड़ने लगी। गोरखपुर में इलाज से कोई सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद उसे लखनऊ के एक बड़े अस्पताल में दिखाया गया। डॉक्टरों को एचआईवी संक्रमण का शक हुआ, और जांच में यह सही साबित हुआ। युवक के परिवार ने युवती के परिवार पर बीमारी छुपाने का आरोप लगाते हुए शादी तोड़ने का फैसला कर लिया।

## दहेज लौटाने में विवाद और मारपीट

17 दिसंबर को युवती के परिवार वाले दहेज का सामान लेने खोराबार पहुंचे। इस दौरान सामान लौटाने में हुई देरी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जो मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि युवती के परिवार ने युवक के परिवार के दो सदस्यों को बुरी तरह पीटा। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## बोले थानाध्यक्ष- तहरीर मिली तो की जाएगी कार्रवाई

खोराबार पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अब तक किसी भी पक्ष से लिखित शिकायत नहीं मिली है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आबकारी टीम ने अमृतानी में अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर दी दबिश

- 25 लीटर अवैध कच्ची शराब को बरामद कर मुकदमा किया दर्ज

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

अवैध कच्ची शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है कुटीर उद्योग के रूप में पनप रहे इस व्यापार को समाप्त करने के लिए समय-समय पर आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई भी की जाती है लेकिन अवैध कारोबार में संलिप्त लोग महिलाओं को आगे करके कारोबार को फल फूल रहे हैं। बुधवार को आबकारी विभाग की टीम ने राजघाट थाना क्षेत्र के अमृतानी में अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर दबिश दी तो हड़कंप मच गया टीम ने मौके से 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में एक मुकदमा दी पंजीकृत कराया है



।अवैध शराब के निर्माणध्बिक्रीध्परिवहन ध्भंडारण के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत उप आबकारी आयुक्त गोरखपुर प्रभार, के आदेश के अनुपालन में बुधवार को जिला आबकारी अधिकारी गोरखपुर के निर्देश के क्रम में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -2,एस.एन.वर्मा व क्षेत्र -7, सुधीर कुमार द्वारा मयस्टाफ थाना राजघाट के ग्राम- अमरुतानी में दबिश दी द्य दबिश के दौरान 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

# सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन गांधी सभागार में हुआ। आयोजन में कई महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में किसानों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम की प्रारंभ में सुभाष मौर्य, उप कृषि निदेशक ने पिछले माह आयोजित किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति से कृषकों को अवगत कराया। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। उप कृषि निदेशक ने कृषकों को नैनो डी.ए.पी. और यूरिया के उपयोग के बारे में बताया और कहा कि इसे एक बार प्रयोग में लाकर देखें, यह फसलों में काफी प्रभावी साबित हुई है। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रत्येक ग्राम में आयोजित कैम्पों के माध्यम से कृषक रजिस्ट्री का कार्य जारी है। , उप कृषि निदेशक ने फसल बीमा की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए स्पष्ट किया कि जिन कृषकों को फसल बीमा नहीं कराना है, वे 24 दिसम्बर 2024 तक अपने बैंक में लिखित आवेदन दें, अन्यथा के.सी.सी. धारक (ऋणी कृषक) का बीमा स्वत: हो जाएगा। गैर-ऋणी कृषकों के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 है। अपर जिला कृषि अधिकारी, देवरिया ने उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण पर चर्चा की और भूमि संरक्षण अधिकारी ने खेत तालाब जैसी भूमि संरक्षण योजनाओं की जानकारी दी। पशुपालन विभाग के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत देशी गायों के पालन करने वाले कृषकों को प्रोत्साहन राशि देने की जानकारी दी। इस योजना के तहत गायों की दुग्ध क्षमता के आधार पर 10,000 से 15,000 रुपये की सहायता दी जाती है।जिला उद्यान अधिकारी ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत स्प्रिंकलर और पॉलीहाउस के लिए मिलने वाले अनुदान के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने पर 35 प्रतिशत अनुदान मिलने की जानकारी दी। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता ने एकमुश्त समाधान योजना (ओ.टी.एस.) के बारे में जानकारी दी, जिसके तहत विद्युत बिलों के अधिभार में छूट का लाभ उठाया जा सकता है।




## किसानों ने उठाया गन्ना व दुग्ध मूल्य बकाए के भुगतान का मुद्दा

किसान दिवस के दौरान किसानों ने गन्ना और दुग्ध के बकाया भुगतान की मांग की, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समय से भुगतान करने के निर्देश दिया ,साथ ही कृषकों ने नहरों को समय से चालू करने की मांग की, जिसे लेकर अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि वे 20 दिसम्बर 2024 तक बैराज खोलवाएं और सभी नहरों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें।अग्रणी जिला प्रबंधकने कृषकों को के.सी.सी. नवीनीकरण के लाभ के बारे में बताया और कहा कि यदि किसी बैंक द्वारा के.सी.सी. बनाने में लापरवाही की जाती है तो उस बैंक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। किसान दिवस की बैठक में जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, प्रभारी अधिशासी अभियंता (नहर), सहायक अभियंता (नलकूप), भूमि संरक्षण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, सहायक निबंधक सहकारी समितियां, उप क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी, दुग्ध विभाग के अधिकारी गण, जिलाध्यक्ष भाकियू राघवेन्द्र प्रताप शाही, कौशलेशनाथ मिश्र प्रदेश उपाध्यक्ष भाकियू अतुल मिश्रा, रमेश मिश्रा, अनिरूद्ध सिंह, मारकण्डेय सिंह, मनोज पाण्डेय, सत्याग्रहण सरोज, प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना कप्तानगंज का वार्षिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बुधवार को थाना कप्तानगंज का वार्षिक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने सलामी लेने के पश्चात सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या से सम्बन्धित रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया और उक्त अभिलेखों को अद्यावधिक करने एवं उचित रख रखाव हेतु निर्देशित किया । जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों का शत-प्रतिशत अंकन करने तथा समस्या का निस्तारण



करते हुए शिकायती प्रार्थान पत्रों के निस्तारण के संबंध में फरियादियों से निरन्तर फीडबैक प्राप्त कर रजिस्टर को अद्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया तथा स्वयं प्रभारी निरीक्षक को फीडबैक लेने के लिए निर्देशित किया। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु दिशा निर्देश दिये ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई रजिस्टर में अंकित सीरियल नंबर 2034 के आवेदक की स्थिति की जानकारी ली जिसमें आवेदक संतुष्ट पाया गया। थाने पर उपस्थित उपनिरीक्षकों व आरक्षियों से शस्त्रों को खोलने जोड़ने व शस्त्रो के बारे में जानकारी ली तथा शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। मालखाने में रखे बलवा ड्रिल से सम्बन्धित उपकरणों की साफसफाई करा कर रखने हेतु निर्देशित किया गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका तत्काल उपयोग किया जा सके एवं लावारिश वाहन की सूची बनाकर नीलामी की प्रक्रिया नियमानुसार अतिशीघ्र कराने व परिसर में खड़े वाहनों पर वर्ष एवं मुकदमा संख्या अंकित कराने हेतु निर्देशित किया।

## पुलिस अधीक्षक ने रात्रि गश्त बढ़ाने व घूमंतू गिरोह पर पैनी नजर रखने का दिया निर्देश

एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को मानक के अनुसार वर्दी धारण करने तथा टर्नआउट उच्च कोटि का रखने के लिए निर्देशित किया तथा पुलिसकर्मियों को प्रभावी रात्रि गश्त करने के सम्बन्ध में निर्देशित करते हुए बताया कि ठंड व कोहरा बढ़ने के साथ ही घुमंतू गिरोह के अपराधियों के सक्रिय होने का खतरा भी बढ़ गया है, इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक व पुलिसकर्मी को रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाने के साथ ही संदिग्धों पर नजर रखे। घुमक्कड़ अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख शहर-बाजार तथा सुनसान वाले स्थानों पर नियमित गश्त सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने प्रहरी ऐप के बारे में सम्पूर्ण जानकारी रखने हेतु महिला कांस्टेबल लक्ष्मी पाल, सी-प्लान ऐप मे डाटा अपडेट रखने हेतु हे0का0 अभिषेक राय, बीट बुक अपडेट रखने हेतु कांस्टेबल राकेश यादव व महिला कांस्टेबल प्रीति शाह को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

# सपरिवार आमरण अनशन पर बैठा बुजुर्ग, न्याय की है दरकार

**जन एक्सप्रेस । महाराजगंज**

जनपद के नौतनवां थाना क्षेत्र अंतर्गत सिया पार्क निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग तुलसी भारती पुत्र रामदास 12 दिसंबर 2024 से ही तहसील मुख्यालय पर सपरिवार आमरण अनशन पर बैठे हैद्य

बुजुर्ग रामदास ने उप जिलाधिकारी नौतनवां को एक पत्रक दिया है जिसमें उन्होंने लिखा है कि उनकी जमीन पर जबरन किसी के द्वारा ट्रैक्टर से जुताई करवाई जा रही है और लाख मना करने के बावजूद भी कब्जाधारी नहीं मान रहा है और मारपीट पर आमादा है तथा जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए बुजुर्ग को मौके से भगा दियाद्य

बुजुर्ग के आराजी नंबर- 301 रकबा 0.125 हेक्टेयर पर अब तक उनका ही कब्जा था और उसमें खेती बारी भी करते आ रहे थे यही नहीं उन्होंने उस खेत की सिंचाई के लिए बोरिंग तक कराया था, परन्तु अब उस पर दूसरे व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है और बुजुर्ग इस दफ्तर से उस दफ्तर के चक्कर काटते हुए थक हार कर तहसील मुख्यालय पर सपरिवार आमरण अनशन पर बैठा है द्य


परन्तु अब तक किसी भी अधिकारी कर्मचारी ने इस बुजुर्ग के प्रार्थना पत्र और आमरण अनशन पर ध्यान नही दिया हैद्य इस सम्बन्ध में जब एसडीएम नौतनवां से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनका सीयूजी मोबाइल नम्बर नाटरिचेबल था।




# सीएम सिटी में अवैध निर्माण पर चला नगर निगम का बुल्डोजर

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को नगर निगम की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ खरैया पोखरा के सुंदरीकरण में बाधक अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की। 12 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में बुलडोजर की मदद से 1.55 एकड़ क्षेत्र से अवैध कब्जे हटाए गए।तीन महीने पहले नगर निगम और तहसील प्रशासन की संयुक्त पैमाइश में 15 अवैध कब्जों की पहचान हुई थी, जिनमें से 6 पर पक्के निर्माण किए गए थे। अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने लाउडस्पीकर से अतिक्रमण हटाने की पूर्व सूचना दी थी।



## बुलडोजर के सामने लेटे प्रदर्शनकारी

कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया। कुछ प्रदर्शनकारी बुलडोजर के सामने लेट गए, जबकि अन्य ने सड़क पर बैठकर रास्ता रोकने की कोशिश की। पुलिस बल ने सख्ती दिखाते हुए प्रदर्शनकारियों को हटाया और अतिक्रमण हटाने का काम जारी रखा।

## महिलाओं ने की कार्रवाई रोकने की अपील

महिलाओं और पुरुषों ने अधिकारियों से कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई, लेकिन प्रवर्तन दल ने बिना रुके अवैध निर्माणों को ढहा दिया। प्रशासन के सख्त रवैये और भारी पुलिस बल की मौजूदगी के कारण विरोध नाकाम रहा।

## सुंदरीकरण के लिए रास्ता साफ

नगर निगम की इस कार्रवाई के बाद खरैया पोखरा के सुंदरीकरण का रास्ता साफहो गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर के विकास कार्यों में बाधा बनने वाले अवैध कब्जों पर आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## भाजपा नेता ने आरसीसी रोड पर लिंटर बना लेने की डीएम से की शिकायत

**महराजगंज।** नगर पंचायत घुघुली के वार्ड नम्बर- 7 निवासी भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला मंत्री शैलेश गुप्ता ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायती पत्र सौंपा । भाजपा नेता ने पत्र में लिखा है कि स्थानीय शासन प्रशासन के लाख मना करने के बाद भी आरसीसी रोड के ऊपर दबंगई से भवन का लिंटर लगा दिया गया जिससे लोगों का साशन प्रशासन पर से विश्वास उठ रहा है ,वहीं उन्होंने कहा कि कही शासन प्रशाशन की मिली भगत से तो यह कार्य नही हुआ है जो कि रोड के उपर लिंटर का निर्माण कहीं न कहीं नगर पंचायत घुघली के बाबू और अधिशासी अधिकारी की मिली भगत से यह निमार्ण किया गया है। इस तरह से लिण्टर के निर्माण कार्य होने से जनता में काफी आक्रोश है और जनता का विश्वास शासन प्रशासन से उठ रहा है।

# ना सूचना ना नोटिस राजस्व विभाग ने चला दिया बुलडोजर

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जिले में उस समय राजस्व विभाग के अधिकारियों पर पक्षपात पूर्ण कार्यवाही का आरोप लगा जब 1980 में चकबंदी के पूर्व बने खपरैल मकान को बिना किसी सूचना, बिना नोटिस के बुलडोजर चलाकर जमींदोज करने की कार्यवाही की गई।

मामला जिले के सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर का है जहां राजस्व विभाग के कानूनगो और लेखपाल द्वारा खपरैल मकान जो चकबंदी के बाद खलिहान की भूमि में आ गया था उस खपरैल मकान पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया गया जिसके चलते पीड़ित परिवार खुलें आसमान के नीचे रहने को विवश हो गया है। पीड़ित का आरोप है कि नोटिस का हवाला देने पर कानूनगो और लेखपाल ने उनके साथ अभद्रता भी किया। पीड़ित ने बताया कि गांव के ही दबंगों के प्रभाव में आकर ये कार्यवाही की गई हैं वहीं दबंगों द्वारा पूर्व में उनका रास्ता भी बंद कर दिया गया है।

वही कार्यवाही करने पहुंचे राजस्व विभाग के अधिकारियों से जब परिजनों ने नोटिस के बारे में पूछा तो उनके साथ अभद्रता की।

बिना नोटिस की कार्यवाही से मकान में गृहस्थी का सामान निकालने तक का मौका नहीं दिया।



# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई सीएम डैशबोर्ड की बैठक, डीएम ने की विकास कार्यों और प्रगति की समीक्षा

## विकास एवं राजस्व कार्यों में सीएम डैश बोर्ड में खराब रैंकिंग वाले विभागों को डीएम ने लगाई फटकार , योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



बुधवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों एवं राजस्व वसूली की प्रगति एवं रैंकिंग की समीक्षा की गई।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, उद्योग विभाग, लोक निर्माण विभाग, मत्स्य पालन, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निगम, ग्राम्य विकास विभाग आदि विभागों की संचालित योजनाओं की प्रगति एवं राजस्व से जुड़े विभागों द्वारा राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिग वाले विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार लाने की हिदायत दी। लगातार सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों के विरुद्ध शासन में पत्र लिखे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, वृद्धावस्था ,निराश्रित महिला पेंशन आदि के आवेदनों का समय से निस्तारण करें , कोई भी आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि से ज्यादा लंबित न रहें।

सभी अधिकारी सीएम डैश बोर्ड पर योजनाओं से संबंधित डाटा फीड करते समय अच्छी तरह से देख ले तथा समय से डाटा फीड करें।

इस दौरान उन्होंने बैठक में अनुपस्थित जिला उद्यान अधिकारी का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया।

इस अवसर परमुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रबंधक प्रधानाचार्य वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रबंधक प्रधानाचार्य वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजित की गई । बैठक में कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार 18 दिसम्बर को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पुस्तकालय में मैनेजर प्रिसिंपल वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों जिला विद्यालय निरीक्षक एवं एआरटीओ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी की संयुक्त बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिले में स्कूल वाहन द्वारा बच्चों को लाने व ले जाने हेतु विद्यालय द्वारा लिये जाने वाले शुल्क निर्धारण पर चर्चा हुई । बैठक में बलरामपुर जिले के करीब 25 प्रबंधक प्रधानाचार्यो ने प्रतिभाग किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 0 से 5 किमी के बीच के फीस का शुल्क 1100 रुपए प्रति छात्र, 5-10 किमी के बीच की फीस का शुल्क 2200 रुपए प्रति छात्र एवं 10-20 किमी के बीच का शुल्क 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लिया जायेगा। बैठक में पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज बलरामपुर, सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल बलरामपुर, सेंट जेवियर्स स्कूल बलरामपुर, शारदा पब्लिक स्कूल बलरामपुर, स्कालर अकादमी इण्टर कालेज उतरौला बलरामपुर, एच0आर0ए0 स्कूल उतरौला, फातिमा स्कूल बलरामपुर, सिटी मान्टेसरी स्कूल बलरामपुर, टिनी टाट्स पब्लिक स्कूल उतरौला बलरामपुर, एम0जे0 एक्टीविटी बलरामपुर, सरदार बल्लभ भाइ पटेल बालिका इण्टर कालेज गालिबपुर बलरामपुर, स्टारवर्ड पब्लिक स्कूल तुलसीपुर बलरामपुर, बालभारती इंटर कालेज बलरामपुर, कैम्ब्रीज इंटर कालेज व ईशावास्यम इंटर कालेज सहित अन्य कई विद्यालयों के प्रबन्धक प्रधानाचार्य मौजूद रहे। बैठक में पूर्व जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित शुल्क विनिमय अधिनियम पर भी चर्चा हुई । जिला विद्यालय निरीक्षक से अनुरोध किया गया कि शुल्क विनिमय अधिनियम पर शीघ्र ही सभी विद्यालयों को अवगत कराया जाये, जिससे विद्यालय बिना रूकावट के शुल्क वृद्धि कर सकें। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जल्द ही एक बैठक आयोजित कराने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर असलम शेर खान, अंसार अहमद, गुरूदत्त पाण्डेय, डॉ0 एम0पी0 तिवारी, रीता चौधरी, अक्षत पाण्डेय सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने संदिग्ध खाद्य पदार्थों का सैंपल लेकर जांच हेतु भेजा प्रयोगशाला

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के जिलाधिकारी द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालन में आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 श्रवण कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल द्वारा विशेष अभियान चलाकर गोविन्द साहब मेला एवं जनपद के विभिन्न स्थानों पर संचालित विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करते हुए अपमिश्रण के संदेह पर पनीर, मिठाई, देशी घी इत्यादि खाद्य पदार्थों के कुल 09 नमूनें संग्रहित करते हुए खाद्य विश्लेषक, उ0प्र0 की प्रयोगशाला को जांच हेतु भेजा गया।

अनिल जूस कार्नर, टाण्डा चौक के प्रतिष्ठान से पनीर अनोखा स्वाद फास्ट फूड एण्ड फैमिली रेस्टोरेन्ट, मीरानपुरा टाण्डा के प्रतिष्ठान से पनीर रोहित इण्टरप्राइजेज, सुरहुरपुर के प्रतिष्ठान से लालीपाप।

होटल स्वप्निल, पुरानी तहसील अकबरपुर के प्रतिष्ठान से पनीर व अरहर दाल।क्वालिटी बेकर्स रोडवेज के पास अकबरपुर के प्रतिष्ठान से पनीर। प्रकाश ट्रेडर्स, रामनगर के प्रतिष्ठान से देशी घी। रामनाथ निषाद, गोविन्द साहब मेला के प्रतिष्ठान से छेना मिठाई। सन्तराम, गोविन्द साहब मेला के प्रतिष्ठान से बर्फी।

उपरोक्त नमूनों की जॉच रिपोर्ट प्रयोगशाला से प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही प्रचालित की जायेगी। जांच टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार पाण्डेय, दिनेश कुमार राय, चन्द्र प्रकाश यादव तथा आदर्श प्रताप सम्मिलित रहें।

# एसएसबी के 61 वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल 9वीं वाहिनी मुख्यालय में बुधवार को 61 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया ।

जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर को एसएसबी नवीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी ऋषिपाल सिंह द्वारा सशस्त्र सीम बल 9वीं वाहिनी मुख्यालय में बल का 61 वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया । इस उपलक्ष्य में संबोधन समारोह का आयोजन किया गया । वाहिनी के कार्मिकों एवं उनके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महानिदेशक द्वारा दिए गए संबोधन संदेश को सुनाया गया । साथ ही उन कार्मिकों का नाम सुनाया गया, जिनको पदक एवं प्रशस्ति पत्र के लिए नामित किया गया है । तत्पश्चात बल के गठन से लेकर गृह मंत्रालय में आने तक के कार्यकाल के बारे में संक्षिप्त जानकारी दिया गया। उसके बाद बड़ा खाना का आयोजन किया गया। इस दौरान समस्त अधिकारी एवं अन्य सभी बलकर्मी उपस्थित रहे।

# केले की अच्छी फसल के लिए ठंड के महीनों में फसल की करें समुचित देखभाल

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर



जनपद के उद्यान अधिकारी धर्मेंद्र चंद्र चौधरी ने बताया है कि कृषक भाई केले की अच्छी फसल लेने के लिये दिसम्बर माह में उद्यान विभाग के सुझावों पर ध्यान अवश्य दें। उन्होने बताया कि 20 दिसम्बर के पहले डीएपी 80 ग्राम, मैग सल्फेट 8 ग्राम, फेरस सल्फेट 15 ग्राम, मैक्स 1 ग्राम, कैल्शियम नाइट्रेट 15 ग्राम प्रति पौध, पौधों के जड़ के पास देना चाहिये तथा पाले से बचाव हेतु कापर आक्सीक्लोराइड का 5 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिये तथा 30 दिसम्बर तक एनपीके 20:20:013-75 ग्राम कोम्बीकाल 75 ग्राम, फर्टिसाल 75 ग्राम एवं स्टीकर 50 मिली0 प्रति टंकी की हिसाब से छिड़काव करें। पौधों को आवश्यकतानुसार पानी देते रहना चाहिये। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला उद्यान से सम्पर्क कर सकते हैं।

## घायल युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

जन एक्सप्रेस/आगरा। किरावली के गांव पुरामना निवासी 28 वर्षीय रविकांत पुत्र महेश चंद रविवार रात्रि सवा आठ बजे मेला देखकर घर जाते समय किरावली बाइपास चौराहे पर सीकरी की तरफ से तेजगति से आई टूरिस्ट बस ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एस एन हॉस्पिटल आगरा में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। मृतक के भाई हरदेव ने बताया कि मंगलवार को रात्रि 9 बजे घायल रविकांत ने उपचार के दौरान दम तोड दिया मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था । मृतक की मां उर्मिला देवी ,पिता महेशचंद पत्नी सपना कर्दम का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता महेश चंद ने टूरिस्ट बस चालाक के विरूद्ध थाना किरावली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसे में चार की मौत एक गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस/आगरा। खंदौली थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें चार लोगों मौत हो गई दुर्घटना में कैंटर चालक और कर सवार तीनों लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई कर मलिक लोनी गाजियाबाद के अनिल कुमार सिंह के नाम थी वह गोरखपुर से नोएडा जा रहे थे दुर्घटना करने वाली कर का नंबर की कर का चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है यह घटना सोमवार की रात रात के बाद 1:30 बजे की है खंडोली में 161 किलोमीटर पर ट्रक और प्रिंटर में टक्कर हो गई थी जिससे कैंटर का चालक केविन से निकालकर एक्सप्रेसवे पर खड़ा था इसी दौरान गोरखपुर से नोएडा जा रहे कर सवार लोग दुर्घटना वहां को देखने के लिए रुक गए इसी बीच पीछे से आती तेज रफ्तार कार ने कैंटर चालक समेत चार लोगों को लोन दिया।

# मण्डल के प्रथम 'हरिगढ़ साधना शिविर' का भूमि पूजन एवं शिलान्यास अनुष्ठान शुक्रवार को

■ शिविर की सुचारु सेवाओं हेतु सामूहिक भागीदारी आवश्यक - आचार्य गौरव शास्त्री

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



आध्यात्मिक एवं धार्मिक नगरी के साथ संगम की पावन धरा प्रयागराज में आगामी महाकुम्भ 2025 को लेकर तमाम धर्मावलंबियों,साधु संत एवं अखाडों द्वारा अपने अपने शिविर स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है,मेला अधिकारी निरंतर भूमि आवंटन करके योजनाओं का लाभ भी दे रहे हैं।इसी क्रम में अलीगढ मण्डल से पहली बार सनातन विचारधाराओं को धारण किये हुए धार्मिक प्रचार प्रसार एवं जन सेवा हेतु विश्व कल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में *पूज्य स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज* के निर्देशन में सेक्टर 16 स्थित संगम लोवर मार्ग पर हरिगढ़ साधना शिविर का भूमि पूजन *20 दिसंबर शुक्रवार पौष कृष्ण पंचमी* को किया जा रहा है। इसकी जानकारी संस्थान के सचिव आचार्य गौरव शास्त्री ने दी।

गौरव शास्त्री ने कहा कि गत वर्षों से जनपद से महाकुम्भ स्नान में आने वाले श्रद्धालुओं को अनेकों बधाओं का सामना करना पड़ता था,इस भयाभह स्थिति से बचने के लिए इस बार अलीगढ शहर से पहली बार हरिगढ़ साधना शिविर लगाया जाएगा जिसमे भक्तों की भोजन एवं आवास सहित अन्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सेवाएं दीं जाएंगी।

उन्होंने बताया कि हरिगढ़ साधना शिविर अपने विविध आयोजनों व वैचारिक अधिष्ठानों के माध्यम से मूल्य संवर्धन, सनातन धर्म एवं जीवन पद्धति के पुनरुत्थान और पुनर्जागरण हेतु संकल्पित रहेगा। जिसमें नित्य प्रति अनुष्ठान संपन्न कराये जाएंगे। अलीगढ जनपद एवं मण्डल की ओर से पहली बार यह भव्य प्रयास विश्व कल्याण सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है,लेकिन इस शिविर द्वारा दी जाने वाली अनवरत सेवाओं के लिए आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु महानगर के लोगों का सहयोग अत्यंत जरुरी है क्योंकि यह वैयक्तिक प्रयास नहीं अपितु हमारे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व है।क्योंकि इस संकल्प की सिद्धि होने पर जनपद का धार्मिक विकास के साथ सामाजिक विकास संभव होगा।

# विधानसभा का घेराव करने लखनऊ जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने किया नजरबंद

जन एक्सप्रेस । आगरा

प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर विधान सभा का घेराव करने लखनऊ जा रहे आगरा के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घेराव करने से एक दिन पूर्व ही सुबह से ही नजरबंद कर दिया। जिससे कांग्रेसी नेताओं में रोष है। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली के निजीकरण, फर्जी एनकाउंटर, बहराइच हिंसा, झांसी मेडिकल कॉलेज मे आगजनी में हुई बच्चों की मौत,संभल शाही जामा मस्जिद हिंसा,बेरोज़गारी, महंगाई, और किसानों के मुद्दे को लेकर बहुत ही बड़े स्तर पर विधानसभा का घेराव करना था। जिसमे पूरे प्रदेश से कार्यकर्ताओं को जुटना था। प्रदर्शन से पूर्व मंगलवार सुबह से ही घरों और प्रतिष्ठानों पर पुलिस ने डेरा डाल दिया और कांग्रेसी नेताओं को नज़रबंद करना शुरू कर दिया। लेकिन फिर भी सैकड़ो कांग्रेसी नेता लखनऊ जाने मे सफल रहे।और लखनऊ मे कार्यक्रम समाप्त होने पर ही हिरासत से छोड़ा गया।महानगर अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा की योगी सरकार ने तानाशाही की सारी हदें पार कर दीं हैं। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने तानाशाही दिखा कर लखनऊ जाने से रोका है। सरकार लोकतंत्र का गला घोट रही है। उन्होंने कहा की प्रदेश की जनता के मुद्दे उठाना भी अपराध हो गया है।कांग्रेसी नेताओं का कहना था की सरकार पुलिस को आगे करके अपनी नाकामी को नहीं छुपा सकती है। हर हाल मे उसे जनता के मुद्दों का जवाब देना होगा। इन नेताओं को पुलिस ने किया नज़रबंद शहर अध्यक्ष अमित सिंह,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार,पूर्व प्रदेश प्रवक्ता हाजी जमील उद्दीन कुरैशी,मीडिया प्रभारी याकूब शेख, लक्ष्मीनारायण सिंह, जलाल उद्दीन,बुरहान शमशी, कपिल गौतम,रोहित बंसल,सुगम शिवहरे,अनुज शिवहरे,मुकेश शर्मा,अंशुल अग्रवाल,अनुज शर्मा,अंकुर गर्ग,अंशुल अग्रवाल, हर्ष उपाध्याय, ताहिर हुसैन, बंटी खान,अश्वनी बिट्टू सहित सैकड़ो कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने नज़रबंद कर दिया।

# फर्जी जमीन बैनामा करने वाली महिला समेत तीन अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में थाना चेहरा बाजार पुलिस ने मृतक महिला के नाम हुए फर्जीवाडे का खुलासा करते हुए फर्जी बैनामा करने वाली महिला सहित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है ।

जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा प्रकरण की गहनता से जांच कर उक्त घटना के अपराधियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी थाना रेहरा बाजार पुलिस उपाधीक्षक (परि0) जितेंद्र कुमार के नेतृत्व मे प्रकरण की गहनता से जांच की गयी । समस्त अभिलेखों के परिशीलन से यह तथ्य प्रकाश में आया कि श्याम कला पत्नी बुधई नि0 ग्राम बूधीपुर नौडिहवा थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर की मृत्यु वर्ष 1998 में हो गई थी, उसके कोई वारिस नहीं थें । इसका फायदा उठाते हुये उसी के ग्राम बूधीपुर के बसन्त कुमार द्वारा षड़यन्त्र रचते हुये उसी ग्राम की एक अन्य महिला महला को मृतक महिला के स्थान पर खड़ा करके अपने साथियों रक्षाराम व छेदी लाल को गवाह बनाकर जमीन का फर्जी बैनामा श्याम कला के मृत्यु के करीब 24 वर्ष बाद अपने नाम करवा लिया । प्रकरण में एक गवाह छेदीलाल की मृत्यु हो गई है । साथ ही यह भी प्रकाश में आया कि बसन्त कुमार द्वारा कुछ जमीन अयोध्या प्रसाद नि0 बूधीपुर नौडिहवा थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर को बेंच दिया है । फर्जीवाडे का पर्दाफाश करते हुये अभियुक्तों बसन्त कुमार पुत्र केदार सिंह नि0 बूधीपुर मैटहवा थाना रेहरा बाजार बलरामपुर, महला पत्नी प्रहलाद उर्फ फेरई नि0 बूधीपुर मैटहवा थाना रेहरा बाजार बलरामपुर तथा रक्षाराम पुत्र माताप्रसाद नि0 विशुनपुर नयानगर थाना रेहरा बाजार बलरामपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया जा रहा है एवं घटना में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के सम्बन्ध में गहनता से जांच की जा रही है। मुख्य अभियुक्त बसंत कुमार ने पूछताछ के दौरान बताया कि महला पत्नी प्रहलाद को नया घर बनवाने का आश्वासन देकर मृतका श्याम कला के स्थान पर खड़ा करके फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बैनामा करवाया और रक्षाराम को पेंशन दिलवाने का आश्वासन देकर साक्षी के रूप में खड़ा किया । हम तीनों लोगों को फर्जी जमीन बैनामा करने के सम्बन्ध में जानकारी थी, और दोनों लोंगों ने अपनी मर्जी से मेरा साथ दिया था।

## आगरा में 5 घंटे थमे रहे सिटी बसों के पहिये

जन एक्सप्रेस/आगरा में सिटी बसों के पहिये 5 घंटे के लिए थमे रहे। सुबह 6 बजे से 11 बजे तक बसों का संचालन नहीं हुआ। इसके चलते यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। आवागमन के लिए उन्होंने ऑटो और रिक्शा का सहारा लिया। पूर्व में घायल सिटी बस ड्राइवर का नहीं हुआ था भुगतान, इसके चलते ठप रहा बसों का संचालन 7 आगरा में इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन किया जाता है। फाउंड्री नगर स्थित डिपो से निकलने के बाद बस अपने गंतव्य पर पहुंचती हैं। भगवान टॉकीज इनका मुख्य अड्डा है। यहां जब 10 बजे तक बसें नहीं पहुंचीं तो यात्री इंतजार करते रहे। सिटी बस ड्राइवर ब्रह्म सिंह कुछ महीने पहले हादसे में घायल हो गए थे। उनके इलाज पर काफी खर्च हुआ था। कंपनी ने शुरुआत में 2.5 लाख रुपये तो दे दिया था लेकिन लगभग 2 लाख रुपया बकाया चला आ रहा था। बताया जा रहा है कि ब्रह्म सिंह ने कई बार बकाया भुगतान की मांग की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार सुबह 6 बजे वह अपने परिवार के साथ फाउंड्रीनगर बस डिपो पहुंचकर धरना दे दिया।

# किसान दिवस में किसानों ने लगाई समस्याओं की झड़ी

जन एक्सप्रेस । आगरा

विकास भवन संजय पैलेस सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याओं की झड़ी लगा दी, किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने कृषि विभाग को छोड़कर अन्य विभागों के जिले स्तर के किसान दिवस में तय नोडल अधिकारी उपस्थित न रहने पर कड़ी नाराज़गी जताई, इस पर सीडीओ प्रतिभा सिंह ने नाराज़गी जताते हुए नोडल अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसान दिवस में अपने अधीनस्थों की जगह स्वयं उपस्थित नहीं हुए तो कार्यवाही की जाएगी किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने नहरों में केमिकल युक्त लाल पानी रोके जाने की मांग मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह सहित संबंधित अधिकारियों के समक्ष जरदारी से उठाई, कहा कि केमिकल युक्त नहरी पानी से खेती और फसल तो खराब हो ही रही है बल्कि किसानों के पैरों पर भी केमिकल नुकसान पहुंचा रहा है, उन्होंने खेरागढ़ तहसील के गांव साले नगर बरुअर पर नहर विभाग की अधूरी पड़ी पुलिया के निर्माण को जल्द कराया जाए ग्रामीण किसानों को कई किलोमीटर दूर होकर आना पड़ रहा है, चाहर ने सरेंडा ड्रेन नाला की सफाई करने की मांग उठाई और कहा कि नाले की सफाई न होने से बरुअर गांव के किसानों की करीब 100 बीघा खेती जलभराव के कारण बंजर रह जाती है, किसानों की शिकायत पर किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने खरीफ फसल में बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग रखी, कहा कि सर्वे हो गया है।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर में बुधवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय सभागार में किया गया। जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर को प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि विश्व भर में रोकी जा सकने वाली मौतें और बीमारियों का एकमात्र सबसे बड़ा कारण तंबाकू सेवन है । विश्व में लगभग 60 लाख लोग हर साल तंबाकू के सेवन से अपनी जान गंवाते हैं । सात सेकंड में एक धूम्रपान करने वाले व्यक्ति की मौत होती है। लगभग हर साल 9 लाख भारतीय तंबाकू सेवन से मरते हैं, जो की टीबी, एड्स और मलेरिया से होने वाली मौतों से अधिक है। प्रतिदिन लगभग 2200 से अधिक भारतीय तंबाकू सेवन के कारण मरते हैं। भारत में कैंसर से मरने वाले सौ रोगियों में से चालीस तंबाकू के प्रयोग के कारण मरते हैं । लगभग 95 प्रतिशत मुंह के कैंसर तंबाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों में होते हैं। धूम्रपान के अलावा तंबाकू सेवन के कई प्रकार है जैसे जर्दा, खैनी, हुक्का, गुटका व तंबाकू युक्त मसाला प्रमुख हैं। तंबाकू सेवन से मानसिक स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है और तंबाकू सेवन करने वाला व्यक्ति मानसिक रोगों से पीड़ित हो जाता है। तंबाकू सेवन से न केवल कैंसर होता है बल्कि हृदय रोग, मधुमेह, टीबी, लकवा, दृष्टिहीनता और फेफड़ों के रोग एवं सांस संबंधी बीमारी होता है। कैंसर के एक मरीज पर लगभग 10 से 15 लख रुपए का खर्चा आता है और उपचार के लिए उन्हें कर्ज भी लेना पड़ता है । यहां तक उन्हें अपना घर बार एवं खेत खलिहान भी बेचना पड़ता है और अपने परिवार को आर्थिक विपत्ति में डाल देता है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति को असहनीय दर्द होता है एवं रोगी तड़पता है ,जिसके कारण परिवार के लोग भी परेशान होते हैं। धूम्रपान करने वाला व्यक्ति न केवल अपने जीवन के लिए बल्कि अपने परिवार व समाज के लिए भी कैंसर का खतरा पैदा करता है। इस सबसे बचने के लिए हमें आज से ही तंबाकू को छोड़ने का शपथ लेना होगा आइए हम यहां सब यह शपथ लें कि हम धूम्रपान और तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे। हम अपने बच्चों एवं समाज को तंबाकू से दूर रखेंगे एवं समाज को होने वाली क्षति से बचाएंगे। हम तंबाकू कंपनियों से किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं लेंगे और ना ही उन्हें सहयोग करेंगे। तंबाकू का शौक - किस्तों में मौत, आईए जीवन चुने , तंबाकू नहीं।

# 24 दिसंबर को लगेगा विराट रोटरी शरद मेला 28 को होगा समापन: पंकज महातिया

■ जिलाधिकारी संजय सिंह करेंगे मेले का उद्घाटन तथा राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के द्वारा होगा समापन

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रोटरी क्लब का पीलीभीत द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित विराट रोटरी शरद मेला इस बार जनपद के ड्रामड राजकीय इंटर कॉलेज में 24 दिसंबर से लगाया जाएगा जो की 28 दिसंबर तक चलेगा। इस वर्ष मेले का उद्घाटन 24 दिसंबर शाम 4.00 बजे जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा किया जाएगा तथा समापन 28 दिसंबर को राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मीले संजय सिंह गंगवार द्वारा संपन्न होगा। बताते चलें कि इसकी पूरी जनकारी देते हुए विराट रोटरी शरद मेला के व्यापक विचार व प्रचार हेतु एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन स्थानीय सिल्वर लीफ होटल में किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए क्लब अध्यक्ष पंकज महातिया ने मेले के बारे में विस्तृत जानकारी पत्रकारों को दी। मेला अध्यक्ष एडवोकेट राहुल अग्रवाल ने बताया की मेले में इस बार विशेष करके 25 तारीख को अलीशा नाइट तथा 27 दिसंबर को पंजाबी नाइट रंजीत रंधावा के द्वारा आयोजित की जा रही हैं। रोटरी क्लब के सचिव डॉक्टर प्रांजल अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष मेले में एकल नृत्य प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, गिफ्ट पैकिंग प्रतियोगिता, एकल गायन प्रतियोगिता, पेंसिल स्केच प्रतियोगिता, वायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता, हास्य कवि सम्मेलन, जादूगर, फैशन शो, वायरलेस कुकिंग, फैंसी ड्रेस, बेस्ट पेंटिंग प्रतियोगिता, ग्रुप डांस प्रतियोगिता, बेबी हेल्थ शो, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट प्रतियोगिता, नेल आर्ट प्रतियोगिता कबाड़ से धमाल प्रतियोगिता ,आदि अनेकों कार्यक्रम बच्चों से लेकर बड़ों तक के रखे गए हैं। रोटरी क्लब के पीआर ओ रोटेरियन रवि देव शर्मा ने बताया कि इस बार कठपुतली डांस, रंगोली प्रतियोगिता और फ्लावर शो को प्रतिदिन 24 से 28 तक रोजाना किया जाएगा। मेला मीडिया प्रभारी डॉक्टर अनिल सक्सेना ने अंत में सभी को सूचित किया कि मेले में 100 का एक टिकट भी जनता जनार्दन के लिए सेवा कार्यों हेतु रखा गया हैं। जिसमें बंपर पुरस्कार मोटरसाइकिल, स्कूटी, फ्रिज, लगेजट्रॉली तथा इसके अतिरिक्त रोज मेले में 25 का प्रवेश शुल्क मेला दर्शन हेतु रखा गया हैं। जिसमें प्रतिदिन मिक्सर ग्राइंडर का पुरस्कार जनता के लिए निकला जाएगा। मेला चेयरमैन एडवोकेट राहुल अग्रवाल ने बताया कि मेले से प्राप्त आय को हमेशा की भांति समाज के हितार्थ कार्यों एवं सेवा के कार्यों में व्यय किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोटरी क्लब के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सचिव डॉक्टर प्राजंल अग्रवाल, मेला चेयरमैन एडवोकेट राहुल अग्रवाल, पी आर ओ रवि देव शर्मा, मेला मीडिया प्रभारी डॉक्टर अनिल सक्सेना, रचित अग्रवाल तथा इंजीनियर गौरव अग्रवाल उपस्थित रहें।

# मुरैना गांधीनगर-संपूर्णानगर पीडब्ल्यूडी मार्ग पर पीडब्ल्यूडी ने ट्रायल डामर हाटमिक्स निर्माण कार्य किया शुरू

■ मुरैना गांधीनगर-संपूर्णानगर पीडब्ल्यूडी मार्ग बनने से विकास को मिलेगी गति

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



**हजारा।** ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्रामीणों की दुश्वारियों को कम करने की ओर एक कदम और आगे बढ़ाते हुए पीलीभीत पीडब्ल्यूडी विभाग ने ट्रायल के रुप में मुरैना गांधीनगर- संपूर्णानगर निर्माणाधीन पीडब्ल्यूडी मार्ग पर डामर युक्त हाटमिक्स निर्माण कार्य मंगलवार से शुरू करा दिया है उक्त पीडब्ल्यूडी मार्ग के बन जाने से क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी तो वहीं ग्रामीणों एवं वाहनों को सुगमता पूर्वक सफर करने को मिल सकेगा।
ट्रांस शारदा क्षेत्र के मुरैना गांधीनगर से आजाद नगर, शांतिनगर, रामनगर तिराहा, चीनी मिल होते हुए संपूर्णानगर- खीरी के मुख्य तिराहे तक पीडब्ल्यूडी मार्ग की स्थिति बद से बद्तर हो गई थी उक्त मार्ग पर ग्रामीणों एवं वाहनों का चलना बहुत मुश्किल हो गया था मगर क्षेत्रीय भाजपा विधायक एवं भाजपा सांसद व पीलीभीत पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के अथक प्रयास और ग्रामीणों की लगातार मांग पर शासन ने करोड़ों रुपए का भारी-भरकम बजट देते हुए स्वीकृति प्रदान कर दिया था उपरोक्त मार्ग पर वर्तमान में निर्माण कार्य भी चल रहा है। इस पीडब्ल्यूडी मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने मंगलवार से ट्रायल के रुप में डामर युक्त हाटमिक्स निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।उक्त पीडब्ल्यूडी मार्ग के बन जाने से ग्रामीणों राहगीरों एवं वाहनों व चालकों को हिचकोलों व झटकों से छुटकारा मिल जाएगा तो वहीं क्षेत्र के गांवों एवं ग्रामीणों के विकास को गति भी मिल सकेगी। यहां बता दें कि मुरैना गांधीनगर- संपूर्णानगर पीडब्ल्यूडी मार्ग पर गैस एजेंसी, बाब शाखा, डीसीबी बैंक शाखा, पेट्रोल पंप, पशु अस्पताल, साधन समिति, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, सरकारी उद्यान नर्सरी, थाना, पीडब्ल्यूडी अतिथि गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय हाईस्कूल विद्यालय, संपूर्णानगर चीनी मिल आदि पड़ते हैं उक्त मार्ग बनने से इसका सीधा लाभ इन सभी को भी मिलेगा। मुरैना गांधीनगर- संपूर्णानगर पीडब्ल्यूडी मार्ग पर मंगलवार को ट्रायल के रुप में डामर युक्त हाटमिक्स सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया गया है इस हाटमिक्स निर्माण कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण करने के बाद इसमें अगर कुछ परिवर्तन करना होगा तो उसे विभाग करते हुए निर्माण कार्य आगे बढ़ाएगा और कार्यदाई संस्था को मार्ग निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखनें के लिए कहा गया है साथ ही विभाग लगातार निगरानी भी कर रहा है- अनूप कुमार अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग पीलीभीत।

# पालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था ने झांसी के गुरसरांय में 60 फ़ीट चौड़े कांच के झूले का किया उदघाटन

■ जैन समाज का 1008 श्री नेमिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



पीलीभीत नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने झांसी जिले के ऐतिहासिक नगर गुरसरांय में 1008 श्री नेमिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में जन्मकल्याणक के दिन सायं कालीन सभा में मैनपुरी से आये विश्वप्रसिद्ध 60 फुट चौड़े कांच के झूले पर बालक नेमिकुमार को झूला झुलाया गया तथा पालिका अध्यक्ष ने उद्घाटन किया। जिनबिंब पंचकल्याणक एक ऐसा उत्सव है जो भरत क्षेत्र के 24 तीर्थंकरों की पांच शुभ जीवन घटनाओं का जश्न मनाता है। यह उत्सव तब आयोजित किया जाता है। जब एक नया जैन मंदिर बनाया जाता है या मंदिर में नई मूर्तियां स्थापित की जाती हैं। गुरसराय उत्तर प्रदेश के झाँसी ज़िले में स्थित एक ऐतिहासिक नगर है। इस शहर की स्थापना मालवा के पेशवाओं के प्रमुख को पानीपत की दूसरी लड़ाई के दौरान उनकी सेवा के लिए दी गई भूमि के अनुदान से की गई थी। माना जाता है कि मुकुंदराज ने एक मुगल जनरल के भोजन में जहर देकर पेशवाओं के लिए लड़ाई जीत ली थी, तब वह पेशवा दरबार में आया था। इस अधिनियम के कारण मुगल सेनाएँ मालवा साम्राज्य की सीमाओं से हट गईं थीं। आज के समय में गुरसरांय में जैन समाज के लोग काफी संख्या में रहते हैं। ऐसे ऐतिहासिक नगर में 1008 श्री नेमिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में मैनपुरी से आये विश्वप्रसिद्ध 60 फुट चौड़े कांच के झूले पर बालक नेमिकुमार को झूला झुलाया गया। इसका उद्घाटन पीलीभीत की नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजन किया गया। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल को मुकुट धारण कराया गया।
इसके बाद 60 फीट ऊंचे कांच के झूले का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।
इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था के साथ कार्यक्रम आयोजक सनत कुमार जैन, प्रतिष्ठाचार्य रजनी भाई जोशी, संचालक संजय जी जेवर, प्रतिष्ठा महोत्स0व अध्यक्ष विजय बड़जात्या इंदौर, निर्देशक विराग जी शास्त्री जबलपुर, गुरसरांय जैन समाज के अध्यक्ष चक्रेश जैन, प्रमोद जैन वैरायटी सहित उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश सहित देश भर के श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



■ चेकिंग के दौरान 82 चार पहिया वाहन निर्धारित गतिसीमा से अधिक गति से संचालित होते पाए गए

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा जनपद के पूरनपुर मार्ग एवं बरेली मार्ग पर ओवर स्पीडिंग कर रहे हैं वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें इंटरसेप्टर द्वारा मार्ग पर दौड़ रहे ओवर स्पीड वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान 82 चार पहिया वाहन निर्धारित गतिसीमा से अधिक गति से संचालित होते पाए गए। जिस पर उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई।
एआरटीओ द्वारा अवगत कराया गया कि विगत दिनों ओवर स्पीडिंग के कारण सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है जिसको नियंत्रित करने के उद्देश्य से ओवर स्पीडिंग कर रहे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई जोकि निरंतर चालू रहेगी।
सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण ओवर स्पीडिंग है जिसमें वाहन चालक अपनी वाहन को नियंत्रित न कर पाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं एवं स्वयं के साथ-साथ अन्य वाहनों व राहगीरों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने समस्त वाहन चालकों से अपील की कि निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं कोहरे के मौसम में अत्यंत धीमी गति से वाहन चलाएं अपने वाहनों की लिए ऑन रखें।

## ठेकेदार की लापरवाही 11000 केवी लाइन के तीन खम्मे धराशाई बड़ा हादसा टला



**जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा।** कस्बे के वार्ड नंबर 4 में बन रही सड़क के ठेकेदार ने आज शाम करीब 4:30 बजे 11000 केवी की विधुत लाइन के खंभे के पास सड़क निर्माण के लिए मिट्टी की खुदाई शुरू कर दी ज्यादा खुदाई होने की वजह से विधुत लाइन का खंभा फौरन धराशाई हो गए। विधुत लाइन में आए खिंचाव के कारण एक एक करके तीन खंभे धराशाई हो गए। जिस समय यह घटना घटी नगर में विधुत की सप्लाई जारी नही थी।जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और शाम के समय काफी लोग सड़क पर मौजूद थे गनीमत रही कि खंभों के चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया। विद्युत के खम्बे गिरने से कई वार्डो की व्यवस्था चौपट हो गई लोगो को रात के अंधेरे में रहना पड़ा। विद्युत अवर अभियंता सन्त कुमार ने बताया कि जो भी नुकसान हुआ उसको ठेकेदार सही करायेगा रात्रि में सप्लाई शुरू हो जाएगी।

# सर्जरी कर मृत बच्चे को बाहर निकाल दिया गाय को जीवनदान

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



**फूलपुर।** के निजामाबाद तहसील क्षेत्र के वजीरमलपुर गांव में बुधवार को पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल द्वारा गर्भस्थ गाय का सर्जरी कर मृत बच्चे को बाहर निकाल गाय को जीवनदान देने का मामला प्रकाश में आया है।बच्चा जलोधर का शिकार बताया जा रहा है। फ़िलहाल गाय को सुरक्षित पाकर पशु पालक ने चिकित्सक के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।
उक्त गांव निवासी पशुपालक श्यामाकांत की गाय गर्भ से थी। सामान्य प्रसव में समस्या आने पर पशुपालक ने राजकीय पशु चिकित्सालय बूढ़ापुर में पदस्थ पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल से सम्पर्क किया।जिस पर डाक्टर पालीवाल द्वारा बुधवार को उक्त गाय का सर्जरी कर मृत बच्चे को बाहर निकाल कर गाय को नया जीवनदान दिया।बच्चा जलोधर का शिकार हो जाने के कारण गर्भ में ही मृत हो गया था। फ़िलहाल गाय को सुरक्षित पाकर पशु पालक ने राहत की सांस लेते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। आपरेशन की सफलता पर जहां पशु चिकित्सक ने प्रसन्नता जाहिर की वहीं पशु पालक ने चिकित्सक के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया।

## मेरठ से अयोध्या-वाराणसी जाने की कर लें तैयारी

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को वाराणसी तक चलाए जाने की तैयारी है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की ओर से रूट का सर्वे भी करवाया जा रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो नए साल में मेरठ-लखनऊ वंदे भारत को वाराणसी तक विस्तारित कर दिया जाएगा। वाराणसी-मेरठ के बीच सीधी सेवा की यह एकमात्र ट्रेन होगी। अभी तक वाराणसी-मेरठ के बीच सीधी सेवा वाराणसी समेत आसपास के जिलों से भी नहीं है। ऐसे में वाराणसी समेत पूर्वांचल के यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा होगी। रेलवे ने वंदे भारत का टाइम शेड्यूल जारी किया। वंदे भारत सुबह मेरठ से चलकर शाम 6:15 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वाराणसी से रोजाना सुबह 9:00 बजे चलकर रात 9:00 बजे मेरठ आएगी। काफी दिनों से अयोध्या और वाराणसी के लिए नई ट्रेन चलाने की हो रही थी मांग। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे बोर्ड से सर्वे को हरी झंडी मिल चुकी है। सर्वे के तहत इसके ठहराव, रूट और समय, किराये को लेकर मंथन चल रहा था।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

पर्यावरण संरक्षण की युवा धारा गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों अनमता शम्सी, निबाह फातिमा, रहबर अली, वैशाली तिवारी (कक्षा 8) व रिद्धिमा (कक्षा 9) ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। इन युवा नेतृत्वकर्ताओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरक वक्ता के रूप में चुना गया है, जिन्होंने केंद्रीय विद्यालय के मंच पर जाकर लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने और इसके संरक्षण के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण दायित्व पूर्ण किया है।
गोस्वामी मोम्स प्राइड स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों ने एक अद्भुत कार्यशील मॉडल तैयार किया है जो थर्मल ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है। इस अभिनव परियोजना ने न केवल छात्रों की वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रदर्शित किया है, बल्कि ऊर्जा संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के महत्व को भी रेखांकित किया है।छात्रों द्वारा विकसित मॉडल में थर्मल ऊर्जा का उपयोग करके विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए एक अभिनव तंत्र शामिल है। यह प्रोजेक्ट न केवल वैज्ञानिक सिद्धांतों का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन है, बल्कि पर्यावरण-हितैषी तकनीकों के विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अतिरिक्त उन्होंने पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता वीडियो बनाए और उन्हें ऑनलाइन साझा किया, जिससे हजारों लोगों तक पर्यावरण संदेश पहुंचा।स्कूल की प्राचार्या, सोनिया गोस्वामी ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, हम गर्व महसूस करते हैं कि हमारे छात्र पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आ रहे हैं।
विद्यालय प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने कहा कि इन युवा नेतृत्वकर्ताओं की प्रतिबद्धता और समर्पण पूरे समुदाय के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है।÷बच्चों की इस क्रियात्मक व वैज्ञानिक सोच में विद्यालय के अध्यापक ऋतिक गंगवार का भी पूर्ण सहयोग व योगदान रहा।
इन छात्रों के प्रयास वातावरण परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में योगदान देते हैं और ऊर्जा की रक्षा में मदद करते हैं।
रहबर का कहना है कि पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए ऊर्जा को बचाना आवश्यक है। अनमता का कथन था कि पर्यावरणीय गतिविधियों पर नियंत्रण व देख रेख आवश्यक है।निबाह फातिमा ने आज कल होने वाली वैज्ञानिक सफलताओं को ही पर्यावरण में परिवर्तन का कारण माना है। वैशाली ने थर्मल ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने के अनेक फायदे बताये जिनसे आज की पीढ़ी लाभ उठा सकती है। रिद्धिमा ने सम्पूर्ण प्रोजेक्ट को क्रियात्मक रूप से चलते हुए दिखाया जिससे सभी में उसे कार्यकारी रूप में देखने की उत्सुकता जागी।

# पीलीभीत में 96 हजार किसानों से 72 लाख कुंतल हुई गन्ना खरीद- खुशीराम भार्गव

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



गन्ना भवन पीलीभीत में खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी की अध्यक्षता मे गन्ना क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चीनी मिलों के गन्ना खरीद, चीनी उत्पादन, चीनी पर्ता,क्रय केंद्र निरीक्षण एवं बसंतकालीन गन्ना बुआई की चर्चा की गई। वर्तमान में सभी चीनी मिले गन्ना पेराई का कार्य कर रही हैं। प्रतिदिन 2 लाख 19 हजार कुंतल गन्ना खरीद की जा रही है। अब तक 96000 कृषकों से 72 लाख कुंतल गन्ना खरीद की जा चुकी है। पीलीभीत चीनी मिल द्वारा 45 लाख कुंतल, बरखेड़ा चीनी मिल द्वारा 22 लाख कुंतल, बीसलपुर चीनी मिल द्वारा 3 लाख कुंतल, पूरनपुर चीनी मिल द्वारा 2 लाख कुंतल गन्ना खरीद की जा चुकी है। पीलीभीत चीनी मिल द्वारा 8 दिसंबर 2024 तक खरीदे गए गन्ने का 127 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया गया है। इसी प्रकार बीसलपुर चीनी मिल द्वारा 3 दिसंबर 2024 तक क्रय किए गए गन्ने का 2 करोड़ रुपए एवं चीनी मिल पूरनपुर द्वारा 8 दिसंबर 2024 तक क्रय किए गए गन्ने का 2 करोड़ रुपए गन्ना मूल्य भुगतान कृषकों के खाते में भेज दिया गया है। इस प्रकार जनपद की तीन चीनी मिलों द्वारा 131 करोड़ रुपए का भुगतान 53 हजार गन्ना किसानों के खाते में भेजा जा चुका है। सी आई सी बैठक में जनपद की चारों चीनी मिलो के 222 तौल लिपिकों का ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम द्वारा पाक्षिक स्थानांतरण किया गया। जिसकी प्रति सभी चीनी मिल प्रतिनिधियो को उपलब्ध कराते हुए निर्देश दिए गए कि वह लॉटरी सिस्टम से नियुक्त तौल लिपिकों के माध्यम से ही तौल कार्य कराएं। प्रभु एन सिंह आयुक्त गन्ना एवं चीनी उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी गन्ना तौल लिपिकों का पाक्षिक स्थानांतरण ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम से किया जाये। किसी भी तौल लिपिक की नियुक्ति मैन्युअल न की जाये।
जिला गन्ना अधिकारी द्वारा सभी सचिव एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देश दिए गए की वह क्रय केंद्रों का निरंतर निरीक्षण करते रहे। यदि कही पर भी कोई अनियमितता पाई जाती है तो उसकी सूचना कार्यालय को दे। सभी क्रय केन्द्रो पर पेयजल, पशुओ के पानी पीने के लिए नाद, मानक बाँट का होना अनिवार्य है स बैठक में दिग्विजय सिंह, अध्यक्ष गन्ना समिति, पीलीभीत, राजेश सिंह, बीसलपुर गन्ना समिति, मुख्य गन्ना अधिकारी बीसलपुर एवं पूरनपुर, प्रधान प्रबंधक गन्ना पीलीभीत चीनी मिल, सभी सचिव एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं चीनी मिल गुलरिया, निगोही, फरीदपुर के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# कोटेदार के रवैए से आक्रोशित महिलाओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ताखा पूरब गांव में कोटेदार के मनमानी रवैए से नाराज़ गांव कि महिलाओं ने तहसील परिसर में पहुंच कर नारेबाजी कर उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर जमा हो गई।
बुधवार को क्षेत्र के ताखा पूरब के कोटेदार तीन महीनों से रजिस्टर पर अंगूठा लगवा लेता है मगर राशन नही देता ऐसा ग्रामीणों ने आरोप लगाया की उक्त भ्रष्ट कोटेदार के खिलाफ इसके पहले भी शिकायत की गयी थी। मगर कोई कार्यवाई नही हुई। जिससे कोटेदार और मनबढ़ हो गया। बुधवार को जब ग्रामीणों का सब्र का बांध टूट गया तो सैकड़ों की संख्या में ग्राम प्रधान संगीता पासवान के नेतृत्व तहसील पहुंची और उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गयी। काफी हो हल्ला के बाद उपजिलाधिकारी ने किसी तरह समझा बुझाकर ग्रामीणों को वहां से हटाया और जांच का आश्वासन दिया।
और वहीं जब इस सम्बंध में आपूर्ति विभाग के सप्लाई इंस्पेक्टर से जानकारी मांगी गई तो वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। वहीं उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने कहा की सप्लाई इंस्पेक्टर को गांव मे भेज कर जांच कराया जाएगा। जांच के कोटेदार के विरूद्ध कार्यवाही किया जाएगा।

# दवा और तेल के दम पर कर रहे थे बाल उगाने का दावा

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

मेरठ में लाइन लगवाकर गंजे लोगों के सिर पर दवा लगाकर बाल उगाने का दावा करने वाले तीन आरोपियों मूलरूप से बिजनौर का रहने वाला सलमान, इमरान और समीर निवासी दिल्ली को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बिजनौर, दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड में लोगों को झांसे में लेकर दवाई बेचकर लाखों रुपये कमा चुके हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने थाने से ही आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया है। खास बात यह है कि एक आरोपी खुद गंजा है। ऐसे में सवाल है कि जब वह खुद गंजा है तो दूसरों के बाल कैसे उगा सकता है। दवा लगवाने वाले कई लोगों को एलर्जी भी हो गई। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया लिसाड़ी गेट समर कॉलोनी में कुछ दिन पहले कैंप लगाया था। जिसमें गंजे लोगों के बाल उगाने का दावा किया गया था। दवा लगवाने के लिए यहां लोगों की भीड़ लग गई थी और यातायात व्यवस्था भी बिगड़ गई थी। वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। आरोपियों ने यहां दवा लगवाने आए बड़ी संख्या में लोगों को पहले पूरी तरह गंजा होकर आने के लिए कहा। इससे भीषण सर्दी में दवा लगवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पूरी तरह गंजे होकर आए और दवा लगवाई।

## पूर्व विधायक शाहनवाज राना और सद्दाम राना को जमानत

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर।** जीएसटी टीम के साथ बदसलूकी और हमले के मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राना और सद्दाम राना को जमानत मिलने के बावजूद रिहाई लटक गई है। बेटे शाह आजम राना पर दर्ज धोखाधड़ी के मुकदमे में पूर्व विधायक को साजिश रचने का आरोपी बनाया गया है। सीजेएम कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर से दाखिल जमानत अर्जी खारिज कर दी गई। अदालत ने पूर्व विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानलेवा हमले में जमानत होने के बाद पुलिस ने साजिश रचने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में वारंट तामील कराया। इसके बाद जिला कारागार से कड़ी सुरक्षा के बीच पूर्व विधायक को कोर्ट में पेश किया गया। बचाव पक्ष की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। उधर, सद्दाम राना की जमानत थाना सिविल लाइंस से तस्दीक नहीं हो पाई। इस कारण वह भी रिहा नहीं हो सका। सहायक आयुक्त राज्य कर खंड आठ प्रदुम्मन चौधरी ने सिविल लाइन थाने में नौ दिसंबर को सर्व जंबूदीप एक्सपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर पूर्व विधायक के बेटे शाह आजम राना के अलावा कामरान राना, जिया अब्बास जैदी और तौसिफ कुरैशी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। वादी का कहना था कि जंबूदीप एक्सपोर्ट एडं इंपोर्ट लिमिटेड मेरठ रोड के जीएसटी नंबर के विरुद्ध प्राप्त इनपुट के आधार पर कंपनी की जांच 2018-19 में राज्य कर विशेष अनुसंधान शाखा ने की थी। कंपनी की ओर से जो प्रपत्र प्रस्तुत किए गए, उनमें फर्जी कागजात मिले। न्यू यूपी उत्तराचंल टीपीटी कंपनी रामपुर चुंगी रुड़की, अयान रोड लाइंस राना चौक, हरियाणा महाराष्ट्र फ्रेट कैरियर कैथल हरियाणा, बरकत धर्मकांटा मेरठ रोड की बिल्टी फर्जी पेश की गई। इन संस्थानों का कोई अस्तित्व नहीं पाया गया।

# चल रहा रियल स्टेट का काला कारोबार
# भू माफिया हो रहे मालामाल

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी




अपने बचपन में आपने एक सीरियल तो देखा होगा जिसमें एक अच्छी परी और बुरी परी रहती थी और उनके साथ एक डूबा-डूबा घूमा करता था कुछ ऐसा ही हाल जनपद में रियल स्टेट वालों ने कर रखा है कुछ तो सही है लेकिन कुछ तो डूबा डूबा लेकर घूम रहे हैं और लोगों को डूबा डूबा कर चूना लगा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि जनपद में जो भी अवैध रियल स्टेट का काला कारोबार करता है वह अपने साथ डूबा- डूबा यानी क्षेत्रीय सरकारी कर्मचारियों को मिलाए रहता है जिले में कई रियल स्टेट कंपनियां अपना कारोबार कर रही है जिनमें से कुछ तो सही है लेकिन कुछ तो बिना परमिशन के चुपके-चुपके अपना पैर पसारकर मालामाल हो रहे हैं कुछ ने तो सरकारी बंजर जमीन को भी नहीं छोड़ा और कभी कभार तो इनकी पोल पट्टी भी खुल गई है लेकिन फिर भी यह अपना कारोबार जारी रखे है रियल स्टेट वालों ने तो कई बार अपने अवैध कारोबार से लोगों को लाखों करोड़ों का चूना लगाने का भी काम किया है गांव क्षेत्र में तो बिना परमिशन के ही अपना काम कर रहे हैं लेकिन क्षेत्रीय अधिकारी या तहसील प्रशासन कोई इन पर बड़ी कार्रवाई नहीं कर रहा है रियल स्टेट का काला कारोबार तो ऐसा है कि हाइवे किनारे कई जगह कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए और कई बार मुकदमे दर्ज होने के बावजूद भी मामले ठंडा बस्ते में चले गए जिले में कई सालों से ये काला कारोबार चल रहा है कभी कभार जब अधिक लोग शिकायत करते हैं तो प्रशासन थोड़ी बहुत बुलडोजर वाली कार्यवाही भी कर देता है लेकिन इसके बावजूद भी यह कारोबार नहीं थम रहा है भोले भाले सीधे लोग इस जाल में फंस भी जाते हैं कुछ लोग शिकायत करते हैं तो कुछ लोग शर्म के मारे किसी को बताते भी नहीं सूत्र बताते हैं कि इस रियल स्टेट के काले कारोबार में चंद अधिकारी भी शामिल है तभी तो कुछ लोग बिना नाम के भी अपना कारोबार चला रहे हैं आपने देखा होगा कि रियल स्टेट का कारोबार लगातार जगह-जगह गांव से लेकर शहर तक हाइवे किनारे और विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिल जाता है जिले में वैसे 6 तहसील है जिसमें से नवाबगंज तहसील सबसे बड़ी तहसील है कई बार तो सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कई बार प्रशासन द्वारा भू माफियाओं पर रियल स्टेट के काले कारोबार का पर्दाफाश कर ताबड़तोड़ बुलडोजर की कार्यवाही भी हुई है लेकिन इसके बावजूद भी यह सिलसिला थम नहीं रहा है रियल स्टेट का अवैध कारोबार जिले में लगातार जोर पकड़े हैं

**लोगों के सवाल!**

प्रशासन आखिर बड़ी कार्यवाही क्यों नहीं करता, ठंडे बस्ते में चला जाता है मामला! अखबारों में छप जाती है तस्वीरे फिर चलने लगता है कारोबार,छोटा-मोटा प्रॉपर्टी का काम करने वालों पर होती है बुलडोजर की कार्यवाही लेकिन कंक्रीट के जंगल खड़े करने नहीं चलता है बुलडोजर।

# सामान्य रेट एक करोड़ 36 लाख रुपया प्रति हेक्टेयर मिलेगा, अरौल में डीएम की पंचायत

- सड़क अन्य कीमती जमीन का रेट अलग मिलेगा चार तरह के रेट मिलेंगे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में विद्या भवन इंटर कॉलेज अरौल में आगरा एक्सप्रेस हाईवे के किनारे भूमि अधिग्रहण करने के लिए कई महीने से किसानों के बीच अधिकारी जा रहे हैं और किसान अपनी सहमति नहीं दे रहे थे जिसकी चलते बुधवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह दोपहर बाद 2.17 पर पहुंचे और 3.21 पर किसानों को समझा कर चले गए उन्होंने बताया आपको अच्छा मुआवजा मिलेगा, आप लोग सहमति दे दे, अन्यथा आपत्ति सहित कारण लिखे, फिर जैसा सरकार आदेश करेगा, वही होगा। उन्होंने बताया। एक्सप्रेसवे के किनारे सुपीरियर मुआवजा माना जाएगा उसके लिए उच्च अधिकारियों से बात कर ली जाएगी। विनोद सिंह अरौल निवासी व संतोष पाल बरहमापुर सब भाइयों की जमीन जा रही है भूमिहीन हो रहे हैं उन्होंने अधिक मुआवजे की मांग की, गोबर हम कितनी दूर डालने जाएंगे। डीएम ने कहा मुआवजा मिलेगा उससे आप बांगरमऊ में जमीन खरीद लेना, भूमि हीन किसानों को सरकार जमीन देंगी तो उनको मुआवजा नहीं मिलेगा। आसपास गांव में जमीन ढूंढ कर उन किसानों को दे दी जाएगी उनको मुआवजा नहीं मिलेगा किसानों को मुआवजा लेना ज्यादा फायदेमंद रहेगा उससे ज्यादा जमीन आप कहीं भी खरीद सकते हो। हाउसिंग सोसायटी होगी तो उसमें आवास के लिए मिल सकता है और पैसा कटेगा लेकिन यह इंडस्ट्री है इसमें किसानों को नहीं मिल सकेगा। जो सड़क किनारे होगा सड़क का रेट मिलेगा जो दूर का होगा उसको दूर का मुआवजा मिलेगा। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस हाईवे में जो जमीन की गाटा संख्या का आधा भाग गया है उसका अलग रेट मिल जाएगा सामान्य रेट एक करोड़ 36 लाख प्रति हेक्टेयर के हिसाब से बिजली विभाग का जो पैसा जमा है वह पैसा कास्टिंग, बिजली विभाग के अधिकारी है उसकी कास्टिंग करेंगे कोई दिक्कत होगी तो उसका संशोधन कराया जाएगा। संजय कुमार सिंह अरौल ने बताया कि पेड है उनका मुआवजा नहीं मिला है। इस पर डीएम ने कहा कि उनका भी मूल्यांकन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा,आप लोग विचार कर बता दें दो दिन बाद आप लोगों से अधिकारी संपर्क करेंगे, सहमति या असहमति कारण सहित लिख दें। इसके बाद शासन को भेज दिया जाएगा जैसा वहां से आदेश आएगा वैसा पालन किया जाएगा।

इस मौके पर डीपीआरओ, एडीएम अधिपत्य रिंकी जायसवाल, एसडीम रश्मि लंबा, एसीपी कृष्णकांत, नायब तहसीलदार सीपी राजपूत, दिव्या भारती, कानून गो, लेखपाल, अरौल प्रधान मुन्ना सिंह व रिंकी कटियार सहित लगभग 100 किसान मौजूद रहे।

## एक हजार गरीबों को राज्यमंत्री सतीश ने बांटे कम्बल



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। रामसनेहीघाट। कड़ाके की ठंड व सर्दी से गरीबों एवं निसहायों को बुधवार को सुबह राजस्व प्रशासन द्वारा प्रदत 1000 कंबलों का वितरण खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने एसडीएम राम आसरे वर्मा के साथ किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सभी के सुख-दुख में हर समय शामिल रहती है जहां बाढ़ में बाढ़ पीड़ितों को राशन सामग्री के साथ ही विभिन्न सामग्री उपलब्ध कराई जाती हैं वहीं सर्दी से गरीबों को बचाने के लिए कंबलों का भी वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जेठबनी कंपोजिट विद्यालय में 500 लोगों को कंबल का वितरण किया। इससे पूर्व उन्होंने खुशहटी स्थित विद्यालय में भी 500 कंबल वितरित किए। इस मौके पर एसडीएम श्री वर्मा के साथ आईएएस व तहसीलदार के पद पर कार्यरत काव्या जी, नायब तहसीलदार सुधाकर पांडे, विवेक तिवारी क्षेत्रीय लेखपाल अंबुज मिश्रा धनंजय पांडे अजयदीप सिंह सहित कई लेखपाल मौजूद रहे।

# आधा दर्जन पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



फतेहपुर। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के अलग-अलग मामलों में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिसमें पहला मामला मझगवां का है, दूसरा मामला रामनगर क्षेत्र के बनकी का है और वहीं तीसरा मामला बडडुपुर क्षेत्र के रहिलामऊ का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम मझगवां निवासी नन्दई ने अपनी पुत्री सोना देवी का विवाह तीन वर्ष पूर्व रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बनकी निवासी ननकू के साथ किया था। आरोप है कि विवाह के कुछ दिन बाद पति व ससुराल पक्ष के लोगों मे 50 हजार रूपया व मोटरसाइकिल की मांग करने लगे और महिला को प्रताडित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि महिला का नन्दोई विजय कुमार उससे छेडछाड भी करता था। लेकिन महिला की कोई बात न सुनकर उसको व उसकी मासूम पुत्री समेत घर से भगा दिया। एक दिसंबर को सभी आरोपी महिला के घर पहुचे और उसको बुरी तरह से मारापीटा। इसी तरह ग्राम रंजीतपुर मजरे करौंदी निवासी सुशीला देवी का चार वर्ष पूर्व बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रहिलामउ निवासी आकाश के साथ हुआ था। आरोप है कि उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग को लेकर महिला का उत्पीडन शुरू कर दिया। महिला ने पति पर आरोप लगाते हुए बताया, उसका पति शराब पीने का आदी है जिसके चलते वह दूसरी महिला को घर लाने के पश्चात अपनी पत्नी को मई 2023 में घर से भगा दिया था। वही इसी क्षेत्र के ग्राम गोडियन पुरवा निवासी हरजीत सिंह ने अपनी पुत्री गुरूप्रीत कौर का विवाह 27 दिसंबर 2019 को ग्राम सरजा थाना तरसिक्का अमृतसर पंजाब निवासी राजवीर सिंह के साथ किया था। विवाह के बाद से महिला को ससुराल पक्ष के लोगों ने प्रतीडित करना शुरू कर दिया। कुछ दिन बाद उसका पति राजवीर नौकरी के सिलसिले में दुबई चला गया। उसके पश्चात महिला को ससुराल पक्ष के लोगों ने आये दिन मारना पीटना शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर महिला का भाई उसको मायके ले आया। इस संबंध में कोतवाल डी.के सिंह ने बताया, कि दहेज प्रताडना को लेकर क्षेत्र से सम्बन्धित तीन मुकदमें दर्ज किए गए है पुलिस मामलों की जांच में जुटी हुई है।

# सीओ आफिस के निकट भूमि पर बनी सहमति

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। तहसील क्षेत्र स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के स्थानान्तरण को लेकर अधिवक्ताओं की कलमबंद हडताल 24वें दिन भी जारी रही। स्थानीय तहसील प्रशासन ने चल रही हड़ताल के गतिरोध को खत्म करने के लिए तहसील सभागार में अधिवक्ताओं के साथ बैठक की।

अधिवक्ताओं व स्थानीय तहसील प्रशासन के बीच आम सहमति के आधार पर सीओ कार्यालय के निकट स्थित भूमि का प्रस्ताव प्रशासन को भेजा जायेगा।

मालूम हो कि स्थानीय अधिवक्ताओं द्वारा लगातार कलमबंद हड़ताल करके प्रस्तावित रजिस्ट्री कार्यालय की भूमि पर निर्माण कार्य न किए जाने की मांग की जा रही है। इस संबंध में अधिवक्ताओं द्वारा डीएम से भी वार्ता हो चुकी है।

उसी के परिपेक्ष्य में कल सहायक स्टाम्प आयुक्त नवीन सिंह ने भी अधिवक्ताओं द्वारा सुझाव के रूप में रखी गई सीओ कार्यालय के पास स्थित भूमि का निरीक्षण किया गया था।

जिसके संबंध में बुधवार को एसडीएम राजेश कुमार विष्वकर्मा ने बार संघ के अधिवक्ताओं को तहसील सभागार में कई घंटे वार्ता चली। जिसमे अधिवक्ताओं द्वारा आम सहमति व्यक्त की गई। एसडीएम ने कहा कि सीओ कार्यालय के पास स्थित भूमि के संबंध में उच्चाधिकारियों को पत्राचार द्वारा अवगत कराया जायेगा। इस मौके पर प्रदीप कुमार निगम, संजय सिंह नम्बरदार, राजीव नयन तिवारी, ओम प्रकाश यादव, हरिनाम सिंह वर्मा, प्रिंस वर्मा, यादवेन्द्र प्रताप सिंह, इन्द्रेश शुक्ला, हरीश मौर्य, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, गणेश शंकर मिश्र, मदन मोहन मिश्र, नफीस अहमद, अवधेश श्रीवास्तव, विकास, ज्ञानू सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# सीडीओं की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । संतकबीरनगर




जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

किसान दिवस के अवसर पर उपनिदेशक कृषि डा0 राकेश सिंह द्वारा वर्तमान समय में फार्मर रजिस्ट्री अभियान में किसानों को अपनी भूमि का अंकन करते हुए गोल्डन कार्ड बनाए जाने की व्यवस्था के बारे में बताया गया। जनपद में अभी सोलर पंप एवं कृषि यंत्रों के अवशेष लक्ष्य की बुकिंग जारी है, किसान पोर्टल पर टोकन धनराशि जमा कर इसकी बुकिंग कर ले। किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री में आधार एवं खतौनी में नाम में अंतर के कारण गोल्डन कार्ड न बनने की शिकायत की गई और अनुरोध किया गया कि खतौनी एवं आधार में उनके नाम संशोधन की व्यवस्था कराई जाए।

जिला उद्यान अधिकारी द्वारा वर्तमान समय में निजी तालाब पर मखाने की खेती ग्लेडियोलस एवं गंदे की खेती 35 प्रतिशत अनुदान पर किसान कर सकते हैं बीज विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाता है किसान इसके लिए आवेदन विभाग में जमा करें। पशुपालन विभाग द्वारा मिनी नंदिनी एवं मुख्यमंत्री गोधन योजना के संबंध में जानकारी दी गई, जिसमें देसी नस्ल की गाय को पालने हेतु अनुदान की सुविधा उपलब्ध है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक केंद्र पर धान की हेतु क्रय हेतु दो कांटे की व्यवस्था कर दी गई है बोरी की उपलब्धता केंद्र पर सुनिश्चित कराई जा रही है। नाथनगर एवं सांखी के किसान के द्वारा बोरे की समस्या के संबंध में अवगत कराया गया। सेमरियावां में विकासखंड के किसानों द्वारा गन्ना विभाग द्वारा गन्ने की तोल, पर्ची के आवंटन इत्यादि की समस्या रखी गई। जिसमें किसानों द्वारा बताया गया कि अगेती एवं सामान्य श्रेणी के गन्ना की पर्ची का वितरण सही से नहीं किया जा रहा है, पर्ची गन्ने की तोल के अनुसार जारी नहीं की जा रही है, तौल केंद्र पर उतराई के नाम पर अनियमितता बरती जा रही है एवं गाना जल जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति में अत्यधिक विलंब होता है की। झीलखाल के किसान द्वारा क्षेत्र में बंदरों से फसल को नुकसान एवं ग्राम वासियों को आए दिन काटने की शिकायत की गई, उनके द्वारा बताया गया कि दो बार बंदर पकड़ कर के भेजे गए, लेकिन वन विभाग एवं ग्राम पंचायत का कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। सहकारी समितियां पर किसान द्वारा समय से न खोलने की शिकायत की गई। लघु सिंचाई विभाग द्वारा निशुल्क बोरिंग के आवेदन की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

जिला कृषि अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में रबी हेतु बीज समय से लक्ष्य से अधिक उपलब्ध कराते हुए वितरित कराया गया जनपद में सहकारिता एवं निजी दोनों क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में फास्फेटिक उर्वरक एवं यूरिया उर्वरक उपलब्ध है।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डा0 राकेश सिंह, जिला कृषि अधिकारी डा0 सर्वेश कुमार यादव, लीड बैंक मैनेजर पवन कुमार सिन्हा सहित जनपद के सम्मानित किसान भाई आदि उपस्थित रहे।

# जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव 18 दिसम्बर 2024 जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आकांक्षा दुबे ने जनपद की समस्त शिक्षण संस्थानों को सूचित किया है कि निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-3908 दिनांक 12.12.2024 के साथ सलंग्न अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ़ अनुभाग-3 उ0प्र0 शासन लखनऊ के पत्र संख्या-1346/ 52-3-2024-52-3099/819/2020 दिनांक 11.12.2024 के द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 में अल्पसंख्यक वर्ग हेतु राज्य पोषित पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत संशोधित समय-सारिणी निर्गत की गयी हैं जिसके अनुसार विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा तैयार करना एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के सपक्ष प्रपत्र प्रस्तुत करने की प्रस्तावित तिथि दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा पंजीकरण करने की प्रस्तावित तिथि दिनांक 10 जनवरी 2025 तक, आंनलाइन आवेदन दिनांक 13 जनवरी 2025 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा फाइनल प्रिन्टआउट निकालने की तिथि दिनांक 15 जनवरी 2025, छात्र/छात्राओं द्वारा हार्डकॉपी वॉछित संलग्नकों सहित विद्यालय मे जमा करने हेतु दिनांक 17 जनवरी 2025, विद्यालयों द्वारा आवेदन पत्रों को आंनलाइन सत्यापित/अग्रसारित हेतु दिनांक 20 जनवरी 2025, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा छात्र/छात्राओं के सत्यापन हेतु दिनांक 21 जनवरी 2025 से दिनांक 31 जनवरी 2025 तक एवं त्रुटिपूर्ण आवेदनों को छात्र/छात्राओं के स्तर से सही करने हेतु।

# डीएम, एसपी सहित जनपद न्यायाधीश द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

- जनपद न्यायधीश ने जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न ले जाने व साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में दिया आवश्यक निर्देश

जन एक्सप्रेस । संतकबीरनगर



जिला कारागार पहुंच कर जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय, हास्पिटल व मेस आदि में साफ-सफाई का जायजा लिया। जिला जज, डीएम व एसपी द्वारा द्वारा जेल परिसर में हास्पिटल, बैरक, मेस का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं/सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। उन्होंने उपस्थित सभी कारागार कर्मियों को निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाये, समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण/सही तरीके से करें। जनपद न्यायधीश ने जेल परिसर की साफ-सफाई सहित कैदियों द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं पर प्रसन्नता भी व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायधीश ने ठण्ड से बचाव के दृष्टिगत कैदियों को स्वेटर का वितरण किया।

निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक आर0 के0 गौतम, उप कारापाल नयन कमल, गीता रानी, राजकुमार गौतम, चिकित्सक वरूणेश दूबे, जेल वार्डर सिद्धार्थ सिंह, वरिष्ठ सहायक कृष्ण कुमार पाण्डेय, दिनेश कुमार उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों को उन्नाव पुलिस ने रोका



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर दिनांक 18-12-2024 विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेस के पदाधिकारी को एक दिन पहले ही मंगलवार को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया था कांग्रेस पदाधिकारी में मुख्य रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव जिला प्रवक्ता राजीव रत्न अरुण कुशवाहा को उनके घर पर पुलिस लगाकर बाहर जाने से रोक लिया गया था आज दिनांक 18तारीख को सभी कार्यकर्ताओं को विधानसभा लखनऊ पहुंच कर आम जन की समस्याओं को उठाने के लिए विधानसभा पहुंचना था उन्नाव से कांग्रेस के नेता आशीष त्रिपाठी श्रीवास्तव तन्मय उन्नाव से लखनऊ जा रहे थे जिनको छोटे चौराहे पर कोतवाली पुलिस ने रोका पुलिस को रोकते ही कांग्रेसी धरने पर बैठकर सरकार व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे इसी दौरान वाशिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह भी धरना स्थल पर पहुंच गये और पुलिस व सरकार की नितियों का विरोध करते हुए बताया हमें लखनऊ विधानसभा भवन नहीं जानें दिया जा रहा है। में पुलिस और सरकार की कार्यवाही का कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।

प्रदेश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार व तानाशाही चरम पर है व्यक्ति को अपनी बात नहीं रखनें दिया जा रहा है लोकतंत्र में हम सभी को अपनी बात रखने का आधिकार है।

## शुक्लागंज की नगर कांग्रेस कमेटी ने राजधानी मार्ग पर पैदल मार्च किया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मयंक बाजपेई के नेतृत्व में राजधानी मार्ग में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लखनऊ विधानसभा का घेराव में पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किये जाने के दौरान लखनऊ नहीं जा सके इसके उपरांत नगर के कांग्रेसी कार्यकर्ता राजधानी मार्ग में पैदल मार्च किया। जिसका मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा पार्टी के कार्यकर्ताओं का दमन किया जाना रहा है पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई, बेरोजगारी और शिक्षा का मुद्दा उठाया। अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार आज तानाशाही कर रही है उसे महंगाई से कोई लेना-देना नहीं है इसका मुख्य उद्देश्य सिर्फ सत्ता पर चिपका रहना है। महंगाई की मार से जनता परेशान है जिससे कि आजकल प्याज लहसुन और अन्य सामग्रियां बहुत महंगी हो गई है। पदयात्रा में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष मयंक बाजपेई, नगर महासचिव रवि शंकर गुप्ता, जयपाल साहू, पुत्तीलाल वर्मा, राम चेतक, तौकील अहमद, पिंटू तिवारी, राम चंद्र सैनी आदि लोग उपस्थित रहे

# आर पी साइंस एकेडमी के प्रबंधक पर अश्लीलता का आरोप, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बस्ती




बस्ती नगर थाना क्षेत्र में एक प्राइवेट स्कूल आर पी साइंस के प्रबंधक सुधीर के ऊपर छात्रा ने अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। स्कूल में ही पढ़ने वाली छात्रा का आरोप है कि स्कूल के प्रबंधक सुधीर सर मेरे साथ ऑफिस के कमरे में बुलाकर मेरे साथ जबरदस्ती छेड़खानी किये है। जिससे छात्रा सदमें में आ गई, और वह घर जाने पर बार-बार बेहोश होने लगी। छात्रा ने बताया कि स्कूल प्रबंधन ने धमकी देते हुए कहा कि अगर कहीं इसकी शिकायत किया तो अंजाम बहुत बुरा होगा। इसके बाद पर परिजनों ने इसकी शिकायत नगर थाने में कि लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, तो बच्ची के साथ हुए इस हैवानियत के खिलाफ पूरा गांव खड़ा हो गया और गांव के लोग ट्राली ट्रैक्टर पर सवार होकर गांव की दर्जनों महिलाओ ने नगर थाने पर पहुंच कर खाने का घेराव किया। घेराव करने के बाद में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की मां ने तहरीर दिया था कि मेरी पुत्री से स्कूल के प्रबंधक टीचर ने छेड़खानी की है, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, धारा 74, 152, 151(2) पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर लोगों को किया जागरूक,

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर। अल्पसंख्यक अधिकार का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की रक्षा, उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित कराना है। उक्त विचार अम्बाला रोड़ स्तिथ एक सभागार में ऑल इंडिया उर्दू तालिमी बोर्ड शाखा सहारनपुर के तत्वाधान में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया। इस दौरान अधिकारों के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाजी साबिर अली ख़ान अध्यक्ष उर्दू तालीमी बोर्ड नें कहा की अल्पसंख्यक विभाग की ओर से चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में लोगो को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक अधिकार का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की रक्षा, उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित कराना है। भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है। यहां का संविधान सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार देता है। अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। इस अवसर पर बच्चों में शिक्षा के महत्व पर जानकारी दी गई और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सय्यद शकील अहमद पूर्व राज्य मंत्री भारत समाज पार्टी नें कहा की संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा के लिए अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया। अधिकारों के बारे जानकारी देने के साथ ही उनके सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्द से बना है। जिसका मतलब दूसरों तुलना में कम संख्या होना है। देश में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध,जैन एवं पारसी हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के विरूद्ध किसी भी प्रकार के भेद-भाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। दानिश सिद्दीकी महासचिव उर्दू तालीमी बोर्ड नें कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतीयों पर ध्यान देने पर जोर दिया। अल्पसंख्यक समाज को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े बिना उनका विकास संभव होगा है। और कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को बहुत सारी योजनाओं का लाभ व अधिकार दिए हैं।

## वादों के निस्तारण में गति प्रदान करें- पंकज कुमार सिंह

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फतेहपुर। जिला न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को तहसील स्थित ग्राम न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। करीब 2 घंटे रहकर उन्होंने ग्राम न्यायालय की व्यवस्था विचाराधीन वाद की फाइलों को देखा। इस दौरान उन्होंने मुकदमों के निस्तारण को तेज गति प्रदान करने की बात कही। ज्ञात हो बुधवार को दोपहर एक बजे जिला न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह तहसील परिसर में स्थित ग्राम न्यायालय का शीतकालीन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केस डायरी, मिसिल बंद रजिस्टर, गोस्वारा रजिस्टर की बारीकी से जांच की। वहीं न्यायालय के रिकार्ड रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालयों के कर्मियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पत्रावलियों का रख रखाव बेहतर ढंग से किया जाये और नियमित सुनवाई के साथ साथ वादों के निस्तारण में गति प्रदान करें। इस मौके पर ग्राम न्यायालय के न्यायिक अधिकारी ललित कुमार सिंह, एसडीएम राजेश विष्वकर्मा सहित स्थानीय प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

# गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही बोट डूबी, 13 की मौत, 99 बचाए गए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नीलकमल बोट बीच समुद्र में डूब गई। 80 लोगों की क्षमता वाली बोट में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे, जिसमें से 13 लोगों की मौत हो गई है। 99 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। हादसा उरण के पास बुधवार शाम करीब 3:55 बजे हुआ। मुंबई से एलिफेंटा गुफाओं की ओर जाते समय अरब सागर में बुचर द्वीप के पास नौसेना की गश्ती स्पीड बोट ने नाव को टक्कर मार दी। इससे नाव में पानी भर गया और वह डूब गई। वहीं, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 8:25 बजे विधानसभा में जानकारी दी कि शाम 7:30 बजे तक 101 लोगों का रेस्क्यू किया गया है, जबकि 13 लोगों की मौत हुई है। इनमें 10 आम लोग जबकि 3 नेवी के कर्मचारी हैं। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू किए गए लोगों को छह अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दो लोगों की हालत गंभीर है। राज्य सरकार सभी मृतकों के परिजन को 5 लाख रुपए की सहायता राशि देगी। पुलिस और नेवी मिलकर हादसे की जांच करेगी।

### नौसेना की 11 बोट, 4 हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू हुआ

जानकारी के मुताबिक, नौसेना, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, तटरक्षक बल, यलोगेट पुलिस स्टेशन 3 और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मदद से राहत और बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में नौसेना की 11 बोट, मरीन पुलिस की 3 बोट और कोस्ट गार्ड की 1 बोट लगी। 4 हेलीकॉप्टर भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे। यात्रियों को गेटवे ऑफ इंडिया वापस लाया गया। जहां से उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### सीएम फडणवीस ने लिया मामले का संज्ञान

हादसे के बाद मामले में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जानकारी देते हुए बताया कि नौसेना की एक नाव दोपहर करीब 3.55 बजे नीलकमल नामक यात्री जहाज से टकरा गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई वहीं 101 लोगों को बचा लिया गया है।

### नाव में सवार थे करीब 110 लोग

जानकारी के अनुसार नौका में लगभग 110 लोग सवार थे, हालांकि सटीक संख्या की पुष्टि नहीं हो पाई है। यह नौका मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एलीफेंटा द्वीप की ओर जा रही थी, जब करीब शाम 4 बजे एक छोटी नाव उससे टकरा गई और इसके बाद नौका पलट गई। घटना के तुरंत बाद जारी वीडियो में बचाव अभियान चलता हुआ दिखाया गया।

### रक्षा अधिकारी ने दी जानकारी

वहीं रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि नौसेना और तटरक्षक बल ने बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया है। नौसेना की 11 नावें और मरीन पुलिस की तीन नावें और तटरक्षक बल की एक नाव को इलाके में तैनात किया गया है।

### बचाव अभियान में शामिल है चार हेलीकॉप्टर

रक्षा अधिकारी ने आगे बताया कि अन्य एक दर्जन से ज्यादा यात्रियों की खोज और बचाव अभियान में चार हेलीकॉप्टर शामिल है, वहीं इसमें स्थानीय पुलिस, बंदरगाह प्राधिकरण और इलाके के मछुआरे भी बचाव कार्य में शामिल हैं।

# बढ़ते प्रदूषण ने बीमारी और अभिभावकों दोनों की चिंताओं को बढ़ाया

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



एक बार फिर दिल्ली एनसीआर का वातावरण दूषित होने लगा है। प्रदूषण का स्तर 400 का अकड़ा पार होने के बाद ग्रेप 4 के नियम लागू हो गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नर्सरी से लेकर पांचवी तक की कक्षाए ऑन लाइन करने का निर्देश जारी कर दिया है। क्षेत्र में निर्माण कार्य की सारी गतिविधियों पर रोक लग गई है। लेकिन निर्माण की बढ़ती गति और प्रशासनिक उदासीनता के कारण अंदरखाने बदस्तूर निर्माण कार्य जोरों पर है। पिछले तीन दिनों से दिल्ली एनसीआर का वातावरण बहुत खराब हो गया है। सर्दी जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बेतहाशा बढ़ गई है । एक तरफ बढ़ते ठंड का प्रकोप तो दूसरी तरफ प्रदूषित वातावरण नागरिकों के स्वास्थ्य को काफी प्रभावित कर रहा है। इस मौसम मे सबसे ज्यादा परेशान वृद्ध और बच्चे हो रहे हैं।जबकि सांस की बीमारी के मरीजों के लिए गंभीर समस्या यह प्रदूषण बन रहा है। बढ़ते प्रदूषण की मार के कारण भले जिले का शिक्षा महकमा प्राथमिक स्तर पर नर्सरी से लेकर पांचवी तक की पढ़ाई ऑनलाइन मोड पर करने का निर्देश जारी कर दिया हो लेकिन बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए अन्य बच्चों की भी पढ़ाई ऑनलाइन करने की बात शुरू हो गई है । लेकिन परीक्षा की घड़ी और छुट्टियों की सीमित संख्या के कारण स्कूल प्रबंधन भी विवश है।

### जल छिड़काव की माँग बढ़ी

गहराते प्रदूषण के कारण अब जनता ने जिला प्रशासन और नगर निगम सहित प्रदूषण विभाग से जल्द से जल्द इसके लिए जल छिड़काव शुरू करने और व्यापक रूप से करने की मांग शुरू कर दिया है। तमाम आरडब्ल्यूए सोसायटी और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों ने सभी संबंधित अधिकारियों को पत्रक देकर जल छिड़काव की व्यवस्था लगातार करने की मांग किया है।

# बिना निस्तारण जनता की समस्याओं का हो रहा निपटारा

- नगर निगम गाजियाबाद के जल कल विभाग की खुली पोल

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



नगर निगम गाजियाबाद के ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार की सिरमौर महापौर सुनीता दयाल और योगी सरकार के चहते अधिकारियों के शुमार नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश के बाद भी उनके मातहत जनता की शिकायत को कागजों पर निबटा दे रहे है। जनता और शिकायतकर्ता विभाग के कारगुज़ारी को उनके उच्चाधिकारी से लेकर अब शासन तक में शिकायत करने पर मजबूर है। इसके बाद भी कोई सुनवाई अथवा कार्यवाही का भय नहीं है।

जन समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए नगर आयुक्त द्वारा ऐप का प्रयोग आरंभ कराया , जिसका शुरुवाती प्रयोग सफल होता दिखा । चूंकि निस्तारण की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्राधिकारी थी और उसका पोर्टल पर जवाब भी कार्यवाही करके में फोटो अपलोड कर निस्तारण आख्या अंकित करना था । लेकिन निगम के कर्मचारियों और विभाग की कार्यवाही की शिकायत जब बढ़ने लगी तो अधिकारी और उनके अधीनस्थ शिकायतों का निस्तारण किए बिना ही पोर्टल पर निस्तारण दिखाकर अपनी खानापूर्ति शुरू कर दिया। जिसके कारण शिकायत पोर्टल पर शिकायत कम दर्ज होने लगी है या लोग कतराने लगे हैं। जिसके कारण ट्रिपल इंजन की सरकार और भाजपा के नेताओं के विरुद्ध लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है।

इस पीड़ा से ग्रसित वसुंधरा सेक्टर 15 की शिखर एन्क्लेव सोसाइटी निवासी संदीप कुमार गुप्ता खुद इसके शिकार हो गए है । उनकी माने तो नगर निगम द्वारा सप्लाई किया जा रहा स्वच्छ जल का का टीडीएस 489 हैं। उनके द्वारा पहले भी नगर निगम को कई बार जल आपूर्तित जल की जाँच करने के लिए लिखा है ,लेकिन नगर निगम द्वारा टाल मटोल कर पोर्टल पर आख्या बिना पानी की जाँच किये लगाकर शिकायत को बंद कर दिया जा रहा है । संबंधित जल कल विभाग के अधिकारी द्वारा तो पोर्टल पर लगायी गई स्वच्छ जल की फ़ोटो भी शिखर एन्क्लेव की नहीं लगाकर अन्यत्र किसी और स्थान का लगाकर उनकी शिकायत को बंद कर दिया है ।

शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत निगम और उच्चाधिकारियों से सहित मुख्यमंत्री कार्यालय में किया है। अब देखना है कि नगर निगम गाजियाबाद प्रशासन कितना सक्रिय होता है।

# मुंबई में सीबीआई का एक्शन, कथित भ्रष्टाचार मामले में दो आईआरएस अधिकारी समेत सात लोगों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**




मुंबई में बुधवार को सीबीआई के भ्रष्टाचार मामले में एक्शन देखेने को मिला। जहां मुंबई के सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन (एसईईपीजेड) में तैनात भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के दो अधिकारियों समेत सात लोगों को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई मंगलवार को शुरू हुई थी, जिसमें आईआरएस के संयुक्त विकास आयुक्त सीपीएस चौहान और उप विकास आयुक्त प्रसाद वरवंतकर के साथ-साथ दो सहायक विकास आयुक्तों और तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। बता दें कि गिरफ्तार लोगों पर आरोप है कि इन्होंने बिचौलियों के समूह से अवैध रूप से पैसे लिए थे।

### सीबीआई ने जब्त की करोड़ो की संपत्ति

सीबीआई ने चौहान के पास से 25 संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत 40 करोड़ रुपये बताई जा रही है। साथ ही, सीबीआई ने सात संदिग्धों के घरों की तलाशी ली। इसमें करीब 50 लाख रुपये बरामद हुए। इसमें से 40 लाख रुपये सहायक विकास आयुक्त रेखा नायर के घर से मिले। हालांकि अभी तक गिरफ्तार किए गए लोगों के जानने वालों से किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

# प्यार में धोखा खाकर युवती ने की थी आत्महत्या

- लव जिहाद के मामले में सनसनीखेज खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



गाजियाबाद थाना कोतवाली के अंतर्गत 11 दिसंबर को आग लगाकर अपनी जीवनलीला खत्म करने वाली युवती के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। परिवार द्वारा नामजद मुकदमा दर्ज कराया था । जिसमें जांच के बाद होश उड़ा देने वाले वारदात सामने आई है। आरोपी फ़राज़ अथर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिसिया जांच में यह कहानी पूरी फिल्मी निकली है। युवती के आत्महत्या पीछे खतरनाक साजि़श सामने आई है। आरोपी फ़राज़ युवती के सम्पर्क में चार पांच साल से था । लड़की के परिवार की मजबूत स्थिति को देखते हुए आरोपी द्वारा उसको प्रेमजाल में फंसा कर आर्थिक, दैहिक और मानसिक शोषण किया गया । इतना ही नहीं प्यार के सब्जबाग दिखाकर युवती को मुस्लिम धर्म तक परिवर्तन कराने हेतु मजबूर कर दिया । जिसके लिए उसको मुस्लिम धर्मग्रंथ भी दिए । फ़राज़ द्वारा युवती से शादी करने के वादे के नाम पर लगभग 6 लाख 55 हजार रुपए काम बताकर लिए । इतना ही नहीं आरोपी द्वारा युवती को नशीली वस्तुओं का सेवन सिखाकर नशे की लत लगवा दिया । इस दौरान युवती गर्भवती भी हुई लेकिन उसका गर्भपात आरोपी द्वारा कराया गया ।

इसके कुछ दिन बात युवती द्वारा शादी का दबाव बनाने पर एक होटल में परिवार के साथ शादी की बातचीत किया गया । उसके बदले उससे फिर पैसों की डिमांड किया गया ।

### लब जिहाद और बदनीयती से युवती ने गंवाई जान

धनाढ्य परिवार और करोड़ों की संपत्ति की वारिस जानकार आरोपी फ़राज़ युवती को प्रेमजाल में उलझाकर रखा । युवती का दैहिक, मानसिक एवं आर्थिक शोषण करता रहा । इसी क्रम में विवाह की बात होटल में कराने की बात तय हुई लेकिन शादी की बात के बातों तक ही थी । जबकि आरोपी की नज़र युवती के पैसों और संपत्ति पर थी ।जिसके लिए उसने अपने हिस्से की संपत्ति उसके नाम करने की शर्त रख दिया । जिसके बाद युवती लगातार परेशान रहने लगी और अंततः 11 दिसंबर को लगातार फ़राज़ को 120 कॉल किया । लेकिन आरोपी जवाब नहीं दिया । उसके बाद युवती द्वारा वॉयस मैसेज भी व्हाट्सएप पर भेजा लेकिन बेरुखी और मानसिक ,आर्थिक और शारीरिक शोषण की शिकार युवती ने खुद को आग लगाकर जान दे दिया ।

# बीएस 3 पेट्रोल, बीएस 4 डीजल कारों पर प्रतिबंध के बीच जांच हुई तेज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल कारों पर शहर की सीमा में प्रतिबंध लगने के बाद वाहनों की जांच तेज कर दी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) स्टेज 4 के तहत उपायों को लागू करने के साथ प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी के कारण सोमवार, 16 दिसंबर से वाहनों पर प्रतिबंध लागू किया गया है। मंगलवार से, दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के आसपास की सीमाओं पर सख्ती बढ़ा दी है और प्रतिबंधित वाहनों को रोकने के लिए कई जगहों पर चेक पोस्ट स्थापित किए हैं।

### दो महीने के भीतर दूसरी बार प्रतिबंध

दिल्ली में दो महीने के भीतर यह दूसरी बार है जब वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। 15 नवंबर को दिल्ली में इसी तरह का प्रतिबंध लगाया गया था, जब प्रदूषण का स्तर गंभीर और उससे ऊपर की श्रेणी में पहुंच गया था। ग्रैप मानदंडों के तहत, स्टेज 3 के उपायों के लागू होने के बाद दिल्ली-एनसीआर में बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल वाहनों का चलना प्रतिबंधित है। हालांकि, विकलांग यात्रियों के लिए प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। इस चरण के दौरान सभी गैर-आवश्यक बीएस 4 डीजल से चलने वाले वाणिज्यिक वाहनों को भी राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर चलने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई थी फटकार

दिल्ली पुलिस को पहले सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर में वाहन प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू न करने के लिए फटकार लगाई थी। क्योंकि उसने दिल्ली के चारों ओर सभी सीमा प्रवेश-निकास बिंदुओं की निगरानी नहीं की थी। इस बार, पुलिस ने प्रतिबंधित वाहनों को राष्ट्रीय राजधानी से बाहर रखने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। वाहनों की जांच के अलावा, दिल्ली पुलिस ट्रैफिक फ्लो (यातायात प्रवाह) को प्रबंधित करने के लिए पड़ोसी राज्यों हरियाणा और उत्तर प्रदेश की पुलिस के साथ भी समन्वय कर रही है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने प्रतिबंधित वाहनों की आवाजाही को रोकने के लिए पड़ोसी राज्यों के पुलिस कर्मियों के साथ सीमाओं पर संयुक्त चौकियां स्थापित की हैं। दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाहनों की आयु और उत्सर्जन मानकों को वेरिफाई करने के लिए पुलिस द्वारा दस्तावेजों की जांच की जा रही है। हर जिले में 10 पुलिस चौकियां स्थापित की जाएंगी। पुराने वाहनों को चलने से रोकने के लिए जांच भी तेज कर दी गई है। पुलिस ने दिल्ली आने वाले वाहनों को ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे की ओर मोड़ने का भी फैसला किया है, अगर उनका गंतव्य राष्ट्रीय राजधानी नहीं है।




### पीयूसीसी रखना जरूरी

जो लोग अपनी कार लेकर बाहर जा सकते हैं, उनके लिए वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) साथ रखना जरूरी है। दिल्ली पुलिस वैध पीयूसीसी के बिना चलने वाले वाहनों की निगरानी करने और कार्रवाई करने के लिए अपना अभियान फिर से शुरू करेगी। वैध पीयूसीसी के बिना पाए जाने वालों पर 10,000 रुपये का ट्रैफिक चालान लगाया जाएगा।

# केजरीवाल का बुजुर्गों को तोहफा, दिल्ली के सभी वरिष्ठ नागरिकों का होगा मुफ्त इलाज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली के बुजुर्गों के लिए बड़ी खबर है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बड़ा एलान किया है। दिल्ली के बुजुर्गों के लिए उनकी सरकार संजीवनी योजना लेकर आई है। संजीवनी योजना के अंतर्गत 60 साल से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों का मुफ्त इलाज होगा। इस स्कीम की सबसे खास बात यह है कि बुजुर्ग किसी भी सामाजिक वर्ग से आते हों, फिर चाहे वो अमीर हों या गरीब, सबका मुफ्त इलाज होगा। इस स्कीम में एपीएल या बीपीएल की कोई लिमिट नहीं होगी। हालांकि, अभी इस योजना की घोषणा की गई है। इसे अभी लॉन्च नहीं किया गया है। अरविंद केजरीवाल के मुताबिक विधानसभा चुनावों के बाद दिल्ली में अगर उनकी सरकार बनती है तो संजीवनी योजना को पास किया जाएगा। संजीवनी योजना के अंतर्गत 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग नागरिक, चाहे वे निजी अस्पताल में इलाज करवाएं या फिर सरकारी, सारा खर्चा संजीवनी योजना के अंतर्गत सरकार देगी। इस योजना के अंतर्गत खर्च की कोई सीमा तय नहीं की गई है। जितना भी खर्च इलाज के दौरान आएगा, वह सरकार वहन करेगी। हाल ही में केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 साल से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करने का फैसला लिया था। हालांकि, इस स्कीम को दिल्ली में लागू नहीं किया गया था। ऐसे में इसको लेकर लगातार दिल्ली सरकार से सवाल-जवाब किया जा रहा था। वहीं, संजीवनी योजना के ऐलान के बाद इसे आयुष्मान भारत योजना की काट के तौर पर देखा जा रहा है। इससे पहले दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना को लॉन्च किया है।

# अमित शाह का खरगे के आरोपों पर पलटवार, कहा, कांग्रेस खुद संविधान, आंबेडकर विरोधी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. बीआर आंबेडकर को लेकर दिए बयान पर सियासत गरमा गई है। विपक्ष लगातार शाह से इस्तीफा मांग रहा है। अब गृह मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दोनों सदनों में संविधान की गौरव गाथा पर चर्चा होनी थी। संसद में जब चर्चा होती है तो एक बात कॉमन होती है कि तथ्यों पर बात होनी चाहिए। मगर कांग्रेस कल से तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। यह निंदनीय है।

### बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए

उन्होंने शुरुआत में कहा, विगत सप्ताह में संसद में लोकसभा और राज्यसभा में संविधान को स्वीकार किए हुए 75 साल के मौके पर संविधान की रचना, संविधान निर्माताओं के योगदान और संविधान में प्रस्थापित किए गए आदर्शों पर एक गौरवमयी चर्चा का आयोजन हुआ। इस चर्चा में 75 साल की देश की गौरव यात्रा, विकास यात्रा और उपलब्धियों की भी चर्चा होनी थी। ये तो स्वाभाविक है कि जब लोकसभा और राज्यसभा में पक्ष-विपक्ष होते हैं, तो हर मुद्दे पर लोगों का, दलों का और वक्ताओं का नजरिया अलग-अलग होता है। मगर संसद जैसे देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक फोरम में जब चर्चा होती है, तब इसमें एक बात कॉमन होती है कि बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए।

### तोड़-मरोड़ कर रखने का प्रयास

उन्होंने कहा, कल से कांग्रेस ने जिस प्रकार तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर रखने का प्रयास किया है वो निंदनीय है। मैं इसकी निंदा करना चाहता हूं। ये इसलिए हुआ क्योंकि भाजपा के वक्ताओं ने संविधान पर, संविधान की रचना के मूल्यों पर और जब-जब कांग्रेस या भाजपा का शासन रहा, तब शासन ने संविधान के मूल्यों का किस तरह से मूल्यांकन, संरक्षण और संवर्धन किया, इस पर तथ्यों और अनेक उदाहरण के साथ भाजपा के वक्ताओं ने विषय रखे।



### कांग्रेस आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी पार्टी

उन्होंने कहा, इससे तय हो गया कि कांग्रेस आंबेडकर जी की विरोधी पार्टी है, कांग्रेस आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने सावरकर जी का भी अपमान किया, कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान के सारे मूल्यों की धज्जियां उड़ा दी, नारी सम्मान को भी वर्षों तक दरकिनार किया, न्यायपालिका का हमेशा अपमान किया, सेना के शहीदों का अपमान किया और भारत की भूमि तक को संविधान तोड़कर दूसरे देशों को देने की हिमाकत कांग्रेस के शासन में हुई।

### जहां-जहां विपक्ष की सरकारें आती गईं, स्मारक बनते गए...

उन्होंने कहा, एक सर्वदलीय मंत्रिमंडल पहली देश की कैबिनेट बनी जिसमें बाबा साहेब आंबेडकर भी सदस्य थे, नेहरू जी प्रधानमंत्री थे। नेहरू जी की किताब सेलेक्टेड वर्क्स ऑफ जवाहरलाल नेहरू में एक और उल्लेख आता है। नेहरू जी के आश्वासन के बावजूद भीम राव आंबेडकर को कोई महत्वपूर्ण विभाग नहीं दिया गया... एक ओर कांग्रेस पार्टी है। जब तक कांग्रेस सत्ता में रही बाबा साहेब आंबेडकर का कोई स्मारक नहीं बना। जहां-जहां विपक्ष की सरकारें आती गईं, स्मारक बनते गए। भाजपा की सरकारों ने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बाबा साहेब के जीवन से संबंधित पंचतीर्थ का विकास किया, मध्य प्रदेश में महू, लंदन में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर स्मारक, नागपुर में दीक्षाभूमि, दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारक और महाराष्ट्र के मुंबई में चैत्रभूमि का विकास करने का काम भाजपा की सरकारों ने किया। 19 नवंबर 2015 को पीएम मोदी ने आंबेडकर जी के सम्मान में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया।

### मेरे बयान को एआई का उपयोग करके संपादित किया गया

उन्होंने आगे कहा, राज्यसभा में मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। इससे पहले उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी जी के बयानों को एडिट करके सार्वजनिक किया था। जब चुनाव चल रहे थे तो मेरे बयान को एआई का उपयोग करके संपादित किया गया था। और आज वे मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। मैं मीडिया से भी अनुरोध करना चाहता हूं कि वह मेरा पूरा बयान जनता के सामने रखें। मैं उस पार्टी से हूं जो अंबेडकर जी का कभी अपमान नहीं कर सकती। पहले जनसंघ और फिर भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा अंबेडकर जी के सिद्धांतों पर चलने का प्रयास किया है। जब भी भारतीय जनता पार्टी सत्ता में रही, हमने अंबेडकर जी के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार किया है। भारतीय जनता पार्टी ने आरक्षण को मजबूत करने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी से भी ये कहना चाहता हूं कि आपको कांग्रेस के इस कुत्सित प्रयास का समर्थन नहीं करना चाहिए था। मुझे बहुत दुख है कि राहुल गांधी के दबाव में आप भी इसमें शामिल हो गए हैं।

### आंबेडकर के प्रति नेहरू की नफरत जगजाहिर

अमित शाह ने कहा, जब संसद में चर्चा चल रही थी, तो यह साबित हो गया कि कांग्रेस ने किस तरह बाबा साहेब आंबेडकर का विरोध किया। किस तरह कांग्रेस ने बाबा साहेब की मृत्यु के बाद भी उनका मजाक उड़ाने की कोशिश की... जहां तक भारत रत्न देने की बात है, कांग्रेस के नेताओं ने कई बार खुद को भारत रत्न दिया है। नेहरू जी ने 1955 में खुद को भारत रत्न दिया, इंदिरा गांधी ने 1971 में खुद को भारत रत्न दिया और बाबा साहेब को 1990 में भारत रत्न मिला, जब कांग्रेस पार्टी सत्ता में नहीं थी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थित सरकार थी... आंबेडकर के प्रति नेहरू की नफरत जगजाहिर है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)